ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

मूल्य 2 रु.

करवा चौथ की शुभकामनाएं

## एक नजर

### आज और कल दो घंटे विलंब से रवाना होंगी ट्रेनें

**रांची।** दक्षिण-पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल में विकास कार्य को लेकर रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा। इसके कारण रांची रेलमंडल की कई ट्रेनें शुक्रवार और शनिवार प्रभावित रहेंगी। इसमें वर्दमान-हटिया-वर्दमान मेमू एक्सप्रेस 10 अक्तूबर को गोमो-हटिया-गोमो के बीच रद्द रहेगी। हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 11 अक्तूबर को अपने निर्धारित समय से दो घंटे विलंब से रवाना होगी। जबकि, खड़गपुर-हटिया एक्सप्रेस भी 12 अकतूबर को दो घंटे विलंब से खड़गपुर से प्रस्थान करेगी।

### चतरा में शुरू हुआ 60 दिवसीय 'टोबैको फ्री यूथ कैंपेन'

**चतरा।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 60 दिवसीय 'टोबैको फ्री यूथ कैंपेनिंग 3.0' अभियान का शुभारंभ गुरुवार को उपायुक्त कीर्तिश्री ने समाहरणालय सभा कक्ष में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर समाहरणालय परिसर से हस्ताक्षर अभियान एवं प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने शपथ ली कि वे स्वयं तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे, अपने कार्यालयों को तंबाकू मुक्त रखेंगे तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। उपायुक्त कीर्तिश्री ने कहा कि तंबाकू से होने वाले घातक प्रभावों से समाज को बचाने के लिए यह अभियान जन आंदोलन के रूप में रूपांतरित होना चाहिए।

### हेमंत सोरेन ने जेसोवा दिवाली मेला का किया उद्घाटन

# समाज सेवा ही जेसोवा की पहचान : सीएम

- जेसोवा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कर रही बेहतर कार्य

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज मोरहाबादी मैदान, रांची में आयोजित 5 दिवसीय झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) दिवाली मेला-2025 का विधिवत् उद्घाटन किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) अपने शुरुआती दौर से ही जनहित कार्यों के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि यह संस्था एक लम्बी यात्रा तय करते हुए आज अपना रजत जयंती मना रही है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी इस संस्था के द्वारा रांची के इस ऐतिहासिक मोरहाबादी मैदान में बड़ी उत्साह और उमंग के साथ 5 दिवसीय जेसोवा दिवाली मेला-2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है।





**जेसोवा शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कर रही बेहतर कार्य**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जेसोवा मेला के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यही है कि इस मेले से होने वाली पूरी आमदनी गरीब, जरूरतमंदों के कल्याणार्थ एवं अन्य सामाजिक उत्थान जैसे कार्यों एवं गतिविधियों में लगाई जाए। यह संस्थान शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। आज भी यहां जेसोवा द्वारा बेहतर सामाजिक कार्य करने वाले लोगों के बीच सम्मान राशि का वितरण तथा पुस्तकालय का उद्घाटन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो कई संस्थाओं द्वारा फेस्टिवल के समय अलग-अलग मेले आयोजित किए जाते हैं। सभी संस्थाओं का मेला आयोजित करने का अपना-अपना उद्देश्य होता है लेकिन जेसोवा शुरुआती दिनों से ही गरीब जरूरतमंदों के हित के लिए कार्य करती आ रही है जो सराहनीय है।

**मुख्यमंत्री ने बेहतर सामाजिक प्रयास के लिए दी शुभकामनाएं**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि मुख्य रूप से जेसोवा को झारखंड आईएएस ऑफिसर्स की अर्धांगिनियों द्वारा संचालित किया जाता है। मैं अपनी ओर से आप सभी जेसोवा मेम्बर्स सहित संस्थान के सभी पदाधिकारियों को बेहतर प्रयास के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आप सभी इस संस्थान के माध्यम से समाज के उत्थान हेतु सराहनीय कार्य कर रहे हैं, आप सभी की मेहनत और सेवा का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचता रहे इसी आशा और उम्मीद के साथ जेसोवा मेला-2025 के सफल आयोजन के लिए मैं अपनी ओर से आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं।

**अतिथियों ने मेले का किया परिभ्रमण**

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने मेले का परिभ्रमण किया। विधायक कल्पना सोरेन ने जेसोवा के सभी सदस्यों को अपनी ओर से दिवाली मेले की सफलता हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विभिन्न विभागों के सचिव, वरीय अधिकारियों सहित झारखंड आईएएस ऑफिसर्स वाइव्स एसोसिएशन (जेसोवा) की अध्यक्ष प्रीति कुमार, उपाध्यक्ष अनीता सिन्हा, सचिव मनु झा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी के खिलाफ समन जारी करने का आदेश हाईकोर्ट ने किया रद्द

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी से जुड़े मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को तात्कालिक तौर पर कानूनी राहत मिली है। झारखंड हाईकोर्ट ने चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ संज्ञान लेने और समन जारी करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की पीठ ने गुरुवार को यह आदेश पारित करते हुए मामले को पुनर्विचार के लिए निचली अदालत को वापस भेज दिया।

पीठ ने कहा कि सीनियर मजिस्ट्रेट ने संज्ञान लेने का आदेश सत्र न्यायालय के आदेश से प्रभावित होकर पारित किया था। मामला वर्ष 2018 के कांग्रेस अधिवेशन में राहुल गांधी के उस बयान से जुड़ा है, जिसमें उन्होंने भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह को "हत्यारा" कहकर संबोधित किया था। इस बयान के बाद चाईबासा निवासी भाजपा नेता प्रताप कटियार ने राहुल गांधी के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि राहुल गांधी ने कहा था, "कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता। कांग्रेसजन किसी हत्यारे को अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते, यह सिर्फ भाजपा में संभव है। इस मामले में अप्रैल 2022 में अदालत ने जमानती वारंट और फरवरी 2024 में गैर-जमानती वारंट जारी किया था। राहुल गांधी ने पेशी से छूट के लिए सीआरपीसी की धारा 205 के तहत आवेदन दिया था, जिसे चाईबासा कोर्ट ने खारिज कर दिया था। इसके खिलाफ राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट ने उन्हें कुछ समय तक राहत दी थी और इसके बाद यह याचिका मार्च 2024 में निस्तारित कर दी गई थी। बाद में चाईबासा कोर्ट ने 22 मई 2025 को दोबारा गैर-जमानती वारंट जारी किया। इसके बाद राहुल गांधी ने 6 अगस्त 2025 को कोर्ट में व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज कराई, जहां उन्हें सशर्त जमानत दी गई थी। इस बीच उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में चाईबासा एमपी-एमएलए कोर्ट के संज्ञान लेने और समन जारी करने को एक बार फिर चुनौती दी, जिसपर गुरुवार को उन्हें राहत मिली है।

## बालू घाटों के आवंटन पर से रोक हटाने का हाईकोर्ट ने किया इनकार

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में बालू घाटों और लघु खनन क्षेत्रों के आवंटन पर लगाई गई रोक हटाने का राज्य सरकार का आग्रह अस्वीकार कर दिया है। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की बेंच ने गुरुवार को इस संबंध में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए एक बार फिर स्पष्ट किया कि राज्य सरकार जब तक पेसा (पंचायत एक्सटेंशन टू शेड्यूल्ड एरिया एक्ट), 1996 को अधिसूचित नहीं करती, तब तक कोर्ट इसकी अनुमति नहीं देगा।

राज्य सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि नियमावली लागू करने के लिए जो ड्राफ्ट तैयार किया था, उस पर 17 विभागों से मंतव्य मांगा गया था। इनमें से पांच विभागों का मंतव्य अब तक नहीं मिल पाया है। सभी विभागों का मंतव्य मिलने के बाद इसे कैबिनेट में भेजा जाएगा। फिर कैबिनेट की मंजूरी के बाद पेसा नियमावली लागू कर दी जाएगी।

महाधिवक्ता ने इसके लिए कोर्ट से समय देने का आग्रह किया। इस पर पीठ ने बालू घाटों और लघु खनन क्षेत्रों के आवंटन पर रोक के अपने अंतरिम आदेश को बरकरार रखते हुए सुनवाई की अगली तारीख 30 अक्टूबर निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश पर पंचायती राज विभाग के प्रधान सचिव मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। 9 सितंबर को इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने आदिवासी बुद्धिजीवी मंच की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य में पेसा कानून लागू होने तक बालू घाट सहित सभी प्रकार के लघु खनिजों के लीज आवंटन पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने टिप्पणी की थी कि राज्य सरकार 73वें संविधान संशोधन की मंशा को कमजोर कर रही है। अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों में भूमि और प्राकृतिक संसाधनों पर अधिकार स्थानीय निकायों को मिलने चाहिए, **शेष पेज 11 पर...**

### रंका अंचल क्षेत्र में रातभर धड़ल्ले से हो रही अवैध बालू तस्करी

# कनहर व हाथू नदी से हर रात गुजरते हैं बालू लदे ट्रैक्टर, प्रशासन की चुप्पी बरकरार

नवीन मेल संवाददाता





**रंका।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित रंका थाना मोड़ के पास से प्रतिदिन रात में दर्जनों ट्रैक्टरों द्वारा अवैध बालू ढोने का धंधा खुलेआम चल रहा है। यह कहना गलत नहीं होगा कि रंका थाना - अंचल के नाक के नीचे से हर रात बालू तस्करी हो रही है और प्रशासन बेखबर बनी हुई है। शाम चार बजे के बाद कनहर और हाथू नदी की ओर बालू लदे ट्रैक्टरों की कतार लग जाती है, जो पूरी रात ढुलाई का काम करते हैं। इस दौरान रंका थाना मोड़ से लेकर बालू घाट तक कहीं भी पुलिस की तैनाती नजर नहीं आती। थाना मोड़ से गुजरने वाले ट्रैक्टरों को कोई रोकने की कोशिश नहीं करता।

अवैध बालू ढोने वालों के हौसले इतने बुलंद हैं कि पूरे रंका शहर में रातभर इन ट्रैक्टरों के शोर से सन्नाटा टूटता रहता है, पर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के कानों तक यह आवाज नहीं पहुंचती। बताया जाता है कि यह ट्रैक्टर थाना परिसर और प्रखंड सह **शेष पेज 11 पर...**

> एनजीटी के आदेशानुसार बालू उठाव पर फिलहाल रोक है। यदि अवैध बालू ढुलाई की बात सही है, तो तत्काल कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **- दिनेश यादव, गढ़वा उपायुक्त**

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

**आज / कल**




### भारत-ब्रिटेन के पीएम के बीच समझौता

## ब्रिटेन भारत को हल्की मल्टीरोल मिसाइल देने को तैयार

- यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को समर्थन देगा

**मुंबई (आईएएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मुंबई में ब्रिटेन के अपने समकक्ष कीर स्टार्मर के साथ द्विपक्षीय बैठक की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की यह पहली भारत यात्रा है। इस मुलाकात के दौरान भारत और ब्रिटेन के बीच विभिन्न क्षेत्रों में कई महत्वपूर्ण समझौते हुए। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन सेक्टर में चार प्रमुख समझौते हुए हैं, जिनमें भारत-यूके कनेक्टिविटी और इनोवेशन सेंटर की स्थापना, एआई के लिए भारत-यूके के ज्वाइंट सेंटर की स्थापना, यूके-भारत क्रिटिकल मिनरल्स सप्लाई चेन ऑब्जर्वेटरी के फेज-टू की शुरुआत और आईआईटी (आईएसएम) धनबाद में एक नया सैटेलाइट कैंपस स्थापित करना शामिल है। इसके साथ ही, ग्रीन टेक्नोलॉजी और सप्लाई चेन की मजबूती के लिए क्रिटिकल मिनरल्स इंडस्ट्री गिल्ड की स्थापना के लिए भी समझौता हुआ है। शिक्षा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण समझौतों पर सहमति हुई, जिनमें लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी का बेंगलुरु में कैंपस खोलने के लिए 'लेटर ऑफ इंटेंट' का हस्तांतरण और 'यूनिवर्सिटी ऑफ सरी' का गुजरात की जीआईएफटी सिटी में कैंपस खोलने के लिए मंजूरी शामिल है। ट्रेड और इन्वेस्टमेंट के क्षेत्र में तीन समझौते हुए, जिनमें पुनर्गठित भारत-यूके सीईओ फोरम की उद्घाटन बैठक, भारत-यूके संयुक्त आर्थिक व्यापार समिति (जेईटीसीओ) का पुनर्गठन, जो सीईटीए के कार्यान्वयन में सहायता करेगा और दोनों देशों में आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देगा। क्लाइमेट टेक्नोलॉजी स्टार्टअप फंड में एक ज्वाइंट इन्वेस्टमेंट, जो जलवायु प्रौद्योगिकी और एआई जैसे क्षेत्रों में इनोवेटिव एंटरप्रेन्योर्स को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन सरकार और भारतीय स्टेट बैंक के बीच समझौता ज्ञापन के तहत एक रणनीतिक पहल है। इसके अलावा, क्लाइमेट, हेल्थ और रिसर्च सेक्टर में भी तीन महत्वपूर्ण पहलें हुईं, जिनमें बायो-मेडिकल रिसर्च करियर प्रोग्राम के फेज-थर्ड का शुभारंभ और ऑफशोर विंड टास्कफोर्स की स्थापना शामिल है।



**शेष पेज 11 पर...**

## डायन-बिसाही के अंधविश्वास में तीन की हत्या, गांव में सन्नाटा

- पति-पत्नी और 09 साल के बच्चे की निर्मम हत्या

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** जिले के पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग बरटोली गांव में बुधवार की रात अंधविश्वास का भयावह रूप सामने आया। डायन-बिसाही के शक में गांव के ही कुछ लोगों ने पति, पत्नी और उनके नौ वर्षीय बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत फैल गई है और अधिकांश ग्रामीण अपने घरों को छोड़कर फरार हो गए हैं। मृतकों की पहचान लक्षण नगेसिया (47 वर्ष), उनकी पत्नी बिफनी नगेसिया (45 वर्ष) और पुत्र रामविलास नगेसिया (9 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बीती रात कुछ ग्रामीणों ने कुदाल और कुल्हाड़ी से वार कर तीनों की हत्या कर दी। मृतक की बहू सुखमनिया नगेसिया ने बताया कि गांव के ही लोग लंबे समय से उनके परिवार पर डायन-बिसाही का आरोप लगाकर प्रताड़ित कर रहे थे। इसको लेकर पहले पंचायत भी बैठी थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। गुरुवार रात उन्हीं लोगों ने घर में घुसकर तीनों की हत्या कर दी और परिवार के बाकी सदस्यों को कमरे में बंद कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही किस्को एसडीपीओ वेदांत शंकर मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। उन्होंने बताया, "तीन लोगों की हत्या हुई है—माता, पिता और नौ वर्षीय पुत्र की। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।" एसडीपीओ ने कहा कि, "यह घटना अंधविश्वास का नतीजा है। समाज को ऐसी कुप्रथाओं से मुक्त होकर जागरूक होने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।" **शेष पेज 11 पर...**

## इंडिया

# क्या न्यायाधीशों को सन्यासी की तरह निर्लिप्त रहना चाहिए ?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

भारत में माननीय न्यायालयों को विशेष सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है और सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर उनकी सनातन पर कथित टिप्पणी के विरोध स्वरुप जूता फेंककर 71 वर्षीय अधिवक्ता राकेश किशोर ने सनसनी फैला दी थी, उनकी अस्थायी सदस्यता तत्काल प्रभाव से सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने समाप्त कर दी है और उन्हें सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने से रोक दिया गया है। एक बार सर्वोच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा ने न्यायाधीशों से संयम बरतने का आग्रह करते कहा था कि न्यायपालिका के पक्ष में व्यक्तिगत राय नहीं, बल्कि फैसले बोलने चाहिए। न्यायाधीश ने जोर देकर कहा कि न्यायाधीशों को अपने फैसलों में लिखी बातों से आगे बढ़कर बोलने के प्रलोभन से बचना चाहिए। उनके अनुसार, 'एक न्यायाधीश की अनिवार्य जरूरत कम बोलना, कम लिखना, सटीक लिखना और यथासंभव संक्षिप्त लिखना और सच्चाई को व्यक्त करना है। सन 1997 में सर्वोच्च न्यायालय ने पूर्ण न्यायालय के संदर्भ द्वारा न्यायिक जीवन के मूल्यों के पुनर्कथन नामक एक दस्तावेज को अपनाया। हालांकि, यह संहिता लागू नहीं है। इसका उल्लंघन करने पर किसी न्यायाधीश के विरुद्ध कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जा सकती। फिर भी सर्वोच्च न्यायालय ने इसे न्यायाधीशों की अपेक्षाओं का दृष्टांत बताया है। वास्तव में, विधि आयोग ने अपनी 195वीं रिपोर्ट में सिफारिश की थी कि संहिता के उल्लंघन को दुर्व्यवहार माना जाए। हालांकि, उक्त सिफारिश पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।संहिता के दो प्रासंगिक सिद्धांत यह हैं कि 'एक न्यायाधीश को अपने पद की गरिमा के अनुरूप एक हद तक अलगाव का अभ्यास करना चाहिए और प्रत्येक न्यायाधीश को हर समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह जनता की नजरों में है।' सर्वोच्च न्यायालय के एक अन्य मामले में, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एमआर शाह की खंडपीठ ने कहा है कि 'न्यायाधीश अपने निर्णयों और आदेशों के माध्यम से बोलते हैं। किसी मामले की सुनवाई करते समय किसी न्यायाधीश द्वारा की गई मौखिक टिप्पणियां कभी-कभी न्यायाधीश की अपनी सोच और मान्यताओं की रूपरेखा को उजागर कर सकती हैं। ये टिप्पणियां, खासकर अगर मीडिया द्वारा उठाई जाती हैं, तो कभी-कभी अनजाने में सार्वजनिक आख्यान पैदा कर सकती हैं, जो किसी मामले के वास्तविक कानूनी गुणों को ढक देती हैं।' ऐसी टिप्पणियां कभी-कभी पूरे कानूनी संदर्भ के बिना ही रिपोर्ट की जाती हैं। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने राहुल गांधी की देशभक्ति पर सवाल उठाया, तो यह टिप्पणी तुरंत सार्वजनिक चर्चा में आ गई। अदालत कक्ष के बाहर भी बहस छिड़ गई, जो तय किए गए मुद्दे से कोसों दूर थी। किसी मामले की सुनवाई करते समय किसी न्यायाधीश द्वारा की गई मौखिक टिप्पणियां कभी-कभी उसकी अपनी सोच और मान्यताओं की रूपरेखा को उजागर कर सकती हैं।यह न्यायिक प्राधिकार पर सवाल उठाने की बात नहीं है, जो अपने क्षेत्राधिकार में निरंकुश रहता है। यह न्यायिक दृष्टिकोण के बारे में है। एक न्यायाधीश के शब्दों का कानूनी महत्व और सार्वजनिक प्रभाव दोनों होता है। यहां तक कि एक आकस्मिक टिप्पणी, या एक क्षणिक टिप्पणी भी, यदि व्यापक रूप से रिपोर्ट की जाए, तो वह फुटनोट के बजाय सुर्खी बन सकती है। यह कभी-कभी फैसला सुनाए जाने से पहले ही जनता की धारणा को प्रभावित कर सकती है।सर्वोच्च न्यायालय ने एक आदर्श न्यायाधीश को एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया है, जो एक संन्यासी की तरह रहते और व्यवहार करते हैं, जिनकी कोई इच्छा या आकांक्षा नहीं होती। इस 'एकांत जीवन' के पीछे तर्क यह है कि एक न्यायाधीश को उन लोगों के संपर्क में नहीं आना चाहिए, जिनके अधिकारों और दायित्वों का फैसला वह खुद करते हैं। हालांकि ईकोर्ट के बाद कई अदालती कार्रवाई यूट्यूब सहित सोशल मीडिया पर लाखों की संख्या में देखी जा रही हैं।



## बिहार चुनाव से पहले अवैध शराब माफियाओं पर चला पुलिस का डंडा



- सीमावर्ती जंगलों में पुलिस ने छह भट्ठियों को किया ध्वस्त, भारी मात्रा में जावा महुआ नष्ट, भाग निकले कारोबारी

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चतरा पुलिस ने गुरुवार को हंटरगंज थाना क्षेत्र के बिहार सीमावर्ती जबड़ा और कोसमाही गांव के जंगलों में अवैध शराब माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की। चुनावी माहौल में पुलिस का यह सख्त एक्शन शराब कारोबार से जुड़े नेटवर्क पर गहरा असर डालने वाला साबित हुआ है। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल के निर्देश पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। इस दौरान छह देशी शराब भट्टियों को ध्वस्त कर दिया गया और शराब निर्माण में प्रयुक्त उपकरणों को आग के हवाले कर दिया गया।

**शेष पेज 11 पर...**

### हैदरनगर की निजी अस्पतालों पर चला छापेमारी अभियान

# विंध्याचल हॉस्पिटल को सीओ सह दंडाधिकारी ने किया सील

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस के आदेशानुसार मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह असैनिक शल्य चिकित्सक ने गुरुवार को निजी अस्पतालों पर शिकंजा कसने को लेकर छापेमारी दल का गठन किया। जिसमें हैदरनगर के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार, अंचल अधिकारी सह दंडाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी सहित कई पुलिस जवानों को शामिल किया गया है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि गुरुवार को हाई स्कूल हैदरनगर के समीप विधिवत तामझाम के साथ बोर्ड लगाकर संचालित निजी अस्पताल विंध्याचल हॉस्पिटल में छापेमारी दल ने प्रवेश घंटों छानबीन की। साथ निजी अस्पताल संचालन से संबंधित कई आवश्यक दस्तावेज संचालक ने प्रस्तुत नहीं किया। साथ ही इस अस्पताल में हुसैनाबाद थाना के अलारपुर गांव निवासी एक महिला मरीज को भर्ती पाया गया है। जो बड़ा ऑपरेशन से दो जुड़वां बच्चों को जन्म दी है। जांच में यह भी पाया गया कि बतौर फर्जी चिकित्सक द्वारा इस अस्पताल को संचालित किया जा रहा है। चिंता की बात तो यह है कि बगैर डिग्री और सर्जन नहीं रहते इस महिला का बड़ा ऑपरेशन कैसे कर दिया गया। प्रशासन और विभागीय अधिकारी अस्पताल संचालक सह कथित चिकित्सक राजू पासवान से आवश्यक पूछताछ करने में जुटी है। उन्होंने बताया कि एकमात्र भर्ती उक्त जच्चा बच्चा को एम्बुलेंस से बेहतर इलाज के लिए विधिवत सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया गया है। छापेमारी दल ने इस निजी अस्पताल को सील कर दिया है। साथ अस्पताल के मुख्य जर्जर गेट की निगरानी भी अगले आदेश तक करने की चेतावनी उपस्थित कर्मियों को दिया है। इसके बाद मरघटिया रोड में संचालित आस्था हॉस्पिटल में दल ने छापा मारकर के तथ्य और दस्तावेज की जांच पड़ताल में जुटी है।



जांच के बाद नर्सिंग होम को सील करते अधिकारी

## बॉयोमेडिकल कचरा निष्पादन नियमों का भी हो रहा उल्लंघन : डॉ. ज्योतिष कुमार

हैदरनगर। उपायुक्त पलामू के आदेशानुसार और मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देशन पर गुरुवार को हैदरनगर के अवैध और अस्पताल में की गई छापेमारी में कई गड़बड़ी उजागर हुआ है। इसी गड़बड़ी में हैदरनगर तीन अवैध अस्पतालों विंध्याचल हॉस्पिटल, खुशबू हॉस्पिटल और आस्था हॉस्पिटल पर छापेमारी दल ने गाज गिराई है। इन अस्पतालों को विधिवत सील भी कर दिया गया गए। उक्त कार्रवाई दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी हैदरनगर की उपस्थिति में की गई। इस अभियान में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार व थाना प्रभारी हैदरनगर अफजल अंसारी सहित कई पुलिस जवान शामिल हैं। डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि विंध्याचल हॉस्पिटल में जांच के दौरान पाया गया कि अस्पताल में गर्भवती महिलाओं का सिजेरियन ऑपरेशन बिना योग्य स्त्री रोग विशेषज्ञ के किया जा रहा था। साथ ही अस्पताल का इंफ्रास्ट्रक्चर अत्यंत खराब व बॉयोमेडिकल कचरा निष्पादन नियमों का उल्लंघन भी उजागर हुआ। प्रशासन अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया शुरु कर दी है। बताया गया कि बिना आवश्यक अनुमति के अस्पताल संचालन स्वास्थ्य सुरक्षा अधिनियम का उल्लंघन है।



## साफ-सफाई को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक 11 को

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत द्वारा आगामी दीपावली व छठ पूजा के मद्देनजर साफ- सफाई को लेकर कल 11 अक्टूबर को नगर पंचायत कार्यालय में 11:30 बजे से बैठक आहूत की गई हैं। जानकारी देते हुए एसडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि शहर मे साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था करने को लेकर बैठक बुलाई गई है। इसमें निवर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मिडिया और वार्ड पार्षदों को आमंत्रित किया गया है। ताकि शहर की साफ-सफाई को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में जपला-दंगवार मुख्य सड़क पर शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर एक के पुरंदर विगहा के पास बुधवार की देर शाम को एक ऑटो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बताया जाता है कि चलती ऑटो की पहिया का साफ्ट टूट गया था, जिसके बाद दुर्घटना ग्रस्त ही गयी, जिसमें ऑटो पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक की स्थिति को गंभीर देखते हुए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान हुसैनाबाद के बुधुवा गांव निवासी उपेंद्र चौधरी (23 वर्ष), पुनवासी चौधरी (32 वर्ष) और रमेश चौधरी (40 वर्ष) के रूप में हुई है। चिकित्सक के अनुसार इनमें रमेश चौधरी की स्थिति गंभीर बताई जाती हैं। उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल से रांची रिम्स रेफर किया गया है।

### ब्राह्मण को गाली देने पर झारखंड महा ब्राह्मण संघ का तीखा विरोध

# कन्हैया खिलाफ कानूनी कार्रवाई व पार्टी से निष्कासन की मांग

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार द्वारा हाल ही में एक टीवी इंटरव्यू में महा ब्राह्मण को नीच ब्राह्मण कहे जाने वाले आपत्तिजनक बयान ने महा ब्राह्मण समाज में गहरा आक्रोश भड़का है। इस बात की सख़्त निंदा करते हुए झारखंड महा ब्राह्मण संघ के प्रदेश मंत्री रामप्रकाश तिवारी ने कहा कि कन्हैया की मती मारी गई है और यह बयान पूरी संस्कृति तथा सनातन परंपरा का तिरस्कार है। कांग्रेस पार्टी यथाशीघ्र अपने पार्टी से कन्हैया कुमार को निष्कासित करे, वरना कांग्रेस पार्टी की राजनीतिक लूटिया देश भर में डूब जाएगी। कन्हैया के ऐसे बयान किसी भी लोकतांत्रिक समाज में स्वीकार्य नहीं हैं और पार्टी को तत्काल ठोस कदम उठाने चाहिए।

तिवारी ने स्पष्ट कहा कि झारखंड महा ब्राह्मण संघ ने इस मामले पर गहन विचार-विमर्श कर लिया है और कन्हैया कुमार के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कराने की बात कही गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह कोई व्यक्तिगत विवाद नहीं, बल्कि समाज को बांटने वाला और जातिगत विद्वेष फैलाने वाला मामला है जिसे वे संजीदगी से कानूनी रास्तों से चुनौती देंगे। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से अपील की कि वह सार्वजनिक रूप से स्पष्ट करे और दोषी पाए जाने पर कन्हैया से सख्ती बरते। माफी आवश्यक है, लेकिन माफी भी तभी स्वीकार्य होगी जब कांग्रेस पार्टी यह प्रमाण दे कि ऐसे अपमानजनक और विभाजनकारी बयानों के खिलाफ पार्टी सख्त कदम उठाएगी।महा ब्राह्मण समाज शांति और न्याय दोनों चाहता है, परन्तु अपने सम्मान की रक्षा के लिए वैधानिक और संगठित कदम उठाने से पीछे नहीं हटेगा।

## छठ पूजा कमेटी के अध्यक्ष बने अमरेंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के दंगवार गांव में छठ पूजा की तैयारी को लेकर समाजसेवी डॉ. अखिलेश प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में धर्मप्रेमियों के साथ बैठक की गई। जिसमें इस पूजा में भव्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में नदी के बढ़े जलस्तर से छठव्रतियों को स्नान एवं अर्घ्य देने में आने वाली परेशानी व खतरा, साफ-सफाई, रोशनी, साज-सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम कराने की रुप-रेखा तैयार की गई है। इस अनुष्ठान को सफल संचालन व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पूजा कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें अध्यक्ष दंगवार पंचायत के वर्तमान मुखिया अमरेंद्र ठाकुर व उपाध्यक्ष हीरा लाल चौधरी को मनोनीत किया गया है। जबकि सचिव संतोष राम, उपसचिव दीपक गुप्ता, महामंत्री मनोज प्रसाद गुप्ता, अखिलेश प्रसाद, कमलेश साह, सुनील सिंह, रंगबहादुर सिंह, संगठन मंत्री वकील सिंह, कोषाध्यक्ष राजेश चौधरी, राकेश चौधरी, रक्षा मंत्री दिलीप चौधरी, सुधीर ठाकुर, विवेक सिंह, प्रफुल रजक, बसंत अलबेला, पंकज चौधरी को बनाया गया। मौके पर पूर्व अध्यक्ष लाल बहादुर सिंह, विवेक गुप्ता, श्रवण पाठक, संजय ठाकुर, श्याम कुमार, बिट्टू सिंह, गोलू चौधरी, दया कुमार, दिनेश सिंह, कुश प्रजापति, प्रतीक शर्मा, रंजन गुप्ता के अलावे कई लोग शामिल थे।



## झारखंड के मोहम्मदगंज की टीम कबड्डी स्पर्धा में उप विजेता बनी

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** खेलो झारखंड की जिला स्तरीय कबड्डी स्पर्धा के बालिका अंडर-14 आयु वर्ग में स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीयकृत पीएम श्री स्तरोन्नत प्लस टू विद्यालय की टीम रनर अप बनी है। टीम ने चैनपुर स्थित राजकीयकृत सहोदय विद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिद्वंद्वी के साथ जमकर मुकाबला किया। मगर प्रतिद्वंद्वी राजकीयकृत उत्क्रमित प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय, हुसैनाबाद के विरूद्ध 11: 29 ही स्कोर कर सकी। बावजूद इसके इस प्रदर्शन के साथ रनर अप का खिताब हासिल होने पर भीविद्यालय परिवार के बीच खुशी और उत्साह का माहौल बन गया है। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार सिंह ने कहा कि इससे इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं को खेल-कूद में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिली है। इसे देख खेल-कूद का अभ्यास जारी रखते हुए प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर परचम लहराने का अवसर प्राप्त हो, ऐसी कोशिश की जाएगी। उन्होंने बताया कि कबड्डी स्पर्धा में इस विद्यालय की बालिका टीम को रनर अप बनाने में कप्तान समीक्षा कुमारी, कोच शारीरिक शिक्षक प्रिय हित कुमार, सोनी व सहायक अध्यापक धनंजय कुमार का मार्गदर्शन कारगर साबित हुआ है। इस प्रतियोगिता के आगामी सत्र में टीम विजेता बनकर इस विद्यालय का नाम रौशन करे, इस दिशा में निरंतर प्रयास है। समस्त विद्यालय परिवार सीमित संसाधन में शैक्षणिक के साथ ही खेल-कूद के क्षेत्र में विकास को लेकर समन्वय और सहयोग की भावना के साथ जुटा हुआ है।

## छापेमारी की भनक लगते ही कथित चिकित्सक फरार

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर के विभिन्न स्थानों पर उपायुक्त पलामू के निर्देश पर गुरुवार को अवैध निजी अस्पतालों पर विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस छापेमारी का नेतृत्व दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने किया। इनके साथ स्थानीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार और अफजल अंसारी के साथ कई पुलिस के जवान शामिल थे। डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि छापेमारी कार्य शुरू होने और इसकी भनक लगते ही एक कथित चिकित्सा डॉ. विवेक कुमार अपने सहयोगियों के साथ अस्पताल छोड़ फरार हो गए। मोहम्मदगंज-हैदरनगर मुख्य पथ पर स्थानीय विदेश सिंह इंटर कॉलेज के समीप खुशबू हॉस्पिटल के नाम से संचालित अस्पताल का संचालक विवेक कुमार ही है। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल में कोई भी कर्मी उपस्थित नहीं रहने आगे की कार्रवाई भी प्रभावित हुई है। इसके अलावे मरघटिया रोड के आस्था हॉस्पिटल, हाई स्कूल के समीप विंध्याचल हॉस्पिटल को सील कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि दूसरे दूर दराज के पंजीकृत चिकित्सकों के नाम पर इन अस्पतालों का संचालन होता रहा है। कोई भी विशेषज्ञ आते नहीं, बल्कि उनके नाम पर फर्जी चिकित्सक ही भोले भाली जनता और मरीजों की चीरफाड़ ही नहीं करते, बल्कि उनका आर्थिक शोषण भी करते है।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़ अजय गुप्ता ने थामा राजद का दामन

नवीन मेल संवाददाता




**ऊंटारी रोड़।** ऊंटारी रोड प्रखंड कार्यालय मैदान में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बैनर तले गुरुवार को मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिला अध्यक्ष धनंजय पासवान ने की, जबकि संचालन विशाल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा छोड़कर अजय कुमार गुप्ता ने सैकड़ों समर्थकों के साथ राजद की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान अजय गुप्ता के साथ पारस कुमार और अजय कुमार रवि सहित कई कार्यकर्ता पार्टी में शामिल हुए। राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने सभी नए सदस्यों को पार्टी की सदस्यता दिलाई और कहा कि राजद सामाजिक न्याय और समानता की विचारधारा पर आधारित पार्टी है, जिसमें हर वर्ग को सम्मान मिलता है। कार्यक्रम में टीएस फोर पलामू जिला अध्यक्ष अशोक प्रसाद साहू, प्रखंड अध्यक्ष सीताराम यादव, प्रेमचंद गुप्ता, राधेश्याम प्रसाद गुप्ता, असगर अली, विकास मेहरा, दिलीप कुमार राम, सुनील शर्मा, सुनील राम समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। मौके पर नेताओं ने कहा कि राजद की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं का एकजुट रहना आवश्यक है, ताकि आने वाले समय में संगठन को और भी सशक्त बनाया जा सके।

## बिजली मिस्त्री से बाइक व मोबाइल की लूट

**उंटारी रोड।** थाना क्षेत्र में बाइक लुटेरों ने बुधवार की देर रात उंटारी प्रखंड कार्यालय से गवरलेटवा जाने वाली पथ पर बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप बिजली मिस्त्री राकेश कुमार का बाइक व मोबाइल लूटकर फरार हो गए। लूट के दौरान लुटेरों ने उसके साथ मारपीट भी की। घटना के बाद राकेश कुमार ने देर रात थाना पहुंच कर इसकी सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष कुमार गिरी उक्त मामले की जांच मे जुट गये हैं। हालांकि अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिली है। जानकारी के अनुसार राकेश बगल के प्रतापपुर से अपने साथ काम करने वाला बिजली मिस्त्री रितेश ठाकुर के यहां से खाना खाकर ग्रिड में ड्यूटी पर जा रहे थे। इसी बीच बाइक पर सवार लुटेरों ने डरा धमकाकर बाइक व मोबाइल लुटकर फरार हो गए।

## बुजुर्गों को नहीं मिल रही है सरकारी लाभ : नंदकिशोर पाठक

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** सरकार के द्वारा बुजुर्गों को सरकारी द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। उक्त बातें समाजसेवी नंदकिशोर पाठक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने चुनाव के दौरान विभिन्न प्रकार की घोषणाएं सरकार के द्वारा किया गया था। किन्तु सभी घोषणाएं पूरी तरह फेल हो गई हैं। केवल मईंयां योजना में सरकार उलझ गई है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का कार्यकाल एक वर्ष से ज्यादा हो गया हैं। परंतु बुजुर्गों का कायाकल्प नहीं हो पाया। जैसे हर घर के बुजुर्ग महिला पुरुष को राशि 1000 से बढ़कर 2500 रूपए देने, हर घर परिवार को अबुआ आवास योजना का लाभ, हर व्यक्ति को राशनकार्ड में 7 किलो राशन वितरण का लाभ देने, हर में बच्चों को एक कक्षा से लेकर पीएचडी तक शिक्षा निःशुल्क शिक्षा में वृद्धि का लाभ देने, विद्यालय के रसोइया महिलाओं को मानदेय को बढाने सहित कई मांगे शामिल है। किन्तु सभी योजनाओं के लाभ से जनता को वंचित हो गये हैं। इस मामले में प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधि भी कोई सुधी लेने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनावी क्षेत्र के मैदान में हेमंत सरकार से बहुत जनता की उम्मीद और पूर्ण विश्वास था किन्तु अब विकास और विश्वास टूटीती नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह से झारखंड प्रदेश में सिलसिला चलता रहा तो झारखंड प्रदेश वासियों को हालत बद से बदतर हो जाएगी।

## मोतियाबिंद के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किए गए सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** झारखंड में चार जिलों में अंधापन निवारण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले स्वयंसेवी संस्थाओं को राज्य अंधापन नियंत्रण समिति और साइट सेवर संस्था के द्वारा सदर अस्पताल रांची के सभागार में गुरुवार को सम्मानित किया गया। विश्व दृष्टि दिवस के उपलक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य अंधापन नियंत्रण पदाधिकारी डॉ पंकज कुमार व अन्य पदाधिकारी ने किया। कार्यक्रम में पलामू जिले में बेहतर कार्य करने वाले स्वयंसेवी संस्था जन विकास ट्रस्ट के सचिव अजीत कुमार को सम्मानित किया गया। निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक अंधापन को दूर भगाने की दिशा में पहल करने वाले स्वयंसेवी संस्था को अवार्ड दिया गया। इसके पूर्व अपने संबोधन में राज अंधापन नियंत्रण पदाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार ने कहा कि मोतियाबिंद सामूहिक प्रयास से ही दूर किया जा सकता है और लोगों को अंधापन से बचाया जा सकता है। सिविल सर्जन रांची डॉक्टर प्रभात ने कहां की प्रत्येक सहिया दीदी, आशा दीदी, आंगनबाड़ी सेविका और गांव में पदस्थापित स्वास्थ्यकर्मी के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं को सहयोग प्रदान करने पर बल दिया जाए। साथ प्रत्येक जिले में जिला प्रशासन, प्रखंड प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग ,शिक्षा विभाग का आपसी समन्वय पर बल दिया। कार्यक्रम में झारखंड के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर दीपक लकड़ा साइट सेवक के राज्य प्रभारी के सपना सोरेन, राज्य समन्वयक देवाशीष पाल समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व हजारीबाग के दिव्यांग बच्चों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया और दृष्टि के महत्व पर प्रकाश डाला। जन विकास ट्रस्ट के सचिव अजीत कुमार ने कहा कि पलामू उपायुक्त और सिविल सर्जन के द्वारा संस्था को हमेशा सहयोग प्रदान होता रहा है यही कारण है कि गांव के अंतिम व्यक्ति तक मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर अंधापन को दूर भगाने की दिशा में संस्था लगातार कार्य कर रही है।



## 15 अक्टूबर तक आवेदकों को वापस की जाएगी आवेदन शुल्क : प्राचार्य

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय जपला से जुड़ी दो अलग-अलग वर्षों की नियुक्ति संबंधी विज्ञप्तियों को कॉलेज प्रबंधन द्वारा अपरिहार्य कारणों से रद्द कर दिया गया है। महाविद्यालय द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, वर्ष 2017 की विज्ञप्ति संख्या रइरकउ/37/17 (दिनांक 04 अक्टूबर 2017) और वर्ष 2022 की विज्ञप्ति संख्या /07/2022 (दिनांक 22 फरवरी 2022) के तहत महाविद्यालय में विभिन्न पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इन दोनों विज्ञप्तियों को अब निरस्त करते हुए आवेदकों से कहा गया है कि वे 15 अक्टूबर 2025 तक कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर अपना आवेदन शुल्क की राशि वापस प्राप्त कर सकते है। कॉलेज प्रशासन ने बताया कि आवेदन शुल्क की वापसी प्रक्रिया महाविद्यालय कार्यालय से महाविद्यालय के कार्यालय अवधि में की जाएगी। इसके लिए आवेदक 15 अक्टूबर 2025 तक महाविद्यालय में पहुंचकर अपना राशि वापस ले सकते है। इस संबंध में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रेम नाथ ने कहा कि अपरिहार्य कारणों के चलते दोनों विज्ञप्तियों को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। प्रभारी प्राचार्य ने सभी आवेदकों से समय पर महाविद्यालय कार्यालय पहुंचकर अपना आवेदन शुल्क प्राप्त कर लेने को कहा है।

## गरीब रथ एक्सप्रेस का ठहराव मोहम्मदगंज में नहीं, असंतोष

नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय स्टेशन पर रांची-नई दिल्ली गरीबरथ एक्सप्रेस ट्रेन 12877-78 के ठहराव की उम्मीद अबतक पूरी नहीं होने से लोग निराश हैं। लोगों का कहना है कि पलामू सांसद विष्णुदयाल राम के अथक प्रयास से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे के संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए थे। बावजूद इसके महीनों बीत जाने के बाद भी ठहराव सुनिश्चित नहीं हुआ है। जबकि इस स्टेशन से सैकड़ों गांव के रेल उपभोक्ताओं का जुड़ाव है। जहां इस ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित होने से महानगरों तक आवागमन का लाभ उपभोक्ताओं को मिलता। इसके साथ ही साथ ही रेलवे को भी बड़ी आमदनी होती। लोगों का कहना है कि उन्हें इस बात का मलाल है कि इन दिनों पड़ोसी राज्य बिहार में छोटे से छोटे स्टेशनों पर कई महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव दिया गया। परंतु, एक लंबे अरसे से इस स्टेशन पर गरीब रथ के ठहराव की मांग को पूरा करने के मामले में इसे उपेक्षित रखा गया। जबकि आकांक्षी जिला भ्रमण कार्यक्रम के दौरान दिसंबर 2023 में स्थानीय रेलवे स्टेशन के विकास से जुड़े योजनाओं का जाएजा लेने आए केंद्रीय सूचना, प्रसारण एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री डा. एल मुरुगन ने भी उपभोक्ताओं की मांग पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का ध्यान इस दिशा में आकृष्ट किया था। वहीं, कई यूजर्स ने इससे संबंधित खबरों को भी रेल मंत्री और रेलवे बोर्ड सहित अन्य कई अधिकारियों को ट्वीट किया था।

### समस्या

### कई गांव के लोगों को नहीं मिला रहा स्वास्थ्य केंद्र का लाभ

# स्वास्थ्य उपकेंद्र झरी में बंद रहता है ताला, ग्रामीण परेशान

- **समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण आंदोलन करने को होंगे विवश**

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** बरडंडा पंचायत अंतर्गत झरी स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र के अक्सर बंद रहने की शिकायत मिली है। ऐसे में ग्रामीणों ने लाखों की लागत से बने इस स्वास्थ्य उपकेंद्र से लाभ नहीं मिलने की बात कही है। उन्होंने कहा कि कादलकर्मी-दंगवार मुख्य पथ में स्थित होने के बाद भी स्वास्थ्य सेवा के मामले में यह उपकेंद्र अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को विवश है। जबकि अत्याधुनिक तरीके से बने इस उपकेंद्र के माध्यम से नियमित रूप से ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिलने की अपेक्षा थी। जिसे दर्जनों गांवों के लिए स्थापित किया गया था। जिनमें झरी सहित पटखौलिया, तेंदुआ, सबनवां, गजरही, रसूलपुर, डाली, दुबा, कोसीआरा, पांती, भीतरपांती, रमजीता, बरवाडीह, बरडंडा, बटौआ सहित अन्य कई गांव शामिल हैं। इन सभी गांवों के ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवा इसी केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता है। लेकिन विडंबना यह है कि यह उपकेंद्र पिछले एक वर्ष से अधिकांश दिनों में बंद रहता है। जबकि पहले यहां नियमित रूप से मरीजों का इलाज होता था। लेकिन अब की स्थिति में कभी-कभी खुलता भी है, तो केवल औपचारिकता निभाने के लिए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही और उदासीनता के कारण यह उपकेंद्र अपने मूल उद्देश्य से भटक गया है। जिस वजह से प्रसव सेवा, टीकाकरण, सामान्य बीमारियों की जांच और दवा वितरण जैसी बुनियादी सेवाएं भी ठप पड़ गई हैं। ऐसी स्थिति में जब कोई बीमार पड़ता है, तो उन्हें कई किलोमीटर दूर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या निजी क्लीनिक का रुख करना पड़ता है। जिसमें गरीब और बुजुर्ग मरीजों के लिए बहुत बड़ी परेशानी का कारण बन जाता है। लोगों ने जल्द से जल्द इस उपकेंद्र को नियमित रूप से चलाने की मांग करते हुए स्वास्थ्य कर्मियों की जवाबदेही तय करने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाया गया, तो ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। क्योंकि जब सरकार ने इतना सुंदर और सुसज्जित भवन बना दिया, तो अब उसे चालू रखना भी विभाग जिम्मेदारी बनती है। इस संबंध में शिकायत करने में मोनू दुबे,राहुल पाठक, अशोक विश्वकर्मा,मदन, पवन सिंह, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सत्येंद्र राम और संजय पाल सहित अन्य कई ग्रामीण शामिल हैं। उधर, विभागीय सूत्रों का कहना है कि इस स्वास्थ्य उपकेंद्र में एक एएनएम को पदस्थापित किया गया है। टीकाकरण की वजह से गुरुवार और शनिवार को केवल उपकेंद्र को बंद रखने का प्रावधान है।

# छात्रों की खुशी हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार, हर साल होगा दीक्षांत समारोह : कुलपति

● छात्र केंद्रित सुधारों के साथ विश्वविद्यालय ने दीक्षांत समारोह को नियमित करने का लिया निर्णय

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक व्यवस्था में विद्यार्थियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लाइब्रेरी साइंस, थिएटर आर्ट और जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन के स्नातक स्तर के कोर्सों में नामांकन की तिथि बढ़ा दी है। कुलपति डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि यह कदम छात्रों की जरूरतों को समझते हुए उठाया गया है ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ उठा सकें।

डॉ. सिंह ने हाल ही में सम्पन्न हुए विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह की सफलता पर अपने हर्ष और प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि इस समारोह के सफल आयोजन में जिले के प्रशासन और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों का योगदान सराहनीय रहा। उन्होंने सभी सहयोगियों का धन्यवाद करते हुए कहा, 'छात्रों की खुशी हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है।'

कुलपति ने स्वीकार किया कि बड़े आयोजन में कुछ त्रुटियाँ हो सकती हैं, लेकिन उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में इन कमियों को दूर किया जाएगा। उन्होंने घोषणा की कि अब से विश्वविद्यालय में हर साल नियमित दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा ताकि छात्र

### नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में नामांकन की तिथि बढ़ाई गई



समय पर अपनी डिग्री प्राप्त कर सकें। इस बार समारोह में कुल 1046 छात्रों को आमंत्रित किया गया था, जिनमें से करीब 640 ने भाग लेकर डिग्री हासिल की।

डॉ. सिंह ने विश्वविद्यालय के विकास में समाज के योगदान को भी स्वीकारते हुए कहा कि यदि सुधार की जरूरत हो तो विद्यार्थियों और प्रेस से सुझावों का स्वागत है। उन्होंने बताया कि राजभवन की ओर से सभी विश्वविद्यालयों को नियमित रूप से दीक्षांत समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

अगले वर्ष विश्वविद्यालय का ऑडिटोरियम बन जाने पर दीक्षांत समारोह वहीं आयोजित किया जाएगा, जिससे खर्च कम होगा और आयोजन सुचारू होगा। साथ ही, गोल्ड मेडलिस्ट छात्रों को शिक्षण के लिए आमंत्रित किया जाएगा और सभी वोकेशनल कोर्स को एक ही भवन के पहले तल पर स्थानांतरित करने की योजना है।

कुलपति ने यह भी बताया कि 1 नवंबर से विश्वविद्यालय में कर्मचारियों को दिन में तीन बार बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करनी होगी, जिससे विभागीय कार्य में सुधार होगा और छात्र सुविधाजनक माहौल में पढ़ाई कर सकेंगे। अंत में उन्होंने कहा कि दिसंबर 2025 या जनवरी 2026 में छात्र संघ चुनाव कराने की योजना है, जिससे विद्यार्थियों को नेतृत्व के अवसर मिलेंगे और विश्वविद्यालय की लोकतांत्रिक परंपरा मजबूत होगी।

यह फैसले विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता और छात्र हितों की दिशा में एक संवेदनशील और सकारात्मक कदम हैं, जो निःसंदेह आने वाले समय में बेहतर भविष्य की नींव मजबूत करेंगे।

### पलामू उपायुक्त ने पीवीटीजी परिवारों को योजना के तहत 100% आच्छादित करने के निर्देश दिए

# दूरस्थ आदिवासी कल्याण के लिए शिविर और घर-घर सर्वेक्षण कर लाभार्थी चिन्हित करने का आदेश

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू उपायुक्त समीरा एस० ने जिले के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि सभी विशिष्ट रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) परिवारों को उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना के तहत शत-प्रतिशत आच्छादित किया जाए। यह योजना दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले पीवीटीजी परिवारों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने समाहरणालय के एनआईसी सभागार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में कहा कि पात्र पीवीटीजी परिवारों को योजना के लाभों से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारी पीवीटीजी बहुल गांवों में जाकर गहन सर्वेक्षण करें और लाभार्थियों की सही पहचान कर आवश्यक दस्तावेज तैयार करें।

उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका, स्वच्छता, आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, जाति और आवासीय प्रमाण पत्र, पेंशन योजना, वन पट्टा तथा आवास योजना से जुड़ी ठोस पहल करनी होगी।

उपायुक्त ने 30 अक्टूबर 2025 तक यह कार्य पूरा करने का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी पीवीटीजी परिवार विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे।

बैठक में उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, सिविल सर्जन डॉ. अनिल श्रीवास्तव, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, कल्याण पदाधिकारी प्यारे लाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। पिछले माह लगाए गए शिविरों से छूटे परिवारों व सदस्यों के लिए भी घर-घर सर्वेक्षण कर आवश्यक दस्तावेज जारी करने और सरकारी योजनाओं से लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया।

## पलामू में ऐतिहासिक देव दीपावली व 'मिस पलामू' महिला सशक्तिकरण प्रतियोगिता का होगा आयोजन

● सांस्कृतिक परंपरा के साथ महिला जागरण को समर्पित कार्यक्रम, सौ से अधिक प्रतिभागी लेंगी भाग

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** इस वर्ष शहर में देव दीपावली पूर्व वर्षों की तुलना में ऐतिहासिक बनने जा रही है, जहां पहली बार अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के निर्देशन तथा मां गंगा पूजा सह देव दीपावली आयोजन समिति ट्रस्ट की ओर से महिला सशक्तिकरण प्रतियोगिता मिस पलामू का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को श्रीराम जानकी मंदिर, शास्त्री नगर में आयोजित बैठक में इस आयोजन के विषय में विस्तृत चर्चा हुई। परिषद अध्यक्ष अविनाश राजा एवं संरक्षक सोनू सिंह नामधारी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में महिला परिषद की विभाग अध्यक्ष चंचला देवी, राष्ट्रीय बजरंग दल के विकास कुमार, समरसता प्रमुख राजेश जायसवाल, डॉ. आदित्य अग्रवाल, शशिकांत कुमार, गोरखनाथ पांडेय, आशुतोष तिवारी, मणि शंकर शर्मा, सूरज सोनी, पायल चौहान, कोमल कुमारी समेत अन्य पदाधिकारी शामिल थे। मिस पलामू प्रतियोगिता में सौ से अधिक महिलाएं और लड़कियां हिस्सा लेंगी। प्रतिभागियों को भारतीय परंपरा के अनुसार प्रांतीय वेशभूषा में, हथियार हाथ में थामकर, गीता के श्लोक के शंखनाद के साथ प्रस्तुति देनी होगी। इसके अतिरिक्त नारियल कटिंग, दीया-बाती एवं रंगोली प्रतियोगिता भी होंगी। हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य महाआरती एवं पारंपरिक नृत्य का भी आयोजन प्रस्तावित है। बैठक में संरक्षक सोनू सिंह नामधारी ने संबोधित करते हुए कहा कि देव दीपावली न केवल हमारे धार्मिक आस्था का पर्व है, बल्कि इस बार महिला सशक्तिकरण के संदेश से समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा। हमारी किशोरियों और महिलाओं का आत्मबल बढ़ेगा और संस्कृति के संरक्षण में नयी मिसाल कायम होगी। समिति इस आयोजन को सफल बनाने के लिए संकल्पित है। आयोजन समिति के अनुसार, यह देव दीपावली न केवल धार्मिक उत्सव रहेगा बल्कि सांस्कृतिक एकता और महिला जागरण का संदेश भी देगा। कार्यक्रम पलामू की सामाजिक चेतना को आगे बढ़ाने वाला साबित होगा।

## महिला की हत्या के मामले में आरोपी संदीप कुमार गिरफ्तार, घर से हथियार व मोबाइल भी बरामद



● पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सबूत जुटाए, आरोपी का पुलिस रिमांड जारी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नावाजयपुर थाना क्षेत्र के कोलंबो गांव में लाखो देवी (35 वर्ष) की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी संदीप कुमार (26 वर्ष) को रांची रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने घटना स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उसने पहले भी मृतिका से बातचीत की थी और शारीरिक संबंध बनाए थे, लेकिन जब वह बाहर कमाने गया था तो लाखो देवी ने नंबर ब्लॉक लिस्ट में डाल दिया। आरोपी संदीप ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 23 सितंबर 2025 को जब वह बंगलौर से वापस लौटा, तो उसने देखा कि लाखो देवी किसी दूसरे व्यक्ति से बात कर रही है। इससे उसका गुस्सा भड़क उठा। 30 सितंबर की रात वह घर में घुस गया और लाखो देवी के साथ सहमति से यौन संबंध बनाया। बाद में ब्लॉक लिस्ट में नंबर डालने को लेकर झगड़ा हुआ। इस दौरान उसने रोटी बनाने वाले उपकरण से हमलाकर तथा लोढा से कुचलकर उसकी हत्या कर दी। शव को घर के पास खाई में डालकर वह भाग निकला। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी का मोबाईल, खून लगा हुआ गंजी, शर्ट व चादर आदि बरामद किए हैं। इंजीनियरिंग फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से अन्य साक्ष्य भी जुटाए हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी संदीप कुमार को कोर्ट में प्रस्तुत कर रिमांड मांगी गई है। आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी संख्या 133/2025 धारा 302, 103(1) बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस हत्याकांड का जघन्य रूप से खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है।

## मनरेगा में विभिन्न पदों के लिए लिखित परीक्षा की तैयारी पूरी, अभ्यर्थियों में उत्साह

**मेदिनीनगर।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत विभिन्न पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया में एक अहम चरण शुरू हो गया है। जिला प्रशासन ने प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कंप्यूटर सहायक के पदों पर योग्य अभ्यर्थियों के लिए लिखित परीक्षा आयोजित करने की घोषणा की है। परीक्षा 17 अक्टूबर एवं 18 अक्टूबर 2025 को गिरिवर +2 हाई स्कूल, मेदिनीनगर में आयोजित होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) का वितरण आज 9 अक्टूबर से शुरू हो गया है, जो 16 अक्टूबर 2025 तक कार्यालय अवधि में चलेगा। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र मनरेगा कोषांग, ब्लॉक 'सी', पलामू से प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश पत्र लेते समय नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो साथ लाना अनिवार्य है, जिसे एडमिट कार्ड पर चिपकना होगा। इस परीक्षा का आयोजन झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के संकल्प और नियुक्ति सेवा शर्त नियमों के अनुरूप किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने सभी अभ्यर्थियों से समय पर एडमिट कार्ड प्राप्त कर आवश्यक निर्देशों का पालन करने की अपील की है। परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों में उत्साह और तैयारी का माहौल देखा जा रहा है।

## गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में बीसीए विभाग बंद, छात्रों की पढ़ाई प्रभावित

● कुलपति ने कार्रवाई का भरोसा दिया

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में बीसीए विभाग कई दिनों से बंद पड़ा है, जिससे 300 से अधिक छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। विभाग में न तो नियमित कक्षाएं चल रही हैं और न ही शिक्षकों की उपस्थिति हो रही है। छात्रों ने बताया कि बीसीए जैसे तकनीकी कोर्स में नियमित क्लास और प्रैक्टिकल जरूरी होते हैं, लेकिन विभाग बंद होने से वे पाठ्यक्रम पूरा नहीं कर पा रहे हैं।छात्रों ने कहा कि विभाग में ताला लगा रहता है और शिक्षक अक्सर उपलब्ध नहीं रहते, जिससे कॉलेज प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं। विभाग के बंद रहने से कॉलेज की साख भी प्रभावित हुई है।नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि उन्हें इस समस्या की जानकारी पहले भी मिली है और संबंधित विभाग के शिक्षकों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही स्थिति सुधारी जाएगी ताकि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो।

## 'राष्ट्रीय नवीन मेल' की खबर का असर: कॉलेज प्रशासन हरकत में आया, हुआ त्वरित सुधार



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय नवीन मेल में गुरुवार को प्रकाशित खबर गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में नामांकन काउंटर और शौचालय के रास्ते में झाड़ियां, छात्र झाड़ियों के बीच से हो रहे हैं विवश होकर प्रवेश का बड़ा असर देखने को मिला। खबर प्रकाशित होने के मात्र 24 घंटे के भीतर कॉलेज प्रशासन हरकत में आया और नामांकन काउंटर तथा शौचालय जाने वाले रास्ते की त्वरित सफाई शुरू करवाई। शुक्रवार की सुबह ही कॉलेज परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। मुख्य मार्ग से झाड़ियां व बड़े घास पूरी तरह काट दिए गए, जिससे छात्र-छात्राओं को अब निर्बाध रूप से आने-जाने की सुविधा मिल रही है। नामांकन प्रक्रिया भी अब सुचारू रूप से चल रही है। कॉलेज के प्राचार्य आई.जे. खलको ने कहा कि बारिश के कारण झाड़ियां बढ़ गई थीं, जिससे यह स्थिति बनी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने जो जनसमस्या उठाई, वह पूरी तरह जायज थी और उसी के कारण प्रशासन तुरंत सक्रिय हुआ। छात्र-छात्राओं ने भी मीडिया की भूमिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय नवीन मेल ने जिस संवेदनशीलता से कॉलेज की समस्या को उजागर किया, वह पत्रकारिता की जिम्मेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है। अब कॉलेज का परिसर स्वच्छ दिख रहा है और छात्रों को काफी राहत महसूस हो रही है।

## शहर में चला वाहन जांच अभियान, कई वाहनों पर 15,385 रुपये के चालान जारी



**मेदिनीनगर।** सदीक चौक के पास शुक्रवार को चारपहिया और दोपहिया वाहनों की कड़ी जांच की गई। जांच के दौरान कुछ दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना ड्राइविंग लाइसेंस के ब्लूटूथ से बात करते हुए पाए गए, जिससे 13 दोपहिया वाहनों को शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया। रात में भी एक दोपहिया वाहन और एक टोटो टेंपो चालक शराब के नशे में वाहन चला रहे थे, जिनके खिलाफ चालान जारी कर जिला परिवहन कार्यालय को भेजा गया। 9 अक्टूबर 2025 को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 13 दोपहिया वाहनों के चालान के तहत 14,235 रुपये और एक ई-रिक्शा का 1,150 रुपये का चालान फाइन मिला। कुल चालान राशि 15,385 रुपये है। प्रशासन ने कहा है कि इस तरह के अभियान सड़क सुरक्षा बढ़ाने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए लगातार जारी रहेंगे।

## चैनपुर में गौ तस्करी का मामला उजागर गौ रक्षक दल ने की कार्रवाई की मांग



**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र में गौ तस्करी का मामला सामने आया है, जिसे युवा समाजसेवी आशीष भारद्वाज और स्थानीय लोगों ने उजागर किया। गौ रक्षक दल ने गुरुवार को थाना प्रभारी को लिखित आवेदन दिया, जिसमें चैनपुर निवासी अख्तर उर्फ बबलू पर लगातार अवैध गौ तस्करी करने का आरोप है। आवेदन में बताया गया कि आरोपी ने गुरुवार सुबह एक महिला के घर से जबरन गाय उठाने की कोशिश की। गौ रक्षक दल ने आरोपी के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है ताकि ऐसी घटनाएं रोकी जा सकें। थाना प्रभारी ने आवेदन प्राप्ति की पुष्टि करते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मनरेगा कर्मचारी संघ ने डीडीसी से स्थायीकरण की मांग की




● संघ ने संविदाकर्मियों के भविष्य को सुरक्षित करने हेतु ज्ञापन सौंपा, आंदोलन की चेतावनी भी दी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला मनरेगा कर्मचारी संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज उप विकास आयुक्त से मुलाकात की और मनरेगा कर्मियों के स्थायीकरण की मांग को त्रिस्तरीय आंतरिक समिति के समक्ष प्रस्तुत करने की अपील की। संघ ने डीडीसी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें वर्षों से सेवा दे रहे कर्मियों के भविष्य को सुरक्षित करने का आग्रह किया गया।जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि मनरेगा कर्मचारी ग्रामीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन स्थायी न होने के कारण उनका भविष्य असुरक्षित है। उन्होंने बताया कि अन्य विभागों के संविदाकर्मियों को स्थायी किया गया है, लेकिन मनरेगा कर्मियों को यह सुविधा नहीं मिली है, जिससे वे निराश हैं।प्रदेश संयोजक देवेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि मनरेगा कर्मियों की पुरानी मांगों पर अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन इस मुद्दे को गंभीरता से लेगा और स्थायीकरण की दिशा में कदम उठाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो संघ आंदोलन के लिए विवश होगा।

### चैनपुर नेवरा रोड के मरम्मत कार्य का शुभारंभ

# मंत्री राधा कृष्ण किशोर और सांसद के प्रयास से 2.5 करोड़ रुपये की लागत से कार्य शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर नेवरा रोड के लंबे समय से प्रतीक्षित मरम्मत कार्य का शुभारंभ हो गया है। प्रथम महापौर ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि यह कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर और सांसद के निरंतर प्रयासों की बदौलत शुरू हुआ है। बुधवार को महापौर ने इस मार्ग का निरीक्षण करते हुए कहा कि सड़क के निर्माण के लिए स्थानीय व्यवसायी, वार्ड पार्षद और जनसंख्या ने कई बार आंदोलन किए थे। अंततः राधा कृष्ण किशोर को मार्ग की गंभीर स्थिति दिखाने के बाद उन्होंने विभाग को तत्काल रिपेयरिंग का एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश दिया। एस्टीमेट बनते ही त्वरित फंड जारी किया गया और अब कार्य प्रारंभ हो गया है।

मरम्मत कार्य की कुल लागत 2 करोड़ 50 लाख रुपये है। इसमें पहला ग्रुप दो करोड़ का है और दूसरा 50 लाख का। संजय यादव, जो इरीगेशन विभाग के ठेकेदार हैं, उन्होंने इस कार्य का 34% बिल लिया है। उन्हें दोनों ग्रुप दिसंबर तक पूरा करने का दायित्व दिया गया है। कार्य में जीएसबी, पीच एवं नाली निर्माण शामिल है। महापौर ने बताया कि कैबिनेट ने इस पूरे मार्ग के लिए 80 करोड़ रुपये लागत से नया सड़क निर्माण करने की भी अतिरिक्त स्वीकृति दी है। नए रोड की प्रक्रिया टेंडर से लेकर कार्य प्रारंभ होने तक लगभग चार महीने लगेगी। महापौर ने कहा कि क्षेत्र में छठ जैसे प्रमुख त्योहार आ रहे हैं, रोड पर गाड़ियां फंस रही हैं, बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, व्यापारियों को दुकान तक पहुंचने में परेशानी हो रही है और महिलाओं को भी आवागमन में कठिनाई होती है। छत्तीसगढ़ आने-जाने वाले वाहनों को भारी दिक्कत हो रही थी। ऐसे में मैंने सांसद और मंत्री से अनुरोध कर शीघ्र रिपेयरिंग कार्य शुरू कराया। चैनपुर नेवरा की जनता की ओर से दोनों जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट करती हूं।



इस अवसर पर दिनेश प्रधान, उज्जवल कमलापुरी, पुनीत गुप्ता, जयप्रकाश गुप्ता, शंभू पासवान, आकाश कुमार, जितेंद्र पासवान, गोविंद पासवान, इंद्रदेव पासवान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## परशुराम नगर वार्ड 17 की नहर में जल जमाव, गंदगी से डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा खतरा




**मेदिनीनगर।** परशुराम नगर वार्ड 17 की नहर में महीनों से जल जमाव और गंदगी बनी हुई है, जिससे बदबू फैल रही है और मच्छरों की संख्या बढ़ी है। इससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम को सूचित किया, लेकिन सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी। बच्चों और बुजुर्गों को खासतौर से परेशानी हो रही है। गलियों में भी जलभराव के कारण आवागमन कठिन हो गया है। निवासियों ने नगर निगम से नहर की तत्काल सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने, साथ ही अवैध कूड़ा डालने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि समाधान न मिलने पर वे आंदोलन करेंगे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर असंतोष भी व्यक्त किया गया है।

## शटर तोड़कर दो लाख रुपए की नगद चोरी



**श्री बंशीधर नगर।** बिलासपुर बस स्टैंड स्थित गुप्ता जनरल स्टोर में बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर लगभग दो लाख रुपये नगद की चोरी कर ली। दुकान के संचालक टीपू गुप्ता ने नगर उंटारी थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार, चोरों ने पहले दुकान के ऊपर लगे टिन शेड (शीट) को हटाया, फिर अंदर घुसकर शटर का ताला तोड़ा। उसके बाद दुकान के काउंटर में रखे नगद रुपये लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा फोन पर दी गई, जिसके बाद गुप्ता मौके पर पहुंचे तो उन्होंने शटर टूटा पाया। अंदर जाकर देखा तो काउंटर का लक भी टूटा हुआ था और रुपये गायब थे। गुप्ता जनरल स्टोर के मालिक टीपू गुप्ता स्थानीय स्तर पर गुड़ और आलू के बड़े व्यापारी माने जाते हैं।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर एक माह से बंद

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार के राजघाटी के समीप स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (स्वास्थ्य उपकेंद्र) पिछले एक माह से बंद है। जिससे बलिगढ़ एवं केतार क्षेत्र के ग्रामीणों सहित राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्वास्थ्य केंद्र मुख्यतः दो पंचायतों बलिगढ़ और केतार के मरीजों की नियमित जांच, टीकाकरण और प्रसव सेवाओं के लिए संचालित किया जाता था। मुख्य सड़क के किनारे होने के कारण दुर्घटनाओं के दौरान भी यहां प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलती थी। एएनएम के स्थानांतरण के बाद से बंद है। अस्पताल बंद होने से गर्भवती महिलाएं प्रसव के लिए यहां पहुंचकर निराश लौट रही हैं। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ ने कहा कि एएनएम का जल्द पदस्थापित कराकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर को शुरू कराया जायेगा।

### धुरकी मनरेगा योजना में फिर से फर्जीवाड़ा का मामला हुआ उजागर

# बिना काम किए मजदूरी मद से करोड़ों की निकासी

**नवीन मेल संवादाता**

**धुरकी।** प्रखंड में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के नाम पर एक के बाद एक फजीर्वाड़े उजागर हो रहे हैं। ग्रामीणों की मेहनत की कमाई को लूटने का यह कांड इतना गहरा है कि सिंचाई कूप निर्माण जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बिना काम कराए ही सामग्री और मजदूरी के मद में लाखों-करोड़ों रुपये वेंडरों के खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। जिला ग्रामीण विकास एजेंसी (जिला विकास शाखा) ने इस भ्रष्टाचार के पदार्फाश के बाद कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है, जिसमें संलिप्त अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और वेंडरों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। सूत्रों के अनुसार,रक्सी पंचायत के अंतर्गत कुम्बाकला गांव के निवासी विमल महतो ने इस फजीर्वाड़े की शिकायत जिला उपायुक्त दिनेश कुमार यादव के जनता दरबार में दर्ज की थी। शिकायत में सुरेंद्र यादव, मानदेव यादव, राजकुमार साह, देवमुनी यादव और विद्या यादव जैसे नामों पर सिंचाई कूप निर्माण की स्वीकृति मिलने का जिक्र है। आश्चर्यजनक रूप से, इन कूपों का एक ईंट भी निर्माण नहीं हुआ, फिर भी सामग्री मद और मजदूरी मद में करीब 15 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया।




### करोड़ों रुपये की निकासी वेंडरों द्वारा

सूत्र बताते हैं कि मोटे कमीशन के लालच में मुखिया, पंचायत सेवक से लेकर मनरेगा के शीर्ष अधिकारियों की मिलीभगत से 'फेवर ब्लॉक' नामक एक सुनियोजित घोटाला रचा गया। इस स्कीम को पार्ट-1 और पार्ट-2 के नाम से चलाकर करोड़ों रुपये की निकासी वेंडरों द्वारा कर ली गई। फेवर ब्लॉक घोटाले के खिलाफ विधायक अनंत प्रताप देव ने पहले ही ग्रामीण विकास विभाग के सचिव को लिखित शिकायत भेज चुके हैं।

**● कागजों पर कूप बनाकर पैसों की निकासी**

विमल महतो ने बताया हमारे गांव में सूखा पड़ रहा है, लेकिन ये लोग कागजों पर कूप बनाकर पैसे उड़ा रहे हैं। ग्रामीणों का खून-पसीना लूटा जा रहा है। इस शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए डीसी दिनेश कुमार यादव ने 4 अक्टूबर को पत्रांक संख्या 697 मनरेगा के तहत सभी संदिग्ध व्यक्तियों को नोटिस जारी किया। इसमें मनरेगा के सहायक अभियंता (एई), ब्लॉक कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ), जूनियर इंजीनियर (जेई), वेंडर, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक और मुखिया को 10 अक्टूबर तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है।

सभी को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपस्थित होकर जवाब देना होगा। डीसी ने इस तरह के मामलों में पहले ही स्पष्ट कर दिया है की मनरेगा गरीबों का अधिकार है, इसका दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। यहां बता दें यह मामला सिर्फ एक पंचायत तक सीमित नहीं। धुरकी प्रखंड के आठों पंचायतों में मनरेगा के तहत मिट्टी-मोरम सड़क निर्माण जैसी योजनाओं के नाम पर मनरेगा अधिनियम का खुला उल्लंघन हो रहा है।

**● विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा- मामला विस में उठायेंगे**

विधायक देव ने कहा,यह घोटाला ग्रामीण विकास की जड़ें काट रहा है। विभाग को तुरंत एक्शन लेना चाहिए, वरना हम विधानसभा में मामला उठाएंगे। जांच अभी जारी है, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट्स में यह साफ हो चुका है कि फर्जी मास्टर रोल, नकली बिल और जियो-टैग्ड फोटो के जरिए धोखा दिया गया। धुरकी में मनरेगा घोटालों का यह सिलसिला नया नहीं है—पिछले वर्षों में भी इसी प्रखंड में डोभा निर्माण और कुप निर्माण, पशुसेड निर्माण के नाम पर करोड़ों की हेराफेरी उजागर हो चुकी है। स्थानीय ग्रामीणो का मानना है कि सख्त निगरानी और ट्रैकिंग की कमी ही ऐसी लूट की जड़ है। अब सवाल यह है कि क्या इस बार दोषियों को सजा मिलेगी, या यह भी कागजों पर खत्म हो जाएगा।

## खुथुआमोड़ के जंगल में ग्रामीण को जंगली हाथी ने कूचलकर मार डाला

**● वन विभाग के प्रायस से देर रात लाया गया शव**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रंका।** प्रखंड रंका थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिश्रामपुर ग्राम पंचायत स्थित खुथुआमोड़ के जंगल में मवेशी चरा रहे 55 वर्षीय बसकटिया ग्राम निवासी मखरू उरांव को हाथी ने पटक-पटककर जान ले ली। मृतक प्रतिदिन की तरह अपने मवेशियों को लेकर वनों की ओर चराने के लिए जाते थे। काफी देर तक जब मृतक मखरू उरांव अपने घर नहीं लौटे तो परिजनों की चिंता होने लगी। जबकि उनके मवेशी संध्या होने तक घर लौट आए थे। लेकिन मखरू उरांव अब तक नहीं पहुंचे। तत्पश्चात उनकी खोजबीन की जाने लगी तभी ग्रामीणों को यह सूचना मिली कि जंगली क्षेत्रों में हाथी भ्रमण कर रहा है और उन्हीं हाथियों ने चरवाहे पर हमला कर उसकी जान ले ली है। इस दौरान ग्रामीणों ने हाथी के चिंघाड़ने और डर से भाग रहे मवेशियों की आवाजें सुनी लेकिन भयवश किसी ने घटनास्थल पर जाने की हिम्मत नहीं की। इस घटना की सूचना मिलते ही रंका प्रखंड प्रशासन एवं वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची लेकिन जंगल में हाथियों की उपस्थिति से बचाव कार्य बाधा उत्पन्न हुई। घटनास्थल पर पहुंचकर वन विभाग के माध्यम से शव को जंगल से बाहर निकालने में कामयाब रहे। मृतक की 55 वर्षीय पत्नी राजो देवी को सहायता राशि के तौर पर पचास हजार रुपए प्रदान किए गए। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी दहशत का माहौल है। लोग अपने पशुओं को जंगल की ओर भेजने से डर रहे हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अभी कुछ दिनों तक जंगल के समीप न जाएं और हाथी की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान पर कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान का एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जहां मुख्य रूप से प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे उपस्थित थे। वहीं कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशिरंजन दुबे ने की। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं को संकल्पित काराया गया और विदेशी समान को छोड़ने का संकल्प लिया गया। वहीं भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा कार्यसमिति सदस्य रामलला दुबे ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर सामाजिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता पर बल देते हैं। उनका आत्मनिर्भरता का आह्वान देश भर में विभिन्न आयामों में गुंज रहा है। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भारतीय विवाह स्थलों को लोकप्रिय बनाने का प्रयास, भारतीय पर्यटन स्थलों का भ्रमण एवं गो वोकल फोर लोकल का आह्वान पूरे देश में प्रतिध्वनित हो रहा है। निति और आर्थिक क्षेत्र में आत्मनिर्भरता एक प्रमुख चर्चा का विषय रहा है। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के निदेर्शानुसार यह निर्णय लिया गया है कि आत्मनिर्भरता का यह संदेश आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के माध्यम से राज्य के हर नागरिक तक पहुंचाया जाए और उन्हें उत्पादों के उपयोग व स्वदेशी जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाए। जबकि मंडल अध्यक्ष शशिरंजन दुबे ने कहा कि यह अभियान 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती से प्रारंभ हो कर 25 दिसंबर भारत रत्न श्रधेय अटल जी की जयंती तक चलेगा। इस में विभिन्न सरकारी विभागों, स्थानीय निकायों, उद्योग एवं व्यापार संगठनों, युवा एवं महिला संगठनों, सेलिब्रिटी एवं इंफ्लुएंसर्स बड़े पैमाने पर शामिल किया जा सकता है।

## झरनेट ठप रहने से राजस्व कार्य ठप लोग परेशान

**मझिआंव।** झारखंड सरकार के राजस्व विभाग का सारा कार्य ऑनलाइन पोर्टल झरनेट के माध्यम से संचालित होता है। लेकिन पिछले दो दिनों से झरनेट सर्वर ठप रहने के कारण राजस्व से संबंधित सभी कार्य प्रभावित हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रजिस्टर टू, दाखिल-खारिज, म्यूटेशन समेत अन्य जरूरी सेवाएं पूरी तरह ठप हैं। आमजन अपने जरूरी कार्यों के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन सिस्टम काम न करने के कारण उन्हें मायूस होकर वापस लौटना पड़ रहा है। खासकर दाखिल-खारिज और म्यूटेशन कार्य अटकने से जमीन खरीद-फरोख्त की प्रक्रिया भी रुक गई है। लोगों ने विभाग से जल्द से जल्द झरनेट की तकनीकी समस्या दूर कर सामान्य स्थिति बहाल करने की मांग की है ताकि जरूरी राजस्व सेवाएं फिर से सुचारू रूप से शुरू हो सके।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**
(जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत)
ई0–निविदा संख्या:–WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-03/2025-26
पत्रांक:– 411 हुसैनाबाद, दिनांक:– 09/10/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बाघमाड़ा गाँव के भदैया बाँध का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड– छत्तरपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 73,89,356=93 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 17.10.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 01.11.2025 (3:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 01.11.2025 (3:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 03.11.2025 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोट:– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 363747 District(25-26).D


## बसपा नेताओं ने थामा राजद का दामन

**नवीन मेल संवाददाता**




**श्री बंशीधर नगर।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पिछड़ा प्रकोष्ठ गढ़वा जिला की एक अहम बैठक नगर उंटारी स्थित डाकबंगला में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने की। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के कई वरिष्ठ नेताओं और समर्थकों ने राजद की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में झारखंड राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू, प्रदेश महासचिव अभय कुमार पांडेय, प्रदेश सचिव पंकज चौबे, पलामू जिलाध्यक्ष धनंजय पासवान, वरिष्ठ नेता करीब अंसारी और बिनोद यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। इन सभी नेताओं की उपस्थिति में बसपा के प्रदेश सचिव सह जिला परिषद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार राम, जिला कोषाध्यक्ष कमला सिंह, भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी अखिलेश राम समेत कई बसपा कार्यकर्ताओं ने राजद का दामन थाम लिया।

प्रमोद कुमार राम ने कहा कि वे लंबे समय से सामाजिक न्याय और दलित-पिछड़ों के हक की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं, लेकिन बसपा अब उस दिशा से भटक गई है। उन्होंने कहा, राजद ही एकमात्र पार्टी है जो आज भी संविधान और बाबा साहब के सिद्धांतों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि वे राजद के संगठन को हर स्तर पर मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। शामिल नेताओं का राजद कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत करने वालों में नगर उंटारी प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार राम, खरौंधी प्रखंड अध्यक्ष जगन्नाथ पाल, केतार प्रखंड अध्यक्ष जगनारायण यादव, भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष राम निवास यादव, सगमा प्रखंड अध्यक्ष रामेश्वर यादव, डंडई प्रखंड अध्यक्ष सुभाष मेहता, रमना प्रखंड अध्यक्ष जगदीश यादव, विशुनपुरा प्रखंड अध्यक्ष शिव वचन यादव, धुरकी प्रखंड अध्यक्ष कलामुदीन अंसारी, कांडी प्रखंड अध्यक्ष जगदीश यादव शामिल रहे।

## विधायक अनंत प्रताप देव के स्वास्थ्य में सुधार से प्रसन्नता का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता**



**श्री बंशीधर नगर।** विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के स्वास्थ्य में सुधार की खबर से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। विधायक के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना को लेकर सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सकारात्मक उत्साह देखा जा रहा है। इस संदर्भ में भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने विधायक से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस अवसर पर उन्होंने विधायक को माता दुर्गा की तस्वीर भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उनसे विधायक के उत्तम स्वास्थ्य, लंबी आयु और ऊर्जा से भरपूर जीवन की प्रार्थना की। उनका विश्वास है कि विधायक शीघ्र स्वस्थ होकर पुनः क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान देंगे। मुलाकात के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्य समिति सदस्य एवं गढ़वा के पूर्व अध्यक्ष तनवीर आलम, श्री बंशीधर नगर के प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, राष्ट्रीय नाई महासभा के प्रदेश मार्गदर्शक कुंदन कुमार ठाकुर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## तीन माह से नहीं मिला पेंशन, लाभुक बैंक व कार्यालय का लगा रहे चक्कर

**केतार।** केतार प्रखंड के वृद्ध, दिव्यांग, विधवा पेंशन लाभुकों को पिछले तीन महीने से मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना की राशि नहीं मिल रहा है। लाभुक पेंशन की आस में प्रतिदिन प्रज्ञा केंद्र, बैंक व प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। पेंशन नहीं मिलने से सबसे अधिक परेशानी वृद्धजनों को हो रही है। किसी प्रकार वह पैसा खर्च कर प्रज्ञा केंद्र और बैंक तक पहुंचते हैं। लेकिन पेंशन की राशि नहीं मिलने पर उन्हें निराश होकर घर लौटना पड़ रहा है। लाभुक विनोद चौबे, गीता देवी, राधिका देवी, खीरू विश्वकर्मा, लोचन बियार, बबन बियार, बैजनाथ सिंह, अनीता देवी, लालती देवी ने बताया कि जुलाई,अगस्त और सितंबर माह तक का पेंशन का राशि बकाया। पेंशन नहीं मिलने से पेंशन लाभुक बीमारी का इलाज नहीं करा पा रहे है और दवा तक नहीं खरीद पा रहे हैं। बुजुर्गो को खाने पीने के लिए सोचना पड़ रहा है। पेंशन धारकों ने बताया कि पेंशन ही बुढ़ापे में एक सहारा है।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, CHATRA**

**e-Procurement portal**
**Two Envelope system**
**Tender Reference No.**
**WRD/MID/CHATRA/B.D./M.M.S.L.I - 01/2025-26**
**Date :- 09/10/2025**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Construction of Mukhya Mantri Solar Lift Irrigation Scheme Genjna, GP-Nawadih, Block-Hunterganj, Dist- Chatra. |
| 2. | Estimated (BoQ)Cost (Rs. In Lakhs) | Rs. 1,50,35,200.00 |
| 3. | Cost of Tender Document (Rs.) | Rs. 10,000.00 |
| 4. | Earnest Money Deposit (Rs.) | Rs. 1,50,400.00 |
| 5. | Time of Completion | 335 Days |
| 6. | Mode of Submission of tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7. | Date of Publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | 18.10.2025 At 03:00 PM |
| 8. | Last Date/Time for downloading of bidding documents and Submission of Tender on Website | 04.11.2025 At 05:00 PM |
| 9. | Last Date/Time for Submission of Tender Fee and EMD | 04.11.2025 At 05:00 PM |
| 10. | Technical Bid Opening Date | 06.11.2025 At 03:00 PM |
| 11. | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Chatra |
| 12. | Contact number & Email ID of e-procurement officer | 9939945761 eemidchat-cemr-jhr@nic.in |
| 13. | Helpline number of e-procurement cell | 9939945761 |

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
(3) Work will be awarded to those bidders (specially MNRE approved channel partners/MNRE approved manufacturers/ MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes). Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC Surface Motor Pumps) in the department with all accessories for off-grid standalone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
Further details can be seen on website http://jharkhand tenders.gov.in

sd/-
Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Chatra

PR 363765 Minor Irrigation(25-26).D


### गढ़वा में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, उपायुक्त ने दी गुणवत्ता सुधार के लिए कड़ी चेतावनी

# शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन योजना और साफ-सफाई सहित समस्त बिंदुओं पर गहन समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त दिनेश यादव की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, सिलेबस कवरेज, विद्यालयों की साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, मध्याह्न भोजन, पोषण वाटिका, स्वास्थ्य सुविधाएं, विद्यालय भवनों और पोशाक वितरण जैसे विषयों पर व्यापक समीक्षा की।उपायुक्त ने जिला अंतर्गत सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए ताकि विद्यार्थियों को पढ़ाई में किसी प्रकार की असुविधा न हो। ई-विद्या वाहिनी पोर्टल के माध्यम से प्रखंडवार शिक्षकों और विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें कुछ प्रखंडों में उपस्थिति की कमी पाई गई। इस पर उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी, अधीक्षक और प्रखंड अधिकारियों को शिक्षकों और छात्रों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चल रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिन क्षेत्रों में कार्य अनुत्तम पाया गया, वहां तत्काल सुधार करने एवं कार्य की गति तेज करने पर जोर दिया गया।

प्रखंड स्तर के अधिकारियों को नियमित विद्यालय निरीक्षण एवं कड़ी अनुशासन पालन की हिदायत दी गई।मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा में पोषण आहार के उचित वितरण और खाद्यान्न आपूर्ति की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। केतार प्रखंड में राशन गबन की शिकायत भी सामने आई, जिस पर उचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया।स्वास्थ्य जांच हेतु सिविल सर्जन डॉक्टर जे एफ केनेडी को विद्यालयों में नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाने हेतु निर्देशित किया गया।उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अगले बैठक तक सभी अपेक्षित कार्य पूरे किए जाएं। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी बीईईओ, बीपीओ, बीपीएम, शिक्षकगण एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# न्यूज बॉक्स

## कृषि व पशुपालन विभाग ने लगाया पंचायत स्तरीय शिविर

**टंडवा (चतरा)।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के निर्देश पर 6 से 18 अक्टूबर तक पंचायत स्तरीय विशेष शिविर लगाये जा रहे हैं। जिसके आलोक में गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र के कबरा पंचायत भवन में शिविर लगाया गया। जहां ग्रामीणों से प्राप्त विभिन्न आवेदनों को लोक सेतु पोर्टल पर संबंधित अधिकारियों ने अपलोड किये। एटीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि आत्मा, बिरसा बीज वितरण एवं विनियम कार्यक्रम, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उद्यान विकास एवं मधुमक्खी पालन से संबंधित कुल 27 योजनाओं से संबंधित किसानों ने विहित प्रपत्र में आवेदन जमा किये हैं। वहीं किसानों ने ओल, अदरक, पपीता, केला और मशरुम की खेती में काफी दिलचस्पी दिखाई है। पशुपालन विभाग के प्रति असंतोष व्यक्त करते हुवे कई ग्रामीणों ने कहा कि उनसे आवेदन लेकर अधिकारी महज खानापूर्ति करते हैं। इस मौके पर जेएसएलपीएस के दर्जनों कार्यकर्ताओं समेत सेविका बिंदुमति देवी, महेंद्र महतो, जगदीश महतो, हुसैनी साहू, अशोक महतो व कई किसान मौजूद थे।

## सोहराई जतरा उत्सव मनाने को लेकर कमेटी गठित

**बारियातू।** प्रखंड के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र अमरवाडीह उर्फ फुलवसीया में सोहराई जतरा समिति की बैठक महेंद्र उरांव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 21 अक्टूबर को मनाए जाने वाले सोहराई जतरा उत्सव की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में सोहराई जतरा उत्सव को सफल बनाने हेतु कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से महेंद्र उरांव को अध्यक्ष, सोमनाथ गंझू को सचिव, रविंद्र गंझू को कोषाध्यक्ष, प्रभु गंझू को उपाध्यक्ष और चमन गंझू और विजय उरांव को उपसचिव बनाया गया। इसके अलावा त्रिवेणी गंझू, बिनोद, उमेश, सुखदयाल, धनेश्वर, बाबुलाल, मोहन, राजेन्द्र, सुनिल, राजु, बिरेन्द्र, गोलु, आशेश्वर, मुकेश, हिरा, जोगेन्द्र, सुनिल, निर्मल, श्यामसुंदर, संदीप, गौरीशंकर, पवन, महरंग और शिवशंकर को समिति के सदस्य के रूप में शामिल किया गया। वहीं सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सोहराई जतरा उत्सव का आयोजन मिलन चौक स्थित खेल मैदान सह जतरा टांड परिसर में भव्य रूप से आयोजन किया जाएगा।

## शक्ति खुटा धाम में झंडा बदली कार्यक्रम संपन्न

**चंदवा।** प्रखंड के सिकनी दामर किता स्थित शक्ति खुटा धाम में गुरुवार को जनजातीय परंपरा के अनुसार भव्य झंडा बदली और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। जंगलों के बीच स्थित इस पवित्र स्थल पर हजारों आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे। नगाड़ा और मांदर की थाप पर पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में जनजातीय समाज के प्रमुख मार्गदर्शक योगेश्वर उरांव ने कहा कि शक्ति खुटा धाम केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि जनजातीय संस्कृति और प्रकृति आधारित जीवनशैली को संरक्षित करने का केंद्र है। उन्होंने बच्चों में जंक फूड और कुरकुरे जैसे बाहरी खाद्य पदार्थों की बढ़ती आदत पर चिंता जताई और धाम परिसर में ऐसे खाद्य पदार्थों पर रोक लगाने की घोषणा की। उन्होंने आगे कहा कि शराब समाज का सबसे बड़ा शत्रु बन चुकी है। इसलिए शक्ति खुटा धाम से अब शराबबंदी अभियान शुरू किया जाएगा। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई जाएगी। योगेश्वर उरांव ने कहा कि जनजातीय समाज की पहचान उसकी प्रकृति से जुड़ी जीवनशैली है। धान, मकई और जंगल की उपज ही हमारी असली संपत्ति हैं। धाम परिसर में प्राकृतिक खेती, जैविक खाद और जल-संरक्षण की शिक्षा दी जाएगी। इसी तरह रामपुर डाडूबधार में भी पाहन-पुजारी महरंग उरांव, चमन भगत, जगाधरी उरांव, कालेश्वर उरांव, बुद्धिराज उरांव, संतोष उरांव, राजनाथ उरांव और अन्य धर्मगुरुओं की अगुवाई में झंडा बदली की गई। महिलाओं में माता ननकी उराईन, मानकी देवी, सावित्री देवी, जिरमनीया देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहीं।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर कार्यशाला



**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विभाग विश्रामागार में गुरुवार को आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में स्वदेशी ताकत सबसे बड़ी शक्ति है। अगर हर घर में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग बढ़ेगा, तो आत्मनिर्भर भारत का सपना जल्द ही साकार होगा। यह अभियान केवल आर्थिक मजबूती के लिए नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और स्वाभिमान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का संकल्प भारत को मजबूत बनाएगा और स्थानीय कारीगरों, किसानों तथा छोटे उद्योगों को बढ़ावा देगा। कार्यशाला के अंत में मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें। मौके पर शिवकेश्वर यादव,युवा मोर्चा अध्यक्ष रिकी वर्मा, विधायक प्रतिनिधि सुरेश यादव, मनीष गुप्ता, चंद्रभूषण केसरी, अवधेश यादव,सूर्यनारायण साहू, मनोज पाठक, अर्जुन यादव, रविंदर साहू, रामकिशुन गंझू, सुनील मुंडा, मुरारीलाल साहू, छोटू कुमार, संतन साव, यमुना चौधरी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर भारत के तहत मंडल कार्यशाला का आयोजन



**बालूमाथ।** आत्मनिर्भर भारत के तहत मंडल कार्यशाला की बैठक बालूमाथ दुर्गा बाड़ी भवन में मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में की गई। जिसका संचालन मंडल महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि रामकुमार गुप्ता ने की। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में जिला के पूर्व जिला अध्यक्ष लाल कौशलनाथ शाहदेव ने बताएं कि आत्मनिर्भर भारत के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा भारत में बनाया गया घरेलू उपयोग से लेकर, हर तरह के कल पुर्जे के लिए इलेक्ट्रॉनिक सामान से लेकर छोटे-बड़े कारीगरों द्वारा बनाई गई भारतीय सामान को ही हर घर में उपयोग लाने की आवश्यकता है। वहीं मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रत्येक वर्ष दीपावली में जगमगाते दीप के साथ अन्य उपयोगी वस्तु इस वर्ष दीपावली व अन्य पर्व त्योहार में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने की आवश्यकता है। मौके पर ओबीसी मोर्चा के पलामू प्रमंडल प्रभारी त्रिवेणी साहू, मंडल उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू, जिला कार्य समिति सदस्य विधायक प्रतिनिधि संजय यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी राजेंद्र प्रसाद, जिला युवा महामंत्री सूरज शाह, जिला सांसद प्रतिनिधि दीपक यादव, रघुनंदन सोनी, महावीर पुरी, गजेंद्र हिमांशु, मोहन पांडे, अनूप वर्मा, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, पवन यादव, विनोद साहू, विजय ठाकुर, प्रमोद प्रसाद, अर्जुन सिंह, उदयनाथ यादव, विजय राम, अखिलेश प्रसाद गुप्ता, कुलदीप बैठा, बहादुर गंझू, अजय कुमार, प्रकाश कुमार, प्रहलाद कुमार कुशवाहा, राजू कुमार इत्यादि अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मासिक जिला समन्वय समिति की बैठक में सभी विभागीय योजनाओं की हुई समीक्षा

# विद्यालय मद की राशि के उपयोग में पारदर्शिता सुनिश्चित करें : उपायुक्त

- आदिम जनजाति समुदाय के लिए विशेष आधार नामांकन शिविर लगाने का निर्देश
- कोई भी परिवार योजनाओं से वंचित न रहे : डीसी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उप विकास आयुक्त सभागार में मासिक जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के कार्य प्रगति और विभागों में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने प्रखंडों के विद्यालयों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान यह विशेष रूप से ध्यान दिया जाए कि विद्यालय मद की राशि का उपयोग किस प्रकार किया जा रहा है तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि राशि का उपयोग विद्यालय के विकास एवं छात्र-हित में ही हो। ऐसे जानकारी प्राप्त हो रही है कि कुछ विद्यालयों में विद्यालय मद की राशि शिक्षकों के व्यक्तिगत खातों में ली जा रही है, जो कि वित्तीय अनुशासन के विपरीत है। इस प्रकार की किसी भी अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही, निरीक्षण के दौरान यह भी जांच की जाए कि विद्यालय के नामावली (नामांकन रजिस्टर) में केवल वर्तमान में अध्ययनरत बच्चों के नाम ही दर्ज हों। जो विद्यार्थी विद्यालय से पास होकर जा चुके हैं, उनके नाम अनावश्यक रूप से सूची में दर्ज न हों। उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों की पारदर्शिता, वित्तीय अनुशासन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु इस प्रकार के निरीक्षण अत्यंत आवश्यक हैं। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी निरीक्षण रिपोर्ट की सूचना संबंधित प्रखंड कार्यालयों के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रेषित करेंगे। जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि लातेहार जिला अन्तर्गत विद्यालय में अध्ययनरत 12543 छात्र-छात्राओं का खाता खोलने हेतु आवेदन उपलब्ध कराया गया था उक्त आवेदन के आलोक में कुल- 6729 बच्चों का खाता खोला गया है शेष 1314 आवेदन डाकघर में खाता खोलने हेतु जमा है। प्रखंडों द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि 6735 छात्र-छात्राओं का आधार नहीं है। जिसके कारण उनके बैंक खाता खोलने की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।आपूर्ति विभाग की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में कई आदिम जनजाति समुदाय के सदस्यों का आधार कार्ड उपलब्ध नहीं होने के कारण उनका ई के वाई सी (इलेक्ट्रॉनिक पहचान सत्यापन) नहीं हो पा रहा है। जिन कार्डधारियों का ई के वाई सी पूरा नहीं हुआ है, वैसे राशन कार्ड विलोपित किए जाने की संभावना है। जिसपर उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर विशेष आधार नामांकन शिविर (कैंप) आयोजित करें, जिससे आदिम जनजाति समुदाय के सभी पात्र सदस्यों का आधार कार्ड बन सके और शत-प्रतिशत ई के वाई सी सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आगे कहा कि यह सुनिश्चित करें कि कोई भी आदिम जनजाति परिवार सरकारी योजनाओं एवं आवश्यक सेवाओं के लाभ से वंचित न रहे।

## त्योहारों को लेकर की गयी मिष्ठान व आलू प्रतिष्ठानों की जांच, जुर्माना वसूला गया

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डा मोइन अख्तर ने जिला मुख्याय के कई खाद्य पदार्थों के प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया। यह कार्रवाई उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिले में खाद्य पदार्थ गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। मेन रोड स्थित मे आयुष्मा स्वीट्स में मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच की गई। कालाकंद एवं खोवा सही पाया गया, परन्तु रसगुल्ला में स्टार्च की मिलावट पाई गई। उसे सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया। अख्तर ने बताया कि इन दिनों सोशल मीडिया में पुराने आलू को कृत्रिम रूप से नया आलू बनाने से संबंधित खूब चर्चा हो रही है। इस तथ्य की पुष्टि के लिए गुरूवार को लातेहार शहरी क्षेत्र के विभिन्न खाद्य कारोबारियों को औचक निरीक्षण कर रसायनिक जांच हेतु आलू का नमूना लिया गया। बाजार टांड़ स्थित थोक व्यवसाय सुरेश प्रजापति एवं गोविंद प्रसाद साहू के प्रतिष्ठान से नमूना लिया गया। बाइपास स्थित बाजार से खुदरा व्यापारियों से भी नया आलू का नमूना संग्रह किया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना चौक में पूजा जेनरल स्टोर व एक अन्य दुकान की जांच की गयी। वहां से प्रतिबंधित गुटखा व जर्दा पाए जाने पर कारोबारियों से चार सौ रुपए का जुमार्ना वसूला गया। सब्जी बाजार स्थित जेनरल स्टोर राजेश कुमार के दुकान से एक्सपायरी ब्रेड को नष्ट कराया गया। दोबारा ऐसा नहीं करने की चेतावनी दी गई। मेन रोड स्थित में हिन्दुस्तान बेकरी को अपने सारे उत्पाद मे एफएसएसएआई लाइसेंस निमार्ता का नाम एवं पता एक्सपायरी डेट अंकित करने का निदेश दिया गया। मेसर्स प्रियंका ग्रोसरी जेनरल स्टोर को बिना अनुज्ञप्ति के प्रतिष्ठान संचालन करने पर नोटिस जारी किया गया। 14 दिनों के अंदर अनुज्ञप्ति लेने हेतु निदेश दिया गया।

## जेजेएमपी ने आम्रपाली परियोजना में पोस्टर चिपका कर दी धमकी

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र स्थित होन्हे में टाउनशिप बिल्डिंग बना रही रामकृपाल सिंह कंस्ट्रक्शन (आरकेएस) कंपनी के साइट पर जेजेएमपी (झारखंड जनमुक्ति परिषद) नामक उग्रवादी संगठन ने मंगलवार को पोस्टर चिपका कर सनसनी मचा दी है। सूत्रों की मानें तो बुधवार को स्थानीय पुलिस ने पोस्टर जब्त कर मामले की गहराई से तफ्तीश शुरू कर दी है। चिपकाए किये गये पोस्टर में जोनल कमिटी के शिवा सिंह नामक व्यक्ति ने संगठन को मैनेज कर काम करने की कड़ी चेतावनी दी गई है। बहरहाल, घटना के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा जिस तरह से मामले को गोपनीय रखने का प्रयास किया गया इससे स्थानीय लोग सशंकित हैं। सूत्रों की मानें तो जिस एरिया में पोस्टर लगाया गया था, वहां उच्च क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे लगे है, जिससे इस घटना का त्वरित उद्भेदन संभव है। वहीं नाम नहीं छापने के शर्त पर एक स्थानीय व्यक्ति ने दावा किया कि कई जगहों में सीसीटीवी खराब होने का प्रबंधन द्वारा बहाना कर मामले को आसानी से टाल दिया जाता है, जो महज संयोग नहीं बल्कि ये सुनियोजित प्रयोग का हिस्सा होता है। कहा कि प्रशासन द्वारा मामले की उच्चस्तरीय जांच करानी चाहिए, जिससे चौंकाने वाले खुलासे के साथ पारदर्शी तरीके से पर्दा उठ सकेगा।

## मगध-संघमित्रा क्षेत्र में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**बालूमाथ।** सीसीएल के मगध-संघमित्रा क्षेत्र में राजभाषा माह 2025 के अंतर्गत हिंदी भाषा और लेखन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 08 अक्टूबर, 2025 को मगध-संघमित्रा क्षेत्र में एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय कार्यालय के कर्मचारियों, अधिकारियों एवं बच्चों सहित कुल 36 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर श्री शिव शंकर कुमार चौधरी, नोडल अधिकारी (राजभाषा) उपस्थित रहे।प्रतियोगिता ने न केवल कर्मचारियों एवं बच्चों में कला के प्रति रुचि जगाई बल्कि उन्हें हिंदी माह की सार्थकता से भी अवगत कराया।

## केंद्र सरकार जल्द करे छात्रवृत्ति राशि का आवंटन : उज्ज्वल शुक्ला

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा छात्रसंघ के जिला संगठन सचिव उज्ज्वल शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार की लापरवाही के कारण झारखंड के हजारों छात्र-छात्राएं आज भी छात्रवृत्ति से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड एक आदिवासी बहुल राज्य है। जहां आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति शिक्षा का प्रमुख आधार है। इन दिनों ई-कल्याण स्कॉलरशिप की राशि न मिलने से विद्यार्थियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। शुक्ला ने स्पष्ट किया कि इसमें राज्य सरकार की कोई गलती नहीं है। क्योंकि छात्रवृत्ति का फंड केंद्र सरकार से प्राप्त होता है। वर्तमान में केंद्र द्वारा करोड़ों रुपये की राशि रोके जाने के कारण भुगतान प्रक्रिया प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार लगातार केंद्र से फंड जारी करने की मांग कर रही है ताकि छात्रों को उनका अधिकार शीघ्र मिल सके। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य सरकार छात्रों के भविष्य को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है। जैसे ही फंड प्राप्त होगा राशि सीधे छात्रों के खातों में भेज दी जाएगी। शुक्ला ने कहा कि केंद्र सरकार को छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शीघ्र फंड जारी करना चाहिए।

### उपायुक्त के निर्देश पर डूरुआ स्थल जांच करने पहुंचे अंचल अमीन

# ग्रामीणों ने अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के मौजा डुरूआ के रैयतों ने उपायुक्त लातेहर को आवेदन सौंप कर खाता संख्या 43, प्लॉट नंबर 759 में किये जा रहे अतिक्रमण को मुक्त कराने की मांग की थी। उपायुक्त ने अंचलाधिकारी को इसकी जांच कराने का निर्देश दिया था। गुरुवार को अंचल अधिकारी के निर्देश पर अंचल अमीन स्थल जांच करने पहुंचे। यह स्थल शहर के रेलवे स्टेशन रोड में टाऊन हॉल के पास स्थित है। अंचल अमीन के यहां पहुंचने की खबर सुन कर काफी संख्या में ग्रामीण वहां जमा हो गये और उक्त स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग करने लगे।

ग्रामीणों ने बताया कि सर्वे खतियान में यह भूमि गैर मजरूआ आम दर्जा रास्ता के रूप में दर्ज है। ग्रामीणों ने बताया कि इसी रास्ते से हरजिन समाज के लोग शव दाह के लिए श्मशान घाट जाते हैं।उनके मवेशी इसी रास्ते से नदी में पानी पीने जाते हैं। और आम लोग भी इसी रास्ते से नदी में उतरते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सुनील यादव पिता स्व बुलाकी यादव, मौजा डुरूआ के द्वारा इस भूमि का अतिक्रमण कर जोत कोड़ कर दिया गया है। इससे ग्रामीणों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि पूर्व में भी अंचल कार्यालय के द्वारा इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया था। लेकिन बाद में पुनः इस भूमि पर अतिक्रमण कर कानून और विधि व्यवस्था को चुनौति दिया गया है। अंचल अमीन ने बताया कि जांच रिर्पोट अंचल कार्यालय को सौंपी जायेगी। मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्थल के पास से बालू का उठाव भी धड़ल्ले से किया जा रहा है। दिए गए आवेदन मे कई लोगो का हस्ताक्षर अंकित है।

## सर्प दंश से रमेश गंझू की हुई मौत

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र में सर्पदंश से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बौधाडीह पंचायत के नावाडीह गांव निवासी रमन गंझू उर्फ रामा गंझु के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह सुबह अपने खेत में लगी धान की फसल को देखने गए थे, तभी जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। लोगों ने बताया कि उन्होंने झाड़-फूंक के चक्कर में काफी विलंब कर दिया, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल सका। गांव के बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों को जब इसकी सूचना मिली, तो उन्होंने उन्हें तत्काल इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा। हालांकि, चतरा जाते समय चिलोई के पास उनकी मौत हो गई।मृतक रमन गंझु अपनी पत्नी मोनिया देवी समेत एक पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। इस घटना से गांव में शोक की लहर है।

## लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष बने दिलीप कुमार पासवान

**कुंदा (चतरा)।** लोक जनशक्ति पार्टी ने दिलीप कुमार पासवान को अनुसूचित जाति व जनजाति प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। वह कुंदा प्रखंड के पचरुखिया गांव के निवासी हैं। पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जताई है और बधाई दी है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि उनकी नियुक्ति से पार्टी को मजबूती मिलेगी और जनहित के कार्यों में मदद मिलेगा। दिलीप कुमार पासवान ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और जनहित के कार्यों में योगदान देंगे। दिलीप कुमार पासवान की नियुक्ति से लोक जनशक्ति पार्टी को कुंदा प्रखंड में मजबूती मिलने की उम्मीद है। पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उनकी नियुक्ति का स्वागत कर रहे हैं और उनके नेतृत्व में काम करने के लिए तैयार हैं।

## जिला अनुकंपा समिति की बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा उग्रवादी हिंसा एवं सामान्य के आश्रितों के अभ्यावेदनों की विस्तार से समीक्षा की गई। समिति द्वारा कुल 10 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। इनमें उग्रवादी हिंसा के 1 एवं सामान्य के 9 अभ्यावेदन थे। सामान्य के अभ्यावेदनों पर विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 9 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। उग्रवादी हिंसा से संबंधित 1 मामले पर विचार विमर्श करते हुए समिति ने आवश्यक दस्तावेज के लिए संबंधित कार्यालय को रिमाइंडर भेजने का निर्देश दिया। इसके साथ ही आवश्यक दस्तावेज के साथ अगली बैठक में रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, अपर समाहर्ता रामा रविदास, स्थापना उप समाहर्ता मेरी मड़की, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा अजय कच्छप, जिला कोषागार पदाधिकारी निहारिका वर्मा, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू, कार्यपालय अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल दीपक महतो उपस्थित थे।

## लातेहार के वनकर्मी अपना रहे हैं ग्राम सभा विरोधी रवैया

**लातेहार।** जिला मुख्यालय में बीते दिनों वनाधिकार कानून में पट्टे निर्गत करने के मांगों को अंतिम रूप देने हेतु चल रहे अभिलेख निस्तारण का तीसरे दिन गुरुवार को मनिका अंचल के करीब 74 व्यक्तिगत दावा अभिलेख जांच किए गए। अनुमंडल कार्यालय में चल रहे इस कैंप में वन विभाग के कर्मियों का आज अनुपस्थिति से सिविल प्रशासन अचंभित है। इससे वन विभाग का कानून और ग्राम सभा के प्रति नकारात्मक मानसिकता का सहज ही अंदाजा लगाया जा रहा है। क्योंकि वनाधिकार कानून की प्रस्तावना में जिस ऐतिहासिक अन्याय को भारतीय संसद में स्वीकार की गई है। वन विभाग इस अन्याय का वाहक आज भी रह रहा है। ऐसे में आक्रोशित आंदोलनकारियों के अगले निशाने पर जिले के वन अधिकारी हो सकते हैं। ग्राम सभाएं बारीकी से वन अधिकारियों के ग्राम सभा विरोधी गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। गुरुवार को मनिका अंचल के जिन दावा अभिलेखों की राजस्व कर्मियों ने बारीकी से जांचकर टिप्पणियां लिपिबद्ध की हैं। उनमें दावित नक्शों में कहीं अध्यक्ष, कहीं सचिव, कहीं अंचल अमीन का हस्ताक्षर नहीं होने जैसे मामूली त्रुटियां रेखांकित की गई। आज के शिविर में बतौर विशेषज्ञ भूखन सिंह, सेलेस्टीन कुजूर, धोती फादर, मनिका अंचल के कर्मचारीगण एवं संबंधित सभी ग्राम सभाओं के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

## सीजेआई पर जूता फेंकने वाला अगर दलित होता तो जेल में होता : जुनैद अनवर

**बालूमाथ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता बालूमाथ लातेहार निवासी जुनैद अनवर ने कहा कि अगर देश के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंकने वाला व्यक्ति किसी दलित, आदिवासी या मुसलमान समुदाय से होता, तो वह आज जेल में होता। उन्होंने कहा कि यह देश बार-बार देख चुका है कि छोटे-मोटे अपराधों में भी समाज के दबे-कुचले वर्गों को कड़ी धाराओं में फंसाकर जेल भेज दिया जाता है, लेकिन इस मामले में कानून की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है। अनवर ने कहा कि यह आश्चर्य की बात है कि राष्ट्र के सर्वोच्च न्यायिक पद पर आसीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ पर जूता फेंकने वाला व्यक्ति न केवल खुलेआम घूम रहा है, बल्कि अपने कृत्य पर पछताने के बजाय गर्व महसूस कर रहा है।

Govt. of Jharkhand
Department of Mines and Geology, District- Garhwa

Notice Inviting E-Auction for Allocation of Sand ghats
(Through E-Procurement mode over https://www.jharkhandtenders.gov.in)

The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 में उल्लेखित प्रावधानों के तहत Category-2 के बालूघाट/बालूघाटों के समूह कीई–नीलामी निम्न कार्यक्रमानुसार करायी जाएगी :–

1.ई–नीलामी कार्यक्रमः–

| NIT No. MINES GARHWA /SAND | बालूघाट या बालूघाटों के समूह जिसे एक इकाई बालू घाट मानते हुए नीलामी किया जाना है, की विवरणी। | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/–रू0+ GST in RCM Mode) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | ई–नीलामी से पूर्व प्री– बीड बैठक एवं प्रशिक्षण का समय एवं स्थान | अग्रधन राशि जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जिला स्तरीय समिति द्वारा जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने तथा प्रारम्भिक वित्तीय प्रस्ताव के मूल्यांकन की तिथि | ई–नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 09/2025 | GROUP – A सुण्डीपुर घाट समूह (सोन घाट–1) | 10.10.2025 (10.00 पूर्वाहन्) | 17.10.2025 10:30 बजे पूर्वाहन् से 4:00 बजे अपराहन् तक समाहरणालय गढ़वा। | 31.10.2025 समय–3:00 बजे अपराहन् तक | 06.11.2025 समय 5.00 बजे अपराहन् तक | 08.11.2025 10:00 बजे पूर्वाहन् से 6:00 बजे अपराहन् तक |
| 10/2025 | GROUP – B गाड़ाकाला घाट समूह (सोन घाट–2) | | | | | |
| 11/2025 | GROUP – C डुमरसोता घाट समूह (सोन घाट–3) | | | | | |
| 12/2025 | GROUP – D मेरौनी घाट समूह (सोन घाट–4) | | | | | |
| 13/2025 | GROUP – E परती घाट समूह (सोन घाट–5–1 | | | | | |
| 14/2025 | GROUP – F गम्हरिया घाट समूह (सोन घाट–5–2, सोन घाट–6) | | | | | |
| 15/2025 | GROUP – G खोखा–चन्दा घाट समूह (सोन घाट–7 | | | | | |
| 16/2025 | GROUP – H खरौंधा घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट–1) | | | | | |
| 17/2025 | GROUP – I सोहगाड़ा घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट–2 नोर्थ कोयल घाट–3) | | | | | |
| 18/2025 | GROUP – J खरसोता घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट–4, नोर्थ कोयल घाट–5) | | | | | |
| 19/2025 | GROUP – K मझिऑव घाट समूह (नोर्थ कोयल घाट–6, नोर्थ कोयल घाट–7, नोर्थ कोयल घाट–8, नोर्थ कोयल घाट–9, नोर्थ कोयल घाट–10 | | | | | |

2. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।
3. बालूघाट/बालूघाटों के समूह की ई–नीलामी प्रक्रिया, ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **www.jharkhandtenders.gov.in** से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म/HUF को ई–प्रोक्योरमेंट
5. पोर्टल https://www.jharkhandtenders.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
6. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि इत्यादि) विस्तृत रूप से जिला के वेबसाईट एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर उपलब्ध है।
7. एतद् संबंधी समस्त सूचना हेतु ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क एवं जिला खनन कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।
8. बालू घाट का तात्पर्य है कि The Jharkhand Sand Mining Rules, 2025 के नियम–3 के तहत जिला सर्वेक्षण प्रतिवेदन (बालू) में चिन्हित Category-2 Sand ghat/Sand Bearing Land/River Stream होगा।
9. निविदादाता द्वारा ई–पोरक्योमेंट/ई–नीलामी पोर्टल से निविदा दस्तावेज के साथ BoQ Templet (For Intital Price Offer) प्राप्त किया जाएगा।BoQ (.xls) प्रारूप में अपलोड किया जाएगा।
10. एतद संबंधी समस्त सूचना https://www.jharkhandtenders.gov.inएवं जिले के website www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

ह0/ कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई, गढ़वा। ह0/ जिला कोषागार पदाधिकारी, गढ़वा। ह0/ जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा।
ह0/ अपर समाहर्ता, राजस्व, गढ़वा। ह0/ उप निदेशक, खान, पलामू। ह0/ उपायुक्त, गढ़वा।

PR 363667 (Mines and Geology) 25-26 (D)

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित हुआ सामरोह

# नई पीढ़ी में देशभक्ति, एकता व आत्मनिर्भरता जरूरी : सांसद

- युवाओं में नशामुक्त जीवन और स्वच्छता का संदेश भी फैलाना है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी सपना रहा है

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सरदार @150 समारोह के आयोजन को लेकर सांसद सुखदेव भगत और उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा प्रेस ब्रीफिंग समाहरणालय सभाकक्ष में की गई। प्रेस ब्रीफिंग में सांसद ने कहा कि लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती देशभर में धूमधाम से मनायी जाएगी। इस अवसर पर भारत सरकार की ओर से कई तरह की कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्देश प्राप्त हैं। इसमें 31 अक्टूबर से 15 नवंबर 2025 तक देश के सभी जिला में एकता पदयात्राएं आयोजित की जाएंगी। इन पदयात्राओं के साथ-साथ स्वच्छता अभियान, पौधरोपण, महिला सशक्तिकरण शिविर, योग एवं स्वास्थ्य शिविर और कई तरह के सामुदायिक कार्यक्रम होंगे। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर, शैक्षिक संगोष्ठी और कार्यशालाएं, वाद विवाद प्रतियोगिताएं, स्वेदेशी मेला, कला/पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे। इन कार्यक्रमों में युवाओं की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सांसद ने कहा कि सरदार @150 समारोह के जरिये नई पीढ़ी में देशभक्ति, एकता और आत्मनिर्भर भरना है। सरदार पटेल में अपने कार्यों में जरिये एकता, अखण्डता और आत्मनिर्भरता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। हमें उन्हीं के कार्यों को आगे बढ़ाना है। युवाओं में नशामुक्त जीवन और स्वच्छता का संदेश भी फैलाना है जो राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का भी सपना रहा है। सरदार पटेल में महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर खेड़ा सत्याग्रह में सक्रिय भूमिका निभायी। बाद में वे असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह, भारत छोड़ो आंदोलन, बर्दोली सत्योग्रह में भी महत्वपूर्ण नेतृत्व किया। बाद में उन्होंने प्रथम उप प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के रूप में 500 से अधिक रियासतों को देश में मिलाकर देश को एकसूत्र में बांधने का कार्य किया प्रेस ब्रीफिंग में सांसद के निजी सचिव आलोक साहू, सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला खेल पदाधिकारी उपवन बाड़ा समेत अन्य उपस्थित थे।

### सरदार पटेल का जीवन आज भी प्रेरणस्त्रोत : डॉ ताराचंद

उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन आज भी सभी के प्रेरणास्त्रोत है। यह पूरा समारोह उनकी जीवनगाथा और उनकी अमिट विरासत को समर्पित है। इस समारोह के जरिये उनके द्वारा किये गये कार्यों को हम विभिन्न कार्यों के जरिये याद करें जिन्होंने भारत को एक मजबूत राष्ट्र और एकसूत्र में बांधने में अपनी भूमिका निभायी। इस समारोह में युवाओं को भागीदारी महत्वपूर्ण होगी क्योंकि युवा ही देश के भविष्य हैं।

## बाइक व टेंपू की टक्कर में एक युवक की मौत

**भंडरा।** भंडरा - लोहरदगा मुख्य सड़क स्थित नन्दनी पुल के समीप बाइक और टेम्पू की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वही आधा दर्जन से अधिक घायल हो गए। सभी घायलों को भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। गम्भीर रूप से घायलो को बेहतर इलाज के लिए सदर रेफर कर दिया गया। घायलों की पहचान भैंसमुंदो निवासी विनोद महली के पुत्र सुभाष महली , फूलमइत देवी पति मोशन साहू ग्राम अरेया लोहरदगा , रीता देवी पति सुरेन्द्र महतो घाटा गगेया थाना सेन्हा , भिनसरिया उरांव पति बुधवा उरांव ग्राम गडरपो , सुमंती कुमारी पिता सरत महतो ग्राम बाघा , दशमी कुमारी पति दुर्गा उरांव ग्राम घाघरा जिला गुमला , सनाजो उरांव पति सुरेश उरांव ग्राम उगरा थाना सेन्हा , जयमुनि देवी पति सुरेन्द्र उरांव लोहरदगा छतर बगीचा के रूप में किया गया। जानकारी के मुताबिक बाइक चालक मुड़मा मेला देखकर लौट रहे थे। उसी दौरान नन्दनी पुल के समीप लोहरदगा की ओर से चट्टी आश्रम जा रही ऑटो से सीधे टक्कर हो गई।

## लैंगिक समझ सुदृढ़ करने हेतु क्षमता विकास कार्यशाला आयोजित

**गुमला।** गुमला जिले में महिला अग्रिम पंक्ति सेवा प्रदाताओं – जलसहियाओं के नेतृत्व कौशल और लैंगिक समझ को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में कुल 53 प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यशाला का आयोजन प्रदान, गुमला द्वारा जल जीवन मिशन के सहयोग से वीमेन फॉर वाटर प्रोजेक्ट के तहत किया गया। कार्यक्रम में जल प्रबंधन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष जोर दिया गया और गुमला जिले में जल एवं स्वच्छता पहलों को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रदान और जल जीवन मिशन के बीच सहयोग पर विचार-विमर्श किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।**

**निविदा रद्द संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित **PR संख्या–363221 Building (25-26) D** एवं अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– **(17/2025-26/EE/BCD/LATEHAR)** द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा **(Construction of Two Extra Room in DDC Residence at Latehar)** को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

PR 363654 (Building) 25-26 (D)

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार



कार्यालयः– जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति, लातेहार, झारखण्ड।
पत्रांक................/(DHS),दिनांक......................../

**आम सूचना**

नगर पंचायत लातेहार में शहरी स्वास्थ्य सहिया का चयन विभागीय मार्गदर्शिका के आलोक में निम्नांकित विवरणी अनुसार किया जाना हैः–

| क्रम | दिनांक | दिवस | नगर पंचायत | वार्ड सं0 | समय | चयन का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15.10.2025 | बुधवार | लातेहार | 04 | 11:00 बजे पूर्वाह्न | बाजरटांड विवाहमण्डप |
| 2 | 15.10.2025 | बुधवार | लातेहार | 04 | 2:00 बजे अपराह्न | खान मोहल्ला, ऑगनवाडी केन्द्र |
| 3 | 16.10.2025 | गुरूवार | लातेहार | 05 | 11:00 बजे पूर्वाह्न | यादव मोहल्ला, देवी मण्डप |
| 4 | 16.10.2025 | गरूवार | लातेहार | 05 | 2:00 बजे अपराह्न | जमीर मोहल्ला, समुदायिक केन्द्र |
| 5 | 17.10.2025 | शुक्रवार | लातेहार | 06 | 11:00 बजे पूर्वाह्न | समुदायिक केन्द्र लोहार पट्टी |
| 6 | 1710.2025 | शुक्रवार | लातेहार | 06 | 2:00 बजे अपराह्न | अटल क्लिनिक डोम टोली |

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार।

PR 363768 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D


## न्यूज बॉक्स

### सेरेंगहातू तोड़ार की नई कमेटी का गठन, जितेंद्र साहू बने अध्यक्ष

**लोहरदगा।** सेरेंगहातू तोड़ार स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आगामी छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।



बैठक की अध्यक्षता पंचायत मुखिया शोभा देवी, दिनेश साहू, अजय पंकज साहू एवं राजू साहू द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी छठ पूजा को पहले की भांति भव्यता, शुद्धता और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विधिवत रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर सर्वसम्मति से नई छठ पूजा समिति का गठन किया गया, जिसमें — जितेंद्र कुमार साहू को अध्यक्ष, आदित्य कुमार साहू को सचिव, रमेश साहू को महामंत्री, दिनेश साहू को कार्यकारिणी अध्यक्ष, प्रदीप साहू को कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्षः राम यादव, सह उपाध्यक्षः पवन साहू, बबलू साहू, रामसुंदर साहू, राहुल उरांव, रामलाल उरांव, सह कोषाध्यक्षः अरुण साहू, ललित यादव, सह सचिवः महेश साहू, आदर्श साहू, विनय प्रजापति, मनु उरांव, रितेश प्रजापति, कार्यकारिणी सदस्यः बलि साहू, अशोक साहू, सावन यादव, मदन मोहन साहू, सूरज साहू, उमेश साहू, अजय साहू, अनु प्रधान, गोलू सहदेव, नवनीत प्रजापति, मुकेश साहू, आजीवन संरक्षकः बलराम साहू, संरक्षकगणः तेजु साहू, जागेश्वर साहू, संजय प्रजापति, मनोज साहू, सूरज उरांव, मोनू उरांव, मीडिया सह प्रभारीः बलेसर साहू, कौशल मित्तल, राहुल यादव को शामिल किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने नई कमेटी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### जाली नोट चलने वाला गिरोह हुआ सक्रिय

**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र में जाली नोट चलने वाला गिरोह सक्रिय हो गया है.गिरोह कई जगह जाली नोट चलाने में सफल हुआ है .कई जगहों पर जाली नोट की पहचान होने पर मामले को रफा दफा किया गया है. जाली नोट चलाने वाला गिरोह के द्वारा पांच सौ एवं दो सौ का नोट व्यापारिक प्रतिष्ठानों में चलाया जा रहा है. इस गिरोह के द्वारा कई जगह जाली नोट चलाया जा चुका है. जिसके कारण भंडरा थाना क्षेत्र में जाली नोट से कई लोग ठगे जा चुके हैं. बाद में उन्हें पता चला कि जो नोट उन्होंने ग्राहक से लिया वह जाली है .जाली नोट में एक ही नंबर का कई नोट चलाया गया है. जिसके कारण एक ही नंबर का कई नोट बाजार में मिल रहा है. जाली नोट चलने वाला गिरोह काफी सफाई से मवेशियों की खरीद बिक्री, पेट्रोल पंप ,बिल्डिंग मटेरियल ,कपड़ा का दुकान, खाद बीज के दुकान सहित जुआ अड्डों में इन नोटों को चलाने का प्रयास किया जा रहा है. किसी दुकान पर जाली नोट की पहचान हो जाने पर गिरोह के सदस्य ऑनलाइन भुगतान कर मामला को रफा दफा कर देते हैं. व्यापारी वर्ग भी इस तरह की लफड़ा में पडने से बचना चाहता है. जिसका लाभ अभी तक जाली नोट चलाने वाला गिरोह को मिल रहा है. इस संबंध में भंडरा थाना के थाना प्रभारी रवि रंजन ने कहा कि मामला की जानकारी प्राप्त हुई है. जाली नोट चलाने वाले गिरोह का पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है. पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है। नोटों के लेनदेन में सतर्कता बरतें।

### कक्षा दस व द्वादश के विद्यार्थियों के लिये विशेष कक्षा प्रारम्भ

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में शिक्षा का स्तर को सुधारने के उद्देश्य से कक्षा दशम और द्वादश के विद्यार्थियों के लिए विशेष कक्षा चलाई जा रही है.दशम और द्वादश का छात्र छात्रओं के लिये विषेश कक्षा चलाने का मुख्य उद्देश्य है.की विद्यालय में संचालित सीबीएसई बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत हो जिसे बच्चे अधिकतम अंक प्राप्त कर परिक्षा में उतीर्ण हो सकें साथ ही कक्षा एकादश में नव नामांकित बच्चों के लिए अलग से अतिरिक्त कक्षाएं चलाई जा रही है.विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने जानकारी देते हुए बताया की कक्षा नवम एवं एकादश का पार्श्व परीक्षा हेतु परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की दिनांक 21.10.2025 तक बढ़ा दी गई है.जिसे कक्षा अष्टम और नवम में अध्ययनरत सभी विद्यार्थोयो एवं अभिभावकों से अपील किया गया है.कि सभी छात्र छात्राएं और अभिभवक कक्षा नवम एवं एकादश के लिए यथाशीघ्र ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरने का निर्देश दिया गया।

## सर्वोच्च सम्मान



## दीक्षा कुमारी को राष्ट्रपति के हाथों मिला एनएसएस का सर्वोच्च सम्मान

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले की बेटी दीक्षा कुमारी को राष्ट्रीय सेवा योजना में बेहतर सामाजिक कार्य और समाज में जागरूकता लाने के लिए राष्ट्रपति भवन में देश के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिला एनएसएस का सर्वोच्च सम्मान। वही राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलने के बाद दीक्षा के लोहरदगा पहुंचे पर लोहरदगा रेलवे स्टेशन में भाजपा के नेताओं और स्थानीय लोगों ने माला पहनाकर और बुके देकर भव्य स्वागत किया। दीक्षा कुमारी रांची विमेंस कॉलेज की एम ए फाइनल ईयर की छात्रा हैं और वह लोहरदगा के उगरा के रहने वाली है। दीक्षा की इस उपलब्धि ने जिले के साथ साथ राज्य का मान बढ़ाया है। रांची विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई से जुड़ी दीक्षा कुमारी के लगातार समाजसेवा और स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत अभियान, साक्षरता अभियान, महिला सशक्तिकरण, नशा मुक्ति अभियान, सड़क सुरक्षा अभियान के साथ राज्य और केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं में हिस्सा लेकर लोगों को जागरूक करने का कार्य लगातार करती आ रही है। इसी को लेकर 6 अक्टूबर को दीक्षा को राष्ट्रपति के हाथों रजत पदक, प्रमाण पत्र और एक लाख रुपए के राशि देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोगो ने कहा जिले की बेटी को राष्ट्रपति के हाथों सम्मान मिलना बड़ी बात है इससे जिले में उत्साह है लोग दीक्षा के कार्यों को सराहना कर रहे हैं।

## पेशरार में हुई घटना बहुत मार्मिक है : पशुपति नाथ पारस

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भाजपा नेता पशुपति नाथ पारस ने पेशरार में हुई हृदय विदारक घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि क्या यह वही समाज है, जो "नारी तू नारायणी" कहकर पूजा करता है? बच्चों में भगवान का स्वरूप देखते हैं? किसी भी निर्दोष को बिना सबूत के "डायन" कहना न्याय नहीं समाज को समझना होगा यह घोर अन्याय और पाप है। यह राज्य के लिए बहुत ही चिंताजनक विषय बन गया है ऐसी घटनाएं हमारे समाज के लिए कलंक और मानवता पर धब्बा है डायन-विसाही को मानना कुप्रथा है । हम सब जानते हैं कि झारखंड जैसे शिक्षित और विकसित हो रहे राज्य में भी आज कई जगहों पर अंधविश्वास, अज्ञानता और डर के कारण महिलाओं को डायन घोषित कर प्रताड़ित किया जाता है।कभी उन पर जादू-टोने का झूठा आरोप लगाया जाता है, तो कभी उन्हें गांव से निकाल दिया जाता है या मार दिया जाता है। हमारा संविधान हर नागरिक को जीने का अधिकार देता है। इसलिए राज्य सरकार ने झारखंड डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 2001 बनाकर ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रयास किया है। परंतु आज भी बहुत सारे कार्य करने की जरूरत दिखाई पड़ रही है।

इस कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति किसी महिला को डायन कहे या उसके साथ हिंसा करे, तो उसे कड़ी सजा और जुर्माना दोनों का सामना करना पड़ता है।

लेकिन कानून तभी प्रभावी होता है जब समाज जागरूक हो। हमें यह समझना होगा कि बीमारी, दुर्भाग्य या मौत का कारण कोई डायन नहीं, बल्कि अज्ञानता, गरीबी और शिक्षा की कमी है।

इसलिए हमें भी मिलकर सहयोग करना होगा ।जागरूक जनता की तरह जिम्मेवार बनना पड़ेगा। गांवों में जन-जागरूकता अभियान चलाना होगा,स्कूलों में बच्चों को विज्ञान और तर्क की शिक्षा देनी होगी, और हर व्यक्ति को यह संकल्प लेना होगा कि अब किसी भी मासूम को डायन नहीं कहा जाएगा, और न ही किसी को अंधविश्वास के नाम पर प्रताड़ित किया जाएगा। हम सब मिलकर झारखंड को इस कुप्रथा से मुक्त करें। क्योंकि जब समाज अंधविश्वास से मुक्त होगा, तभी पूर्ण विकास संभव माना जाएगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ निरीक्षणालय**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**टी0ए0 डिविजन बिल्डिंग, एच0ई0सी0, धुर्वा, राँची–4**

**-:WALK IN INTERVIEW:-**

नियुक्ति विज्ञापन संख्या–02/जेल/2025

**राज्य के काराओं में कक्षपाल/महिला कक्षपाल के रिक्त पदों पर भूतपूर्व सैनिकों (Ex Serviceman) को संविदा पर नियुक्ति हेतु संलग्न प्रपत्र में आवेदन पत्र निम्न प्रकार निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पूर्वाह्न 08:00 से संध्या 04:00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। निम्नांकित किसी एक ही कारा कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से सभी वांछित कागजातों/अभिलेखों के साथ काराधीक्षक के समक्ष उपस्थित हो सकते हैं। यदि एक कारा कार्यालय में नियुक्ति हेतु अयोग्य पाये जाते हैं तो दूसरे कारा कार्यालय में अन्य दिवस को संविदा पर नियुक्ति हेतु उनकी उपस्थिति मान्य नहीं होगी।**

| क्र० | कारा का नाम | रिक्त | | नियुक्ति का स्थान एवं तिथि |
|---|---|---|---|---|
| | | पुरूष | महिला | |
| 1. | मंडल कारा, लातेहार | 1 | 1 | मंडल कारा, गढ़वा दिनांक–08.11.2025 |
| 2. | उपकारा, नगर उँटारी | 26 | 1 | |
| | कुल योग– | 27 | 02 | |

1) भूतपूर्व सैनिकों को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु कुल रिक्त पदों की सं०–**29 (उन्नतीस)** है।
2) यह पद राज्य स्तरीय है।
3) ये नियुक्तियाँ एक प्रकरण में एक (01) वर्ष के लिये होंगी एवं आवश्यकतानुसार अनुबंध की अवधि को विस्तारित किया जायेगा एवं नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गये भूतपूर्व सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जाएगी।
4) अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को एकमुश्त मानदेय `20,000/– (बीस हजार) मात्र प्रति माह की दर से भुगतान किया जायेगा एवं प्रत्येक वर्ष की सेवा अवधि के उपरांत निर्धारित मानदेय में 8% (आठ प्रतिशत) की बढ़ोतरी की जायेगी। इसके अलावे कोई राशि देय नहीं होगी।
5) भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति हेतु अनुबंध में निम्नलिखित शर्ते होंगी :–
 (i) सेवानिवृत्त सैनिकों को अनुबंध पर पुनर्नियुक्ति एक मुश्त मानदेय के आधार पर किया जायेगा।
 (ii) अनुबंध पर रखे गये इन कर्मियों को एक वर्ष में केवल 20 (बीस) दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा।
 (iii) इन्हें यात्रा भत्त एवं दैनिक भत्ता सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार देय होगा।
 (iv) कर्त्तव्यपालन के क्रम में मृत्यु की परिस्थिति में राज्य के पुलिस कर्मियों को जो अनुग्रह अनुदान देय है, वह उन्हें भी देय होगा। परन्तु आश्रित को सरकारी नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं होगा।
 (v) इन्हें पूर्ण अनुशासन एवं निष्ठा कायम रखना होगा। अनुशासनहीनता, कर्त्तव्यहीनता एवं कदाचार चारित्रिक दोष की स्थिति में बिना किसी सूचना के अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।
 (vi) इन्हें चिकित्सा जाँच में पूरी तरह योग्य पाये जाने पर ही अनुबंध पर लिया जायेगा। इसके लिए प्रत्येक भूतपूर्व सैनिकों को व्यक्तिगत रूप से अनुबंध पर हस्ताक्षर करना होगा।
 (vii) ये नियुक्तियाँ अनुबंध पर है तथा नियमित नियुक्ति नहीं है, साथ ही सैन्य सेवा में आरक्षण का प्रावधान नहीं रहने से आरक्षित कर्मियों की संख्या में कमी रहने की संभावना है। अतएव इस स्थिति में इन पदों के नियुक्ति में प्रभावी आदर्श आरक्षण रोस्टर को इस शर्त्त के साथ शिथिल किया गया है कि संविदा नियुक्ति में झारखण्ड वासियों को प्राथमिकता दी जायेगी।
6) अनुबंध पर नियुक्ति हेतु आवेदक का उम्र दिनांक–01.06.2025 को 55 वर्ष से अधिक नहीं होगी। नियुक्ति में कम उम्र वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
7) इन भूतपूर्व सैनिकों को अनुबंध के आधार पर नियुक्ति के पश्चात् प्रथम एक माह तक कक्षपालों के कार्य संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात् उन्हें आवश्यकतानुसार केन्द्रीय कारा या मंडल काराओं/ उपकाराओं में पदस्थापित किया जा सकता है। नियुक्ति होने पर इन्हें तत्काल योगदान करना अनिवार्य होगा।
8) संदर्भित अनुबन्ध पर नियुक्ति के पश्चात बिना सूचना के कार्य से अनुपस्थित होने पर यह माना जायेगा कि वे अपने कर्त्तव्य से भाग गए हैं, इसे अनुशासनहीनता के रूप में देखा जायेगा एवं नियम संगत कार्रवाई की जायेगी।
9) अनुबंध पर नियुक्त भूतपूर्व सैनिकों पर कारा हस्तक के तहत् कक्षपाल के लिए निर्धारित सेवा शर्ते लागू होंगी।
10) **जो भूतपूर्व सैनिक पूर्व में सैनिक अस्पताल में स्वास्थ्य संबंधी कार्य कर चुके हैं उन्हें उनके इच्छानुसार कारा अस्पताल में सेवा ली जा सकती है साथ ही ड्राईवर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य तकनीकी कौशल अथवा योग्यता की जानकारी रखने वाले भूतपूर्व सैनिक को नियुक्ति में प्राथमिकता दी जायेगी।**
11) आवेदन पत्र के साथ निम्नांकित स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करेंगे :–
 (i) डिस्चार्ज कार्ड
 (ii) पहचान पत्र
 (iii) शैक्षणिक योग्यता
 (iv) जाति प्रमाण पत्र
 (v) स्वपता लिखित लिफाफा (24c.m.x11c.m.) जिसपर `45/– का डाक टिकट लगा हो।
 (vi) एक स्वअभिप्रमाणित फोटो कारा में उपलब्ध कराये गये Form में चिपकायेंगे
 (vii) दो स्वअभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो
12) पूर्ण रूप से भरे गए आवेदन पत्र को व्यक्तिगत रूप से Walk in Interview की निर्धारित स्थान एवं तिथि पर हाथो–हाथ प्राप्त किया जायेगा तथा स्वास्थ्य एवं शारीरिक जाँच परीक्षण केन्द्रीय काराधीक्षक तथा कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ निरीक्षणालय द्वारा प्रतिनियुक्त सदस्यों के समक्ष की जायेगी।
13) संबंधित काराधीक्षक तथा कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ निरीक्षणालय द्वारा प्रतिनियुक्त सदस्यों के द्वारा संदर्भित भूतपूर्व सैनिक को उपयुक्त पाये जाने पर तत्काल एकरारनामा पर हस्ताक्षर कराकर औपबंधिक रूप से स्वीकृत करते हुए अनुमोदन हेतु तत्काल महानिरीक्षक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ, झारखण्ड को समर्पित किया जायेगा।
 **उक्त जाँच में सम्मिलित होते समय वे अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होंगे। मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर उनके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों को किसी तरह का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।**
14) यह विज्ञापन, आवेदन प्रपत्र एवं घोषणा पत्र www.jharkhand.gov.in वेब साईट पर Home Department के लिंक से डाउनलोड किया जा सकता है तथा महानिरीक्षक, कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ, झारखण्ड के कार्यालय के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।

**महानिरीक्षक,**
कारा एवं सुधारात्मक सेवाएँ, झारखण्ड

**PR 363728 Prison(25-26)#D**


# सबके सहयोग से तंबाकू मुक्त बनेगा लोहरदगा : डॉ. ताराचंद

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा गुरुवार को तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ जागरूकता रथ को रवाना कर किया गया। उपायुक्त ने समाहरणालय परिसर इस जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। समाहरणालय परिसर में हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि लोहरदगा जिला को सभी के सहयोग से तंबाकू मुक्त बनाएंगे। युवाओं को तम्बाकू से होने वाली बीमारियों से अवगत कराते हुए जागरूक किया जाएगा। तम्बाकू एक ऐसा नशा है जो धीरे-धीरे व्यक्ति के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। इसका सेवन धूम्रपान (सिगरेट, बीड़ी) और गुटखा, खैनी आदि के रूप में किया जाता है। तम्बाकू में निकोटीन नामक हानिकारक रसायन होता है। जो शरीर में कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है जैसे; कैंसर, हृदय रोग, श्वसन तंत्र की समस्याएं और दांतो का खराब होना आदि। तम्बाकू का सेवन केवल स्वयं के लिए नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी हानिकारक होता है, जो लोग तम्बाकू नहीं लेते, वे भी परोक्ष रूप से पैसिव स्मोकिंग का शिकार हो जाते है। इसलिए सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू सेवन पर रोक लगाई गई है। तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 कार्यक्रम दिनांक 09.10.2025 से 07.12.2025 तक चलेगी ताकि हम अधिक से अधिक लोगों को जागरूक कर सके।कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, सिविल सर्जन डॉ राजू कच्छप, एनसीडी नॉडल डॉ. दीनानाथ सिंह, डीपीएम नाजिस अख्तर, ज़िला सलाहकार एनटीसीपी, सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

# न्यूज बॉक्स

## बहू ने सास को जहर पिलाकर की हत्या

**भरनो (गुमला)।** गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र के सुकुरहुटू गांव में इंसानियत को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक बहू ने अपनी बीमार सास को जहर पिलाकर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने आरोपी बहू रानी उरांव को गिरफ्तार कर गुरुवार को गुमला जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार, आरोपी रानी उरांव, जो शनि उरांव की पत्नी है, ने अपनी 87 वर्षीय बीमार सास हना देवी को दो दिन पहले कीटनाशक (यूरिया) पिलाकर मारने की कोशिश की। जब सास की मौत नहीं हुई, तो उसने किसी नुकीली वस्तु से उनके शरीर पर वार कर दिया, जिससे वृद्धा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही भरनो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान रानी उरांव ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तारी के वक्त एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला—आरोपी की तीन साल की बेटी रेशमा मां से अलग होने को तैयार नहीं थी। बच्ची की मासूम जिद और आंसुओं को देखकर पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए उसे भी मां के साथ जेल भेजने की अनुमति दे दी। यह दृश्य देख मौके पर मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गईं। पुलिस पूछताछ में रानी उरांव ने बताया कि उसका पति दूसरे प्रदेश में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता है। घर में चार बच्चे हैं और परिवार का पूरा बोझ उसी पर था। इसी बीच सास की तबीयत लंबे समय से खराब रहने लगी। गरीबी और बीमारी से परेशान होकर वह इलाज नहीं करा पा रही थी। सास रोज मौत की दुआ मांगती थी, जिससे मानसिक रूप से टूटकर उसने यह अमानवीय कदम उठा लिया। अब आरोपी जेल में है, और उसके मासूम बच्चे बेसहारा हो गए हैं। इस घटना ने गांव ही नहीं, पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है।

## एफआरएस में खराब प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में गुरुवार को एफआरएस (फील्ड रिपोर्टिंग सिस्टम) में कमजोर प्रदर्शन करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने की। इस दौरान सेविकाओं के कार्यों की समीक्षा की गई तथा उन्हें अपने प्रदर्शन में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित गौतम दत्ता ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को केंद्र खोलने के बाद जीपीएस फोटोग्राफी, चेहरा प्रमाणिकरण, 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के आधार आईडी व आभा आईडी से संबंधित प्रक्रियाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने एफआरएस पोर्टल के सही उपयोग और डाटा अपलोड में सावधानी बरतने की सलाह दी, ताकि सरकारी योजनाओं का सटीक लाभ लक्षित बच्चों तक पहुंच सके। कार्यक्रम में महिला प्रवेक्षिका उर्मिला कुमारी, सुमन देवी, हुस्नआरा खातून समेत सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद थीं। सीडीपीओ नीलम केरकेट्टा ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र ग्रामीण क्षेत्र में पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य के पहले आधार हैं, इसलिए सेविकाएं अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और तकनीकी दक्षता के साथ निभाएं। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सेविकाओं के कार्य की गुणवत्ता सुधारने और एफआरएस प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## बाल श्रम व उत्पीड़न के खिलाफ जिला प्रशासन ने चलाया जागरूकता अभियान



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई, गुमला द्वारा जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, बाजारों, बस स्टैंड और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों और आम जनता को बाल तस्करी, बाल श्रम और बाल उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करना और समाज में इनके खिलाफ सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। अभियान के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) के पोस्टर और बैनरों के माध्यम से यह संदेश दिया जा रहा है कि किसी भी प्रकार की समस्या या संकट की स्थिति में बच्चे निःशुल्क और गोपनीय तरीके से हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर सकते हैं। जिला प्रशासन ने अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को बाल तस्करी, बाल श्रम या बाल उत्पीड़न से संबंधित कोई सूचना प्राप्त हो, तो तुरंत इसकी जानकारी संबंधित विभाग या चाइल्ड हेल्पलाइन को दें, ताकि प्रभावित बच्चों की त्वरित सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित की जा सके।

## गुमला के गुड़गुड़ा में नया किसान संघ गठित नशा मुक्त, कृषि व शिक्षा पर जोर



**पालकोट (गुमला)।** गुरुवार सुबह 7 बजे राजस्व ग्राम गुड़गुड़ा में बांडा पहान की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नया किसान संघ गठित किया गया। इस संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बने इंदरमइन साहू, सचिव बासिल बॉ, और उपाध्यक्ष जोहन बिलुग। निर्वाचित अध्यक्ष इंदरमइन साहू ने बैठक को संबोधित करते हुए किसानों से अपील की कि वे नशे से दूर रहें, कृषि कार्यों में मन लगाएं, अपने पशुपालकों की देखभाल करें और बच्चों को स्कूल भेजें। उन्होंने सभी सदस्यों से आगामी वर्ष भर कृषि कार्यों को पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ जारी रखने का संकल्प लिया। बैठक में किसान संघ के संरक्षक जयप्रकाश मुंडा, जितबाहन साहू, बघिमा पंचायत उपाध्यक्ष बबलू साहू, उपसचिव सावन लोहरा मुरुमकेला, सचिव दिलीप साहू, बघिमा सचिव कामेश्वर साहू, पहान टोली सचिव रवि साहू सहित ग्राम के कई किसान और ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक के अंत में अध्यक्ष इंदरमइन साहू ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया और बैठक का समापन किया। इस बैठक और नए किसान संघ के गठन से ग्रामीणों में कृषि और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूकता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

## जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज जिले में विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के 15 से अधिक विभागों के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करना, लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करना और जिले के विकास में गति लाना था। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। सिविल सर्जन को सभी सीओ रिपोर्ट संकलित कर दो दिन के भीतर जिला स्तर पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीएचसी, पीएचसी और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के भूमि विवाद, इन्फ्रास्ट्रक्चर और आईएनयूएएस मानकों के अनुपालन पर भी चर्चा हुई।

### उपायुक्त ने तकनीकी विभागों की विशेष समीक्षा बैठक की

# लंबित परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन के निर्देश

- सभी योजनाओं को दो माह के भीतर पूर्ण किया जाए।

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में आज जिले के सभी तकनीकी विभागों के अधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ विशेष समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में चल रहे विकास और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करना और लंबित परियोजनाओं के शीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

बैठक में आरईओ विभाग के अंतर्गत चल रहे कार्यों, पीएम जनमानस योजना के तहत धरती आबा का 61 रोड सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पुराने सभी योजनाओं को दो माह के भीतर पूर्ण किया जाए। इसके साथ ही एनआरईपी, आरसीईडी, आरईओ और बिल्डिंग डिवीजन के लंबित निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। उन्होंने छोटे-छोटे निर्माण प्रोजेक्ट समयसीमा में पूरा करने और लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों पर शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

पीएच ईडी विभाग के जलापूर्ति संबंधी योजनाओं की समीक्षा में लंबित भुगतान शीघ्र पूरा करने और भूमि-संबंधी विवादों को प्राथमिकता से हल करने के निर्देश दिए गए। जिला परिषद संबंधित योजनाओं में उंटाइड फण्ड और डीएमएफटी के अंतर्गत चल रहे कार्यों को समय पर पूर्ण करने और छोटे-छोटे कार्य दिसंबर 2025 से पूर्व पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया। बैठक में पीएम भीम योजना और चैनपुर इनडोर स्टेडियम के कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। एमआई विभाग की बची परियोजनाओं पर भी चर्चा हुई।

रायडीह में स्टेडियम निर्माण कार्य की स्थिति की समीक्षा करते हुए नए कार्यों के लिए प्रस्ताव स्वीकृति पर चर्चा की गई। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने सभी तकनीकी विभागों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं की पूर्ति सुनिश्चित करने और अगली समीक्षा बैठक में अद्यतन प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

## गुमला में 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सिविल सर्जन गुमला के आदेश पर आज सिसई कॉलेज परिसर में "तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0" का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं एनसीडी नोडल डॉ. धुनर्जय सुम्ब्रई द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह 60 दिवसीय विशेष अभियान जिले के युवा वर्ग, स्कूल और कॉलेजों में तंबाकू मुक्ति हेतु जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में सिसई प्रखंड की प्रमुख, सिसई कॉलेज के प्राचार्य अमिताभ भारती, सूबेदार मेजर लेफ्टिनेंट वान लालहुमका, सूबेदार स्याम सुंदर, रिनचिन, भोला, मनोज, लालेश, वंदना एस. होरो समेत जिला परामर्शी और स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही। डॉ. धुनर्जय सुम्ब्रई ने कहा कि तंबाकू का सेवन अत्यंत घातक है, इसमें 4000 से अधिक हानिकारक रसायन पाए जाते हैं, जो कैंसर और अन्य गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं और दूसरों को भी तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। जिला परामर्शी सुमन ने बताया कि तंबाकू छोड़ने वाले व्यक्ति जिले के तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र से निःशुल्क परामर्श और सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। इस अभियान के तहत गांवों को तंबाकू मुक्त घोषित करना, विद्यालयों और महाविद्यालयों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाना तथा तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान की नीति लागू करना लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया कि तंबाकू से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

## ऑटो की छतों पर बैठाए जा रहे बच्चे, बड़ी दुर्घटना को न्योता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में लगने वाले गुरुवार साप्ताहिक बाजार में ऑटो चालकों की मनमानी चरम पर है। यातायात नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाते हुए ये चालक न केवल ऑटो में क्षमता से अधिक सवारियां ठूंस-ठूंसकर भर रहे हैं, बल्कि छोटे-छोटे बच्चों को भी ऑटो की छतों पर बैठाकर उनकी जान जोखिम में डाल रहे हैं। प्रशासन की चेतावनियों के बावजूद यह खतरनाक सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे किसी भी दिन एक बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।गुरुवार को साप्ताहिक बाजार लगने के कारण प्रखंड में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। इसी का फायदा उठाकर ऑटो चालक अधिक मुनाफे के लालच में सारे नियम-कानून ताक पर रख देते हैं। स्थिति यह है कि अंदर सीट पर जहां तिल रखने की जगह नहीं होती।

## एंबुलेंस नहीं मिलने से महिला की मौत ममाले में प्रदर्शन, रिम्स-2 निर्माण की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला में 108 एम्बुलेंस उपलब्ध न होने के कारण एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। महिला को समय पर इलाज न मिल पाने के कारण उसकी जान तड़प-तड़प कर चली गई। इस घटना ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर कमी को उजागर कर दिया। बार-बार झारखंड प्रदेश प्रतिग्रिया महिला एसोसिएशन के बैनर तले लोगों ने सरकार और जिला प्रशासन से 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था सुधारने की मांग की, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासी देवकी देवी ने कहा कि गुमला जिले में रिम्स-2 का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा, "रांची में सरकार द्वारा रिम्स-2 बनाने की योजना है, लेकिन गुमला जिले को प्राथमिकता दी जाए। रेफर करते समय जान चली जाती है, इसलिए गुमला में ही रिम्स-2 बने।" उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो वह अनशन करने के लिए मजबूर होंगी।

देवकी देवी ने कहा कि उनका उद्देश्य केवल जनता की सुविधा सुनिश्चित करना है। उन्होंने अपील की कि गुमला में सभी स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू हों और आपातकालीन सुविधाओं में कोई कमी न रहे।

### थाना प्रभारी की सूझबूझ से सिसई में टली बड़ी घटना

# जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट

**नवीन मेल संवाददाता**






**सिसई (गुमला)।** सिसई मेन रोड स्थित न्यू पेट्रोल पंप के पास गुरुवार सुबह जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। हालांकि सिसई थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह की तत्परता और सूझबूझ से एक बड़ी घटना टल गई। उन्होंने मौके पर पहुंचकर न केवल स्थिति को संभाला बल्कि दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह भी करा दी। जानकारी के अनुसार, सिसई मेन रोड निवासी दुर्गा साहु, उनकी पत्नी विद्या देवी और पुत्र सुनील कुमार के साथ पड़ोसी जाफरान अली, उसका भाई गुफरान अली, मो इमरान अली एवं सैव अली अंसारी के बीच गुरुवार सुबह लगभग 8:15 बजे विवाद हुआ। विद्या देवी दिवाली की तैयारी में अपने आंगन की सफाई और ईंट सोलिंग करा रही थीं, तभी जाफरान और उसके परिजनों ने वहां पहुंचकर काम रुकवाने का धमकी दिया एवं जान से मारने का धमकी दिया और जमीन पर अपना दावा जताते हुए गालीगलौज व मारपीट करने लगे। जबकि विवादित भूमि दुर्गा साहु ने पहले ही जाफरान अंसारी के चाचा सलमान अली से खाता संख्या 157, प्लॉट संख्या 2405, कुल 1.5 डेसिमल भूमि रजिस्ट्री और बंदोबस्ती कर खरीदी थी। इसके बावजूद जाफरान अंसारी उस जमीन पर कब्जे का दावा कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने तुरंत पुलिस बल भेजकर दोनों पक्षों को शांत कराया और थाना बुलाया। थाना परिसर में दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद संतोष कुमार सिंह ने समझदारी और दृढ़ता से मामला सुलझाया। थाने में जाफरान अली, गुफरान अली, मो इमरान अली एवं सैव अली अंसारी ने अपने व्यवहार के लिए माफी मांगी और लिखित रूप में यह स्वीकार किया कि भविष्य में वे उक्त खाता संख्या 157, प्लॉट संख्या 2405 की 1.5 डेसिमल भूमि पर किसी भी प्रकार का दावा या कब्जा नहीं करेंगे। दोनों पक्षों को बॉन्ड भरवाकर छोड़ दिया गया और स्पष्ट चेतावनी दी गई कि यदि पुनः विवाद उत्पन्न हुआ तो कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता और विवेकपूर्ण कार्रवाई से क्षेत्र में संभावित गंभीर घटना टल गई और शांति बहाल हुई।


## कार्यालय, कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज (पलामू)

### इच्छा की अभिव्यक्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उत्पादन बाजार समिति, डालटनगंज अंतर्गत मुख्य बाजार प्रांगण, बैरिया में पूर्व से निर्मित बैंक भवन को भारतीय स्टेट बैंक, कृषि बाजार प्रांगण, नरसंडा शाखा द्वारा खाली कर दिया गया है, जिसे समिति द्वारा पुनः अन्य बैंको/सरकारी संस्थाओं को समिति के राजस्व हित में आवंटित किया जाना है। बैंक भवन का कुल क्षेत्रफल 1715 वर्गफीट है तथा किराया 05.00 (पाँच) रू0 प्रति वर्गफीट की दर से प्रतिमाह निर्धारित है साथ ही उक्त बैंक भवन कहीं–कहीं से क्षतिग्रस्त है जिसे आवंटी द्वारा अपने व्यय से मरम्मति कराना होगा।

यदि कोई भी इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान उक्त बैंक भवन का मरम्मति कराकर उपयोग करने हेतु इच्छुक है, तो वैस बैंक/सरकारी संस्थानों से दिनांक – 15.10.2025 तक आवेदन आमंत्रित किए जातें है।

इच्छुक बैंक/सरकारी संस्थान अपना–अपना आवेदन दिनांक–15.10.2025 तक बाजार समिति, डालटनगंज के कार्यालय में कार्यालय समयावधि में समर्पित कर सकते है। उक्त बैंक भवन के मरम्मति हेतू खर्च की गई राशि किसी भी स्वरूप में बाजार समिति, डालटनगंज द्वारा वापस नहीं की जाएगी एवं उक्त खर्च की गई राशि पर कोई दावा भी मान्य नहीं होगा।

प्राप्त आवेदन के अनुसार पर्षदीय निदेशानुसार निर्धारित नियम एवं शर्त्त के आलोक में उक्त बैंक भवन के आवंटन की प्रक्रिया अपनायी जाएगी तथा किसी भी आवेदन को अस्वीकृत/रद्द करने का अधिकार समिति/पर्षद को सुरक्षित रहेगा। अधिक जानकारी हेतु बाजार समिति, कार्यालय से कार्यालय समयावधि में संपर्क किया जा सकता है।

पणन सचिव
कृषि उत्पादन बाजार समिति,
डालटनगंज (पलामू

PR.NO.363659 District(25-26):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार।

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 18/2025–26 दिनांक– 08.10.2025**

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.10.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 25.10.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 25.10.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।

कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र.सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखंड बारियातु के ग्राम लादु में नीचे टोला से बड़खबरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2228600/- | 45000 /- | 5000/- | 01 (One) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार ।

PR.NO.363653 Building(25-26):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 04/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक–16-10.2025 को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–17-10-2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–17-10-2025 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :– (1) मुख्य अभियंता (यातायात) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) आरक्षी अधीक्षक, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कजरी–पाटन–मनातू पथ के चैनेंज–16.00 से चैनेंज–36.00 कि0मी0 तक में RCC Railing का साधारण मरम्मति/रंग–रोगन कार्य (वर्ष 2025–26) (2nd Call) (Re-tender) | 10,00,000.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 02 Months |

नोटः– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग
पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 363661 District (2526)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 05/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :–कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, डालटनगंज।
2. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री की तिथि एवं समय :–दिनांक–**16-10.2025** को 3:00 बजे अपराहन तक
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**17-10-2025** को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–दिनांक–**17-10-2025** 3.30 बजे अपराह्न में।
5. परिमाण विपत्र (निविदा कागजात) की बिक्री का स्थान :–(1) **मुख्य अभियंता (यातायात)** का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड राँची, अभियंत्रण छात्रावास प्रथम तल्ला धुर्वा, राँची। (2) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में अधीक्षण अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ अंचल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा। (3) **आरक्षी अधीक्षक**, पलामू के कार्यालय परिसर में कार्यपालक अभियंता, प0 नि0 वि0, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज से प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा।
6. निविदा प्राप्त करने एवं खोलने का स्थान :– क्रमांक 5 (पांच) में उल्लेखित कार्यालयो में निर्धारित स्थानों पर।
7. **कार्य का विवरण** :–

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्यपालक अभियंता कार्यालय में सुसज्जीकरण कार्य (वर्ष 2025–26) | 20,00,000.00 | 40,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |

**नोटः**– (1) निविदा आमंत्रण सूचना एवं निविदा की शर्त्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2)निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3)प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल, डालटनगंज

PR 363660 (Road)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

मानसिक दैनंदिनी रखना अच्छी बात है। रात में सोने से पहले थोड़ी देर के लिए बैठो और उस दिन पर पुनर्विचार करो। देखो कि तुम क्या बनते जा रहे हो। क्या तुम अपने जीवन के प्रवाह से प्रसन्न हो? यदि नहीं, तो इसे बदल डालो। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# टैरिफ का जवाब वैश्विक पीआर से

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर आज अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर भारत आए। उनकी यह दो-दिवसीय यात्रा भारत-ब्रिटेन संबंधों में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इस यात्रा को लेकर पहले ही काफी उम्मीदें जताई जा रही हैं। दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार, तकनीकी सहयोग और सुरक्षा सहयोग को गहरा करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना चाहते हैं। ब्रेक्जिट के बाद ब्रिटेन द्वारा नई वैश्विक साझेदारियों की तलाश की पृष्ठभूमि में भारत एक रणनीतिक और आर्थिक प्राथमिकता का प्रतिनिधित्व करता है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि यह यात्रा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लागू करने, कार्यान्वयन चुनौतियों का समाधान करने और क्षेत्र-विशिष्ट अवसरों की पहचान करने के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रदान करेगी। व्यापार के अलावा, स्टार्मर की मौजूदगी जलवायु परिवर्तन, एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता और शासन के बहुपक्षीय ढांचे जैसे वैश्विक मुद्दों पर भारत के साथ बातचीत करने की ब्रिटेन की इच्छा का संकेत देती है। इस वर्ष 24 जुलाई को भारत-ब्रिटेन एफटीए पर हस्ताक्षर हुए थे, जो इस यात्रा के केंद्र में होगा। तीन वर्ष से ज्यादा समय की बातचीत के बाद हुए इस समझौते से टेक्सटाइल्स, लेदर, फुटवियर, खेल सामान, खिलौने, समुद्री उत्पाद, नग और ज्वेलरी, इंजीनियरिंग सामान, ऑटो उपकरण और ऑर्गेनिक केमिकल जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर टैरिफ हटने या कम होने की उम्मीद है। इससे द्विपक्षीय व्यापार में 25.5 अरब पाउंड वार्षिक वृद्धि का अनुमान है और दोनों देशों ने 2030 तक 120 अरब डॉलर के व्यापार का लक्ष्य रखा है। एफटीए को भारत के सबसे व्यापक व्यापार समझौते और ब्रेक्जिट के बाद ब्रिटेन के सबसे आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौते के तौर पर वर्णित किया गया है। यद्यपि, इसकी सफलता के लिए निरंतर ध्यान देना पड़ेगा। प्रमुख चुनौतियों में नियामकीय दिशा सुनिश्चित करना, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना और दोनों पक्षों के लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए बाजार पहुंच को सुगम बनाना शामिल है। स्टार्मर की यात्रा इन परिचालन संबंधी बाधाओं को दूर करने, क्षेत्रीय प्राथमिकताओं पर स्पष्टता प्रदान करने और हितधारकों के बीच विश्वास पैदा करने का अवसर प्रदान करती है। इसके अलावा, ब्रिटेन और भारत द्वारा एफटीए को केवल टैरिफ-कटौती तंत्र से आगे ले जाने के लिए पूरक पहलों की खोज किए जाने की उम्मीद है। इनमें अनुसंधान एवं विकास, नवाचार समूहों, वित्तीय प्रौद्योगिकी और हरित प्रौद्योगिकी में संयुक्त निवेश शामिल हैं। प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में सहयोग को शामिल करके दोनों राष्ट्र एक लचीली, भविष्य-सुरक्षित आर्थिक साझेदारी बनाने का लक्ष्य रखते हैं। स्टार्मर की यात्रा केवल व्यापार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत-ब्रिटेन व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने को लेकर भी है, जिसमें रक्षा, सुरक्षा, तकनीक, ऊर्जा, जलवायु, शिक्षा और लोगों से लोगों के संबंध निहित हैं। भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से भारत-ब्रिटेन के बीच घनिष्ठ सहयोग एशिया में चीन के बढ़ते प्रभाव का प्रतिकार कर सकता है।

***एफटीए को भारत के सबसे व्यापक व्यापार समझौते और ब्रेक्जिट के बाद ब्रिटेन के सबसे आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौते के तौर पर वर्णित किया गया है। यद्यपि, इसकी सफलता के लिए निरंतर ध्यान देना पड़ेगा।***

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंध - एक अलौकिक अनुभव



आज की बात



**लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी**
**पीवीएसएम, एवीएसएम एसएस, पूर्व सैनिक**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजय दशमी के पावन पर्व पर अपनी एक शताब्दी की यात्रा पूरी कर ली है। हम सब ने बहुत कुछ जाने अनजाने में इस संस्था के कार्य और उनकी संरचना के बारे में सुना है या फिर स्वयं भी किसी न किसी रूप में अनुभव किया है। मेरा भी इस संगठन से जुडाव कुछ इसी प्रकार हुआ। मैं 31 मई 2011 को भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुआ। तब तक, मैने इस संगठन के बारे में केवल अखबारों में, पत्रिकाओं में या फिर कभी किसी राजनीतिक चर्चाओं में सुना था। मैं अब यह कह सकता हूं कि एक ऐसा संगठन जिसने अपने आप को केवल मानवता और राष्ट्र को समर्पित कर दिया, मैं स्वयं सेना की नौकरी में कार्यान्वित होने के कारण इस संगठन के उत्कृष्ट कार्यों से अनभिज्ञ रहा। ऐसा भी नहीं, कि मैंने अपने सेना के सेवाकाल में, इस संगठन के कार्यों का अनुभव नहीं किया, लेकिन कभी ध्यान ही नहीं दिया कि, यह निस्वार्थ भाव से सेवा करने वाले, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता है।

सेवानिवृत्त के बाद, मुझे इस संगठन के कुछ कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिला, इसमें मुझे एक अप्रत्याशित सुख का अनुभव हुआ। कभी कभी, कुछ विविध संगठन मुझे अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करने लगे, मैं जाने लगा, मुझे भी जाकर बहुत अच्छा लगता था। आत्मीयता, सहजता, नम्रता का व्यवहार मुझे बहुत ही प्रभावित करता था। सभी को आदर, सदैव भाषा की मर्यादा का पालन, अनुशासन और समय का पालन, मुझे अपने सेना के सेवाकाल की यादों में ले जाता था। धीरे-धीरे, मै बिल्कुल राष्ट्रीय स्वयंसेवक की कार्यशैली में पूरी तरह से रम गया। मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के सम्पर्क में भी आने लगा, उनकी विचारधारा, नैतिक मूल्य और राष्ट्र के प्रति सम्पूर्ण समर्पण की भावना मुझे बहुत ही प्रभावित करने लगी, क्योंकि ये वही मूल्य थे जिनको मैं सेना में रहते हुए पूर्णरूपेण स्वीकार कर चुका था। इसलिए मुझे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में फिर से अपनापन लगने लगा और मैं प्राकृतिक रूप से इस परिवार का एक छोटा सा हिस्सा बन गया। 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' का यह वाक्य केवल वाक्य नहीं है, मैने इन 12/13 वर्षों में इस पर कैसे अमल किया जाता है स्वयं देखा है। 'संकल्प से सिद्धि' किस प्रकार प्राप्त होती है, यह मैंने अनुभव की है। जब भी कोई समस्या, किसी भी क्षेत्र से हो, आती है, तो उस पर गहन विचार किया जाता है, सामूहिक चर्चा होती है, सभी को पूर्ण स्वतंत्रता होती है अपने विचार रखने की, और फिर, इस समस्या के समाधान के विकल्पों पर विचार कर के निर्णय लेने की पद्धति, एक समावेशी कार्यशैली जिसमें सभी भागीदार हों को इंगित करती है। यही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विशेषता है।

मैं पूर्ण रूप से आश्वस्त हूं और पूरे विश्वास के साथ कहना चाहता हूं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एक दैवीय संयोग है। भारत की पहचान, भारत की संस्कृति की निरंतरता, भाषाओं, विरासत, धरोहर और परंपराओं की रक्षा के लिए ईश्वर ने इस संगठन की स्थापना की है। अगर विजय दशमी के दिन, वर्ष 1925 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना परम पूजनीय डा. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा नहीं की जाती, तो हमारे प्रिय भारत का भविष्य क्या होता शायद कोई नहीं बता सकता। केवल कल्पना की जा सकती है। कठिन परिस्थितियों में, कोई भी साधन न उपलब्ध होने के बाबजूद भी ये मुष्ठी भर कर्मठ, निष्ठावान कार्यकर्ता, अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपना सर्वोच्च समर्पित कर के 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के मार्ग पर प्रशस्ति हो गये और हमारे प्राणों से भी प्यारे भारत की भारतीयता की रक्षा की।

असंख्य कठिनाइयों, सामाजिक, प्रशासनिक, राजनीतिक विरोध और बहुत ही न्यूनतम साधनों के साथ के बावजूद लगन, ये भारत के वीर अपनी प्रतिबद्धता और निष्ठा के साथ समर्पण भाव से केवल राष्ट्र और समाज निर्माण के लिए दृढ़ संकल्प के साथ लगे रहे। भारत को और भारतीयता को बचाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का योगदान अकल्पनीय है, अनुकरणीय है। आज जब यह बटवृक्ष बहत विशाल रुप धारण कर चुका है तो मुझे लगता है कि यह उन महान विभूतियों के संघर्ष, त्याग तपस्या और बलिदान के कारण ही संभव हुआ है। में स्वयं भी एक सैनिक हूं, और निस्वार्थ सेवा, सेवा परमोधर्म, त्याग, बलिदान के अर्थ भली-भांति समझता हूं, लेकिन जो राष्ट्र प्रेम, समाज सेवा और राष्ट्र प्रथम की भावना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक प्रदर्शित करते हैं उसके लिए शायद कोई भी शब्द पर्याप्त नहीं है यह एक उत्कृष्ट, अद्वितीय और अनुकरणीय मूल्य हैं जिनको हम शब्दों में नहीं बांध पायेंगे, केवल इसका अनुभव ही कर पायेंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विस्तार आज राष्ट्र के हर आवश्यक क्षेत्र, जैसे कि आदिवासी और जन जातीय उत्थान, महिला सशक्तिकरण, जनसंख्या असुंतलन, राष्ट्रीय सुरक्षा, परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, विज्ञान और तकनीकी विकास, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और आधुनिकीकरण, कृषि क्षेत्र में सुधार, प्रचार के विश्वसनीय माध्यम, विमर्श निर्माण, शिक्षा पद्धति का भारतीयकरण, क्रीडा विकास, नागरिक कर्तव्य, नक्सली गतिविधियां पर नियंत्रण पूर्वोत्तर राज्यों का विकास, व्यक्ति/चरित्र निर्माण, भारतीय विरासत/परंपराओं की रक्षा, पारंपरिक भाषाओं का उत्थान, भारतीय खान-पान में गर्व, राष्ट्रीय तीज त्यौहारों को उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना, आधार भूत संरचना का विकास, न्याय व्यवस्था का भारतीयकरण, प्रशासनिक सुधार, रोजगार के अवसर, स्वाबलंबन, पर्यावरण, आत्मनिर्भरता, इत्यादि सभी क्षेत्रों में बहुत ही गुणात्मक रूप से हो चुका है। बहुत ही उत्कृष्ट और अकल्पनीय कार्य हो रहा है। भविष्य के लिए भी बिल्कुल स्पष्ट प्रतिमान स्थापित किये जा चुके हैं और उनको प्राप्त करने के लिए पूरी गति से कार्य चल रहा है।

एक बहुत ही महत्वपूर्ण दृष्टिकोण की तरफ में आप सब का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। इस संगठन में जब आप पूरी तरह से रम जाते हैं तो आप को स्वयं यह अनुभव होता है कि आप राष्ट्र के सबसे शिक्षित, अनुभवी और त्यागी महापुरुषों के बीच में है। सभी पढ़े-लिखे हैं, अनुभवी है और यह सब अनुभव केवल पुस्तकों से न होकर, जमीन पर जाने से, लोगों से मिलकर, स्वयं अनुभव करके और कुछ प्रतिष्ठित और ज्ञानी लोगों से चर्चा करके प्राप्त हुआ है। जब भी आप कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श करते हैं तो आपको एक बहुत ही रोचक अनुभूति होती है। सादा जीवन उच्च विचार को चरितार्थ करते हुए, यह संगठन और स्वयंसेवक कभी भी, किसी भी उपलब्धि का श्रेय लेने को मुखर नहीं रहते, श्रेय लेना उनका व्यक्तित्व नहीं है। सदैव इनका भाव रहता है राष्ट्र की, मानवता की, पर्यावरण की परिवार की समाज की किस प्रकार सेवा की जा सकती है। सेवा, सहायता, विकास, प्रगति गरीब कल्याण, सामाजिक समरसता और राष्ट्र की एकता एवं अखंडता ही इस संगठन का मूल मंत्र है और ये भारत के वीर उस पथ पर निश्चल, निडर होकर सदैव आगे बढ़ते जा रहे हैं। मेरा यह सौभाग्य रहा कि जाने अनजाने में ही सही मैं इस अद्वितीय संगठन से जुड गया हूं। मैं स्वयं अपने आपको गौरवान्वित अनुभव करता हूं कि एक ऐसा संगठन जो भारत, भारतीयता, और भारतीयों के लिए कार्य करती है और राष्ट्र निर्माण और राष्ट्र प्रथम के अतिरिक्त इसके केंद्रबिंदु में और कोई भी विचार नहीं है, मैं उस संगठन से संबंधित हूं। इस दौरान मैं कुछ अभूतपूर्व महानुभावों से भी मिला जिन्होंने मेरे जीवन को एक सकारात्मक नई दिशा दी है। मेरे अपने व्यक्तित्व में भी मैं बहुत कुछ सकारात्मक परिवर्तन देख सकता हूं। मैं जितना भी इस संगठन से जुडता जा रहा हूं मुझे उससे भी ज्यादा सुख की अनुभूति होती है। यह मैं समझता हूं कि एक दैवीय प्रवृत्ति है कि आप जब त्यागी, निस्वार्थवादी महानुभावों से मिलते हैं तो सकारात्मक ऊर्जा का निर्माण होता है और आप अपने-आप सबल होकर इन राष्ट्र प्रेमियों के साथ कदम से कदम मिलाकर कर भारत को यश और कीर्ति के शिखर पर ले जाने के मार्ग पर प्रशस्त हो जाते हैं। मैं अपने अदभुत अनुभूति को इसलिए लिख रहा हूं कि जिनके भी हृदय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बारे में कुछ भ्रांतियां हैं वो अवश्य ही इस संगठन से जुड़ें, सभी भ्रांतियां दूर हो जायेंगी, और एक नवीन ऊर्जा का निर्माण होगा जो सकारात्मक होगी और राष्ट्र और व्यक्ति के निर्माण में सार्थक होगी।

**तेरा वैभव अमर रहे मां।**
**हम चार दिन रहें न रहें।**
**भारत माता की जय**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# राष्ट्रीय डाक दिवस पर पुरानी स्मृतियां ताजा हो गई हैं

डाक से हमारा अभिप्राय प्रायः चिट्ठी से ही होता था। समय अनुसार अतिरिक्त अन्य उपयोगी सेवाएं भी जैसे तार, धनादेश आदि डाक में सम्मिलित होते गए। हमारे स्कुली पाठ्यक्रम में एक कविता थी 'डाकिया'। डाकिया की खास छवि हममें बसी रहती थी - खाकी फुल पैंट, खाकी कमीज, खाकी टोपी, एक लंबी थैली, साइकिल सवार और सहृदय। हम प्रतीक्षा करते थे अपनी डाक का। चिट्ठियां संप्रेषण, संवेदन और सूचना का सशक्त माध्यम होतीं थी। पोस्टकार्ड, जवाबी पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र या फिर लिफाफे में बंद चिट्ठियां उन दिनों बड़ा महत्व रखती थी। चिट्ठी लिखते समय संबोधन पर विशेष ध्यान होता था और अंत में आदर युक्त/ स्नेहयुक्त भाव से पूरा होता था। आज डाक दिवस पर चिट्ठियों के सुनहरे दौर का विशेष स्मरण।

मैंने पहली चिट्ठी किसे लिखी अथवा किससे प्राप्त हुई बिल्कुल भी ध्यान में नहीं है। हां, छात्र जीवन में जब मैं कॉलेज की पढ़ाई के लिए जमशेदपुर रहने लगा तब पूज्य पिताजी की चिट्ठियां जो बहुत प्रेरक एवं सुंदर शैली में लिखी होती थी मिलने लगी। पूज्या मां भी कभी-कभी मुझे चिट्ठियां लिखतीं थी। कोलकाता पढ़ाई हेतु गया तब वहां नियमतः पज्य पिताजी और पज्या मां की चिट्ठी आने लगीं; जिनका मुझे बेसब्री से इंतजार रहता था। शाम को छात्रावास पहुंचते ही पूछता, मेरे लिए कोई चिट्ठी आई है। मेरे नाना जी भी चिट्ठियां भेजते थे। बहुत सुंदर लिखावट थी उनकी, लिफाफे के ऊपर लिखा होता था चिट्ठी मिले हमारी बाई को, और यह चिट्ठी हमारी माता जी को ही दी जाती थी। अब एहसास होता है कि व्यक्ति विशेष की लिखावट में भी एक लय होती है, सुगंध होती है, और उस चिट्ठी में एक धुन बनती है जिसे लिखने वाला और पढ़ने वाला दोनों ही पढ-समझ सकते थे, अनुभूत करते थे। पत्र लिखना एक कौशल भी होता था। पत्र लेखन व्यक्तित्व का परिचायक भी होता था। स्वतंत्रता आंदोलन के बीच भी पंडित जवाहरलाल नेहरु जी ने अपनी पुत्री इंदिरा को अनेक प्रेरक पत्र लिखे। उनके पत्रों को एक पुस्तक का रूप भी मिला - "पिता के पत्र पुत्री के नाम"।

आधुनिक वर्तमान दौर में मोबाइल फोन ने चिट्ठियों को धकेला ही नहीं वरन धुंधला सा कर छोडा है। इससे व्यक्तित्व विकास का ह्रास ही हुआ है। अनेक वरिष्ठजनों से भी मेरे पत्राचार हुए हैं। उन सभी पत्रों को मैंने संजोकर रखे हैं। वे सारे पत्र अब मेरे लिए धरोहर बन गए हैं।

आप की बात



**आलोक तुलस्यान**

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# परिणीता का श्रृंगार : तेरे प्रति मेरा प्यार

धर्म की बात



**डॉ. रीना रवि मालपानी**
(कवयित्री एवं लेखिका)

करवाचौथ का पावन पर्व एक अप्रतिम, अद्वितीय रिश्ते की सुंदरता का स्मरण कराता है, जिसमें एक-दूसरे को समझने से लेकर एक-दूसरे को अपनाने तक का भाव निहित होता है। कैसे किसी के प्रेम को सर्वस्व मानकर सहर्ष सुख-दुःख का अनुभव किया जाता है। किस प्रकार एक व्यक्ति में पूरी दुनिया की खुशियाँ सिमट जाती है। अविश्वास से भरी दुनिया में ऐसे विश्वास से भरे जीवन साथी का मिलना एक परम सौभाग्य की निशानी है। ऐसा हमसफर जो आपके भावों के अनकहे स्वर को समझकर अभिव्यक्ति देता है, जो डगमगाते कदमों को थामकर उसमें नवीन ऊर्जा संचारित करके फिर से जीवन का पथ प्रदर्शन करता है। अनुकूल जीवन साथी मिलना तो मनुष्य जीवन में प्रेम की यात्रा को सरलता एवं पूर्णता से पूर्ण कराने की ओर अग्रसर होता है। प्रेम की अभिव्यक्ति तो अत्यंत सरल है, परंतु प्रेम के प्रति समर्पण अत्यंत कठिन है। गृहस्थी की यात्रा में जीवन की असली रौनक धन एवं बाहरी संसाधनों पर निर्भर नहीं बल्कि निश्छल प्रेम में प्रतीत होती है।

***निशाकर का इंतज़ार, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
***परिणीता का श्रृंगार, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
***व्योम का निहार, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
*कुमुदकला का निखार, तेरे प्रति मेरा प्यार।*

ईश्वरीय लीला में प्रेम के प्रति समर्पण शिव और सती के चरित्र में दृष्टिगोचर होता है। शिव सती के प्रति समर्पित थे और सती शिव के प्रति। शिव के निरादर के कारण सती ने आत्मदाह कर लिया और सती के कारण शिव उनके शव को लेकर व्याकुल होकर यत्र-तत्र विचरण करने लगे। ऐसा ही अनूठा प्रेम हमें श्री राम एवं सीता के चरित्र में दिखता है। जिन सीता माता ने भगवान श्री राम को स्वर्ण मृग पर मोहित होकर लाने की इच्छा प्रकट की उन्हीं माता ने स्वर्ण लंका को तुच्छ मानकर उसका तिरस्कार किया। प्रभु श्री राम जानते थे कि स्वर्ण का कोई मृग नहीं होता परंतु अपनी अर्धांगिनी की इच्छा पूर्ति के लिए वे वन की ओर गए। जब प्रभु श्री राम और माता सीता वनवास का समय व्यतीत कर रहे थे तो उस परिस्थिति में भी श्री राम, माता सीता को पुष्पों की श्रृंगार सामाग्री भेंट किया करते थे। कृष्ण, राधा के प्रेम में राधा ने सदैव कृष्ण से निःस्वार्थ प्रेम किया। राधा ने कभी द्वारिकाधीश राजा से प्रेम नहीं किया बल्कि उस कृष्ण कन्हैया से प्रेम किया जो गौ चराया करता था। जो माखन चोर था। जो गोपियो के साथ रास रचाता था और जो मुरली मनोहर था। राधा, कृष्ण के प्रति समर्पित थी और इस समर्पण में सदैव कृष्ण की प्रसन्नता ही प्रमुख थी और कृष्ण भी सदैव राधा के नाम के स्मरण से प्रफुल्लित होते है, इसलिए उन्होंने अपनी आराधना और जीवन में राधा को सर्वोच्च स्थान दिया।

***प्रभा का आधार, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
***दीर्घायु कीचाह, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
***सुहृद का स्वरुप, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
***क्षुधा की पुकार, तेरे प्रति मेरा प्यार।***

अखंड सौभाग्य के प्रतीक इस त्यौहार में नारी के मस्तक पर शोभित बिंदी मुखमंडल की शोभा बढ़ाती है। जुड़ा, गजरा, चूड़ी सभी अलंकार से वह अपने आप को सुशोभित करती है। सोलह श्रृंगार से उत्साह और उमंग के नवीन पुष्प हृदय में पल्लवित होते है। श्रृंगार की मनमोहिनी छवि से वह अपने आप को संवारती है। प्रेम ही जीवन में सौन्दर्य को प्रकाशित करता है। नारी चाहती है कि उसके पति उसकी खामोशी, अल्हड़पन, जिद, हँसना, रोना, हर मनोभाव को समझे और प्रत्येक परिस्थिति में वह उसके प्रेम को ही सर्वोपरि ही माने।

प्रेम पूर्णतः एहसासों की अभिव्यक्ति है। मौन होकर यदि शब्दों को प्रतिपादित किया जा सकें तो यह प्रेम का यथार्थ स्वरूप है। प्रेम में व्यक्ति को समभाव से अपनत्व प्रदान किया जाता है। गुण एवं दोषों से परे केवल उसमे प्रेम ही सर्वस्व होता है। जीवन साथी की बुराइयों एवं कमियों को भी समय के साथ-साथ अच्छाइयों में परिवर्तित करने की शक्ति प्रेम में है। प्रेम निश्छल भाव से किया जाता है। हृदय की क्षुधा को प्रेम के भावों से ही तृप्ति मिलती है। करवाचौथ का त्यौहार परस्पर प्रेम, सम्मान एवं त्याग का पर्व है। निशाकर की प्रतीक्षा में भी प्रेम का भाव ही सर्वोपरि होता है। हर श्रृंगार में जीवन साथी की खुशी निहित होती है। यह सौंदर्य का अनूठा श्रृंगार जीवन साथी के प्रति अद्वितीय प्यार को प्रदर्शित करता है। करवाचौथ के दिवस की भांति गृहस्थी की यात्रा में प्रेम, अपनत्व एवं अनूठे श्रृंगार में न्यूनता न आने दे। प्रेम की अभिव्यक्ति समय एवं तिथि पर निर्भर नहीं है। जीवन में प्रेम की अभिव्यक्ति जीवन को पूर्णता प्रदान करती है एवं जीवन में उत्साह एवं आनंद के प्रसून प्रफुल्लित करता है।

***सलिल का पान, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
***अर्क का पर्याय, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
***सौभाग्य का सूत्रधार, तेरे प्रति मेरा प्यार।***
***अपनत्व का उपहार, तेरे प्रति मेरा प्यार।***

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

त्रेता में करके गये, जहां मिला जो काम।
बल्कल में क्यों घूमते, 'कलि' के सारे 'राम' ??

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# मानसिक यातनाओं में परिवर्तित होने वाले मानसिक खेलों में लगातार वृद्धि

अलग बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**
लेखक

मनोविज्ञान विचारों, भावनाओं और व्यवहारों को समझने में मदद करता है, जिससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है और अपनी कमज़ोरियों को पहचानने और सुधारने की क्षमता बढ़ती हैं। दिमागी खेलों का इस्तेमाल हमेशा दूसरे व्यक्ति की भावनाओं और कार्यों को प्रभावित एवम उन्हें नियंत्रित करने के लिए किया जाता है, जो किसी व्यक्ति को कुछ खास कार्य करने के लिए मजबूर करते है, कभी-कभी रिश्तों में बढ़त हासिल करने, अपनी कमज़ोरियों को ज़ाहिर नहीं करना, किसी रिश्ते में हावी होने की इच्छा, किसी की दिलचस्पी बनाए रखने, ध्यान आकर्षित करने या धोखा देने के लिए दिमागी खेल खेलते है, दूसरे शब्दों में, दिमागी खेल मनोवैज्ञानिक हेरफेर हैं। कार्यस्थल पर दिमागी खेल अक्सर गुप्त एजेंडे, हेरफेर, शक्ति की गतिशीलता और अन्य सूक्ष्म मानसिक चालें शामिल होती हैं। भावनात्मक बुद्धिमत्ता की कमी अक्सर स्वार्थी और अदूरदर्शी व्यवहार की ओर ले जाती हैं। दिमागी खेल खेलने वाला व्यक्ति, जो नियंत्रणकारी, धोखेबाज़ या मनोवैज्ञानिक दुर्व्यवहार में लिप्त होता है, उन्हें मैनिपुलेटर या नार्सिसिस्ट कहा जाता हैं। दिमागी खेल हमारे भावनात्मक स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डालते है, यह कुछ हद तक ठीक है, क्योंकि इससे रिश्तों में लचीलापन आता है, लेकिन लगातार इस तरह के दिमागी खेल खेलना मानसिक यातनाए बन जाती हैं। सीधा और साफ संवाद कई दिमागी खेलों को रोक सकता हैं। चालाकी भरे व्यवहार पर बात करते समय, आपने जो देखा है और उससे आपको कैसा महसूस होता है, उसके बारे में स्पष्ट रहें। विश्व मानसिक स्वास्थ्य महासंघ अनुसार, इस साल 2025 में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम "सेवाओं तक पहुँच - आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य" हैं। मानसिक स्वास्थ्य विकार 200 से ज़्यादा प्रकार के होते हैं। तनाव विकार, जुनूनी-बाध्यकारी विकार, सामाजिक भय और सामान्यीकृत चिंता विकार, अवसाद और द्विध्रुवी विकार जैसे मनोदशा संबंधी विकार व अन्य। हमारे देश में मनोचिकित्सक की भारी कमी है, लोग मानसिक विकार से गुजरते हुए भी अधिकतर खुद को विकारग्रस्त नहीं मानते। शरीर की भांति मन का भी रोज व्यायाम होना चाहिए, उसे भी पोषक वातावरण बेहद आवश्यक होता हैं। जीवन में कभी किसी व्यक्ति की आदत या अत्यधिक निर्भरता पर नहीं रहना, क्योंकि उस व्यक्ति के जाने के बाद या उसके व्यवहार में बदलाव के बाद हम भावनात्मक रूप से टूटने के कगार पर पहुंच सकते हैं।

महिलाएं भावनात्मक सुरक्षा की कमी, शक्तिशाली या नियंत्रण में रखने की चाहत, चोट लगने के डर या अपनी असुरक्षाओं के प्रतिबिंब जैसे कारणों से मानसिक खेल खेलती हैं। ये हथकंडे बचाव के तरीके या किसी पुरुष की प्रतिबद्धता और आकर्षण को परखने के प्रयास हो सकते हैं। नकारात्मक अतीत से कुछ महिलाएं मानसिक खेलों का इस्तेमाल एक बचाव के तरीके के रूप में भी करती हैं। प्रेम और आकर्षण के बीच के अंतर को समझना जरूरी अन्यथा गलतफहमियां बढ़ती है और बहुत बार रिश्तों में अवांछित या हिंसक मोड़ आ जाता हैं। कभी भी आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचें और खुशी में कोई वादा या अतिशीघ्र निश्चय न लें, क्योंकि भावनाओं में आकर फैसले नहीं किये जाते। किसी भी रिश्ते की नींव भरोसा और एक दूसरे के प्रति भावनात्मक समानता होती है, जब भी इनमें दरार आये तो उस रिश्ते की मजबूती पर सवाल उठते हैं। उदाहरण के लिए मानते हैं कि, एक पुरुष और एक महिला आपस में अच्छे मित्र है, दोनों एक-दूसरे के प्रति सन्मान और आदरभाव रखते हैं। इसमें पुरुष मित्र बेहतर और जिम्मेदार साथी है, जो हमेशा अपने महिला मित्र के खुशी के बारे में विचार करता है, परंतु महिला मित्र खुद के बारे में ज्यादा सोचती है, पुरुष मित्र के विचारों को सुनना, समझना या उसके दुःख-सुख को जानने में रूचि नहीं लेती हैं। महिला मित्र अधिक से अधिक पुरुषों का ध्यान आकर्षित करना चाहती है, वह सामने वाले पुरुष को बिना जाने-पहचाने ही तारीफों के पुल बांधने लगती है, सोशल मीडिया पर, कार्यस्थल और अन्य स्थान पर भी उसके ऐसे ही अनेक पुरुष मित्र है, जिनसे वह यही समान व्यवहार करती हैं। इसका मतलब कि वह महिला मित्र हर पुरुष मित्र से मनोवैज्ञानिक खेल खेलती हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

**योगी जैसा कोई नहीं : मायावती**

# भारी भीड़ के बीच बीएसपी ने बदला यूपी का सियासी गणित

● **मायावती ने समाजवादी पार्टी (सपा) को "दोमुँहा" करार दिया, कहा सत्ता में रहते दलितों को भूल जाते हैं और सत्ता से बाहर होते ही उन्हें याद करते हैं**



**एजेंसी । लखनऊ**

बसपा सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को समाजवादी पार्टी को दोमुँहा करार देते हुए उस पर सत्ता की चाह में दलित नायकों को अपने साथ शामिल करने का आरोप लगाया। बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि पर एक रैली को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि सपा सत्ता में रहते हुए दलितों को भूल जाती है और ज़रूरत पड़ने पर ही उन्हें याद करती है। सत्ता में रहते हुए इन्हें न तो पीडीए याद आता है, न ही इससे जुड़े संत, गुरु और महापुरुष। लेकिन सत्ता जाते ही इन्हें अचानक हमारे संत, गुरु और महापुरुष याद आने लगते हैं। लोगों को ऐसे दो मुंहे लोगों से बहुत सावधान रहने की ज़रूरत है। राज्य की राजधानी लखनऊ में, जहाँ मायावती कभी मुख्यमंत्री हुआ करती थीं, इस रैली में भारी भीड़ उमड़ी। अपने भाषण में उन्होंने सपा पर दलित स्मारकों और पार्कों को उपेक्षा के कारण जर्जर होने देने का आरोप लगाया। मायावती ने कहा उन्होंने अपने रखरखाव पर एक रुपया भी खर्च नहीं किया। टिकटों से मिलने वाली कमाई भी उन्होंने अपने पास रख ली। लेकिन अब जब वे सत्ता से बाहर हैं, तो वे यह कहकर सुर्खियाँ बटोर रहे हैं कि वे कांशीराम जी के सम्मान में सेमिनार आयोजित करेंगे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह सचमुच बसपा संस्थापक का सम्मान करते तो अलीगढ़ मंडल के कांशीराम नगर जिले का नाम बदलकर कासगंज नहीं करते। हमने विश्वविद्यालयों और संस्थानों का नाम कांशीराम जी और अन्य महापुरुषों के नाम पर रखा और अनेक कल्याणकारी योजनाएं शुरू कीं, लेकिन सपा सरकार ने उन सबको बंद कर दिया। यह दोहरा चरित्र नहीं तो और क्या है? मायावती ने योगी आदित्यनाथ सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया कि उन्होंने उनकी सरकार के तहत बनाए गए पार्कों और अन्य स्मारकों के रखरखाव का वादा किया था। मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि दर्शकों से ली गई टिकट की राशि का उपयोग रखरखाव के लिए किया जाए। भाजपा सरकार ने हमें आश्वासन दिया कि यह राशि कहीं और नहीं जाएगी, बल्कि केवल रखरखाव के लिए ही इस्तेमाल की जाएगी—और उन्होंने ऐसा ही किया।

## 2027 के चुनाव में अकेले लड़ेगी बसपा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी और कोई गठबंधन नहीं करेगी। लखनऊ में बसपा विचारक कांशीराम की पुण्यतिथि पर आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए मायावती ने कहा कि राज्य या देश के अन्य हिस्सों में गठबंधन करके चुनाव लड़ने से पार्टी को कोई लाभ नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे वोट ट्रांसफर हो जाते हैं, लेकिन दूसरी पार्टी हमें वोट ट्रांसफर नहीं करती, जिससे हमारा वोट शेयर कम हो जाता है। गठबंधन सरकार बनाने पर भी लंबे समय तक नहीं टिकते।

पिछले चुनावों को याद करते हुए, बसपा प्रमुख ने कहा कि जब पार्टी ने पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके विधानसभा चुनाव लड़ा था, तो पार्टी केवल 67 सीटें ही जीत पाई थी। नेता ने कहा, "2007 में हम अपने दम पर बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब रहे थे।" आज़म खान को लेकर चल रही अफवाहों पर, बसपा प्रमुख मायावती ने सीधे तौर पर उनका नाम लिए बिना कहा कि पिछले महीने से ही झूठी खबरें चल रही थीं कि दूसरे दलों के नेता बसपा में शामिल हो रहे हैं और उन्होंने दिल्ली और लखनऊ में उनसे मुलाकात की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मैंने किसी से मुलाकात नहीं की है। मैं किसी से छिपकर नहीं मिलती। बसपा प्रमुख ने दलितों के कल्याण के लिए धन का उपयोग करने के लिए राज्य की योगी आदित्यनाथ सरकार की भी सराहना की। उन्होंने कहा, "हम वर्तमान सरकार के आभारी हैं क्योंकि समाजवादी पार्टी सरकार के विपरीत, इस स्थल पर आने वाले आगंतुकों से एकत्रित धनराशि को वर्तमान भाजपा सरकार ने नहीं रोका है।" उन्होंने आगे कहा कि जब उनकी पार्टी सत्ता में थी और स्मारक का निर्माण हुआ था, तब उन्होंने तय किया था कि आगंतुकों के लिए टिकटों से विशेष रूप से लखनऊ के पार्कों और अन्य स्मारक स्थलों के रखरखाव के लिए राजस्व प्राप्त होगा, और यह धन अन्य उद्देश्यों के लिए नहीं इस्तेमाल किया जाएगा।



# पतियों संग जेल में करवा चौथ मनाएंगी महिला बंदी

**एजेंसी । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने महिलाओं के अधिकारों और सम्मान को मजबूत करने के उद्देश्य से एक पहल के तहत बृहस्पतिवार को घोषणा की कि राज्य भर की विभिन्न जिला जेलों में बंद महिला कैदी 10 अक्टूबर को अपने पति के साथ करवा चौथ मना सकेंगी। आयोग ने यहां एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह निर्णय उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग (संशोधन) अधिनियम 2013 की धारा नौ के तहत लिया गया है। यह प्रावधान आयोग को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि महिलाओं को कारावास में भी उनके भावनात्मक और पारिवारिक अधिकारों से वंचित न किया जाए। आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान ने कहा कि करवा चौथ केवल एक अनुष्ठानिक व्रत नहीं है बल्कि प्रेम, भक्ति और विश्वास का प्रतीक एक त्यौहार है। आयोग का यह कदम जेल की चारदीवारी के भीतर भी स्नेह, सम्मान और भावनात्मक जुड़ाव की भावना को फिर से जगाने का प्रयास है। चौहान ने कहा, महिलाओं के अधिकार न केवल कानूनी हैं बल्कि भावनात्मक और सामाजिक भी हैं। आयोग इन सभी पहलुओं की रक्षा के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर अनुरोध किया गया है।

# प्रशांत किशोर की जन सुराज ने उतारे दिग्गज नेता, जेल में पहली लिस्ट जारी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



राजनीतिक रणनीतिकार से नेता बने प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज पार्टी ने गुरुवार (9 अक्टूबर) को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के लिए 51 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने पटना की कुम्हरार सीट से प्रसिद्ध गणितज्ञ केसी सिन्हा को मैदान में उतारा है। वहीं, करगहर सीट जहां से प्रशांत किशोर के लड़ने की चर्चा थी वहां से भोजपुरी सिंगर रितेश पांडे को उतारा गया है। बिहार में 243 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव दो चरणों में होंगे - 6 नवंबर और 11 नवंबर, जबकि मतगणना 14 नवंबर को होगी। राज्य का राजनीतिक परिदृश्य अस्थिर बना हुआ है, क्योंकि बदलते गठबंधन और आंतरिक कलह दोनों प्रमुख गठबंधनों को आकार दे रहे हैं। वर्तमान में, एनडीए के पास 131 सीटें हैं - जिसमें भाजपा (80), जेडी(यू) (45), हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (4) और दो निर्दलीय शामिल हैं। विपक्षी महागठबंधन के पास 111 सीटें हैं - राजद (77), कांग्रेस (19), सीपीआई(एमएल) (11), सीपीआई(एम) (2) और सीपीआई (2)।

**26/11 मुद्दो पर सभी पार्टी में धमाशान**

# 26/11 पर कार्रवाई रोका सोनिया ने पूनावाला का गंभीर आरोप

**एजेंसी । नई दिल्ली**



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आज राजधानी स्थित भाजपा केंद्रीय कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहाँ उन्होंने 26/11 के हमलों के संबंध में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से सवाल किए। उन्होंने कहा कि हमले के समय, जब गृह मंत्री, भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और अन्य मंत्री पाकिस्तान पर जवाबी हमले के पक्ष में थे, क्या सोनिया गांधी ने व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करके यह सुनिश्चित किया कि भारत 26/11 के हमले के बाद पाकिस्तान को करारा जवाब न दे? क्या यह उनकी वोट बैंक की राजनीति थी जिसने उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया?

पूनावाला ने आगे ज़ोर देकर कहा कि गांधी-वाड्रा परिवार को अपनी बात स्पष्ट करनी चाहिए, क्योंकि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। पूनावाला ने याद दिलाया कि राहुल गांधी पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमले में गिरे भारतीय विमानों की संख्या जानने के लिए ज़्यादा उत्सुक थे, जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों को पूरी आज़ादी दी थी। उन्होंने पूछा, "आखिर गांधी-वाड्रा परिवार 26/11 से लेकर अब तक ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की वीरता पर सवाल क्यों उठाता रहा है?" उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान की 'ए' टीम है और उसके प्रति नरम रुख रखती है। उन्होंने आगे दावा किया कि सोनिया गांधी और गांधी-वाड्रा परिवार इसके लिए व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदार हैं। उन्होंने आगे ज़ोर देकर कहा कि गांधी-वाड्रा परिवार को अपनी बात स्पष्ट करनी चाहिए, क्योंकि यह मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है। पूनावाला ने याद दिलाया कि राहुल गांधी पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत के जवाबी हमले में गिरे भारतीय विमानों की संख्या जानने के लिए ज्यादा उत्सुक थे, जहाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों को "पूरी आज़ादी" दी थी। उन्होंने पूछा, "आखिर गांधी-वाड्रा परिवार 26/11 से लेकर अब तक ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की वीरता पर सवाल क्यों उठाता रहा है?" उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान की 'ए' टीम है और उसके प्रति नरम रुख रखती है। उन्होंने आगे दावा किया कि सोनिया गांधी और गांधी-वाड्रा परिवार इसके लिए व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदार हैं।

## 26/11 मुद्दे पर मोदी के बयान पर चिदंबरम का पलटवार



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों पर भारत की प्रतिक्रिया को पर्याप्त मज़बूत न बताने की टिप्पणी के एक दिन बाद, कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने पलटवार करते हुए कहा कि मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार ने भारत के सबसे भीषण आतंकवादी हमलों में से एक के सामने संयम, परिपक्वता और ज़िम्मेदारी से काम लिया था। X पर एक विस्तृत पोस्ट में, चिदंबरम ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और सरकार ने अत्यंत संयम और परिपक्वता से काम लिया। यह सही फ़ैसला था और इसने दुनिया का सम्मान अर्जित किया।वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि 2008 में सरकार के संयमित दृष्टिकोण ने क्षेत्र में बड़े पैमाने पर तनाव को रोका और यह सुनिश्चित किया कि भारत एक ज़िम्मेदार लोकतंत्र के रूप में अपनी वैश्विक स्थिति बनाए रखे। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को कहा था, "26/11 के हमलों के बाद पूरा देश गुस्से में था। लेकिन उस समय भारत की प्रतिक्रिया कड़ी होनी चाहिए थी। आज का भारत आतंकवाद का जवाब दृढ़ता से और उसके स्रोत पर देता है।" मोदी का यह बयान राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद-निरोध के प्रति भारत के बदलते दृष्टिकोण पर उनकी व्यापक टिप्पणियों का हिस्सा था। इन टिप्पणियों ने भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक वाकयुद्ध को जन्म दे दिया है। सत्तारूढ़ पार्टी ने दोहराया है कि यूपीए सरकार 2008 के हमलों के बाद निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया देने में विफल रही, जबकि कांग्रेस नेताओं ने पूर्ववर्ती प्रशासन की कूटनीतिक और सुरक्षा कार्रवाइयों का बचाव किया है। यह बातचीत 26/11 के हमलों की बरसी से पहले हुई है, जिसमें पाकिस्तान से आए दस आतंकवादियों ने मुंबई में समन्वित हमले किए थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे और 300 से ज़्यादा घायल हुए थे।

## 26/11 के समय गुजरात का सीएम कौन और कांग्रेस का पलटवार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पर निशाना साधा जिसमें मोदी ने 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद कांग्रेस पार्टी की "कमज़ोरी" दिखाने की आलोचना की थी। सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब 26/11 हुआ था, तब वे 10 आतंकवादी गुजरात के तट से आए थे... तब मुख्यमंत्री कौन थे? आप (प्रधानमंत्री मोदी) थे। कई जवानों ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी, लेकिन 10 आतंकवादियों में से नौ मारे गए और एक को फांसी पर लटका दिया गया। लेकिन जब पहलगाम हमला हुआ, तो क्या किसी ने उन्हें रोका। हमने अपने मुख्यमंत्री को हटा दिया और गृह मंत्री को बदल दिया, लेकिन क्या आपने पहलगाम हमले के बाद अपना गृह मंत्री बदला। उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार में राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है और आतंकी हमलों के बाद पाकिस्तान के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की गई है। उनका नाम लिए बिना, प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम के एक हालिया साक्षात्कार का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने 26/11 के हमलों के बाद पाकिस्तान को यूपीए सरकार की प्रतिक्रिया पर चर्चा की थी। हमलों के बाद और शिवराज पाटिल के इस्तीफे के बाद गृह मंत्री बने चिदंबरम ने कहा था कि जवाबी कार्रवाई का विचार उनके मन में आया था, लेकिन सरकार ने वैश्विक दबाव में संयम बरतना चुना। उनकी टिप्पणी का हवाला देते हुए, प्रधानमंत्री ने कांग्रेस से यह बताने को कहा कि विदेशी प्रभाव में सुरक्षा बलों को पाकिस्तान पर हमला करने से रोकने का फैसला किसने किया, और कहा कि देश को जानने का अधिकार है। मुंबई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मुंबई न केवल आर्थिक राजधानी है, बल्कि भारत के सबसे जीवंत शहरों में से एक है। यही कारण है कि 2008 में आतंकवादियों ने एक बड़े हमले के लिए मुंबई को चुना। लेकिन उस समय सत्ता में रही कांग्रेस सरकार ने कमज़ोरी का संदेश दिया, आतंकवाद के सामने आत्मसमर्पण का संदेश दिया।" उन्होंने आगे कहा, "हाल ही में, एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता, जो पूर्व गृह मंत्री भी रहे, ने एक साक्षात्कार में बड़ी बातें उजागर कीं। उन्होंने दावा किया कि मुंबई हमले के बाद, हमारी सेनाएँ पाकिस्तान पर हमला करने के लिए तैयार थीं। पूरा देश यही चाहता था।

# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट‌ए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# 2027 तक ठोस कचरे से बनेगी सड़क : गडकरी

**एजेंसी । नई दिल्ली**



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि 2027 के अंत तक भारत में सभी ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण के लिए किया जाएगा। गुरुवार को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के 120वें वार्षिक सत्र में बोलते हुए, गडकरी ने बताया कि 80 लाख टन कचरे को पहले ही अलग करके सड़क निर्माण परियोजनाओं में उपयोग के लिए चिह्नित किया जा चुका है।

गडकरी ने कहा कि कोई भी सामग्री बेकार नहीं है और न ही कोई व्यक्ति बेकार है। सही तकनीक और नेतृत्व के साथ, हम कचरे को धन में बदल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि 2027 तक, हमारी योजना सभी ठोस कचरे का उपयोग सड़क निर्माण के लिए करने की है। उन्होंने दिल्ली में कचरे के भद्दे "पहाड़ों" की ओर भी इशारा किया और कहा, "हम पहले ही 80 लाख टन कचरे को अलग कर चुके हैं और इसका उपयोग सड़कें बनाने में कर रहे हैं।

मंत्री ने जैव ईंधन और इथेनॉल आधारित ईंधन के क्षेत्र में सरकार की पहल की भी प्रशंसा की और कहा कि भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग अगले पाँच वर्षों में दुनिया का सबसे बड़ा उद्योग बन जाएगा। वर्तमान में, भारत का ऑटोमोबाइल क्षेत्र 22 लाख करोड़ रुपये (2.2 ट्रिलियन रुपये) के बाजार आकार के साथ, अमेरिका और चीन के बाद, वैश्विक स्तर पर तीसरे स्थान पर है।

गडकरी ने कहा कि 2014 में, भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग 14 लाख करोड़ रुपये (1.4 ट्रिलियन रुपये) का था और वैश्विक स्तर पर सातवाँ सबसे बड़ा उद्योग था। हाल ही में, हम जापान को पीछे छोड़कर तीसरे सबसे बड़े उद्योग बन गए हैं। अब, वैकल्पिक ईंधनों—जैव ईंधन, इलेक्ट्रिक वाहन, इथेनॉल, मेथनॉल, बायोडीज़ल, एलएनजी और हाइड्रोजन—में नवाचारों के साथ, हम भारत को ऑटोमोबाइल उद्योग में विश्व में अग्रणी बना रहे हैं।

## करूर भगदड़ मामले में अभिनेता विजय के घर बढ़ी सुरक्षा, बम की धमकी

**चेन्नई।** अभिनेता से नेता बने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख विजय के चेन्नई स्थित घर पर गुरुवार को बम की धमकी मिली। कुछ ही दिन पहले करूर में उनकी रैली में भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई थी। यह धमकी टीवीके की रैली में हुई उस दुखद घटना के बाद विजय की बढ़ती आलोचना के बीच आई है, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। एहतियात के तौर पर विजय के नीलांकरै स्थित आवास के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गहन तलाशी के बाद, पुलिस ने पुष्टि की कि कोई विस्फोटक नहीं मिला और धमकी एक झूठी सूचना थी। फर्जी कॉल के स्रोत का पता लगाने और इसके पीछे के लोगों की पहचान करने के लिए जाँच शुरू कर दी गई है। एहतियात के तौर पर विजय के नीलांकरै स्थित आवास के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। विजय के घर को यह धमकी ऐसे समय में मिली है।

# सरकार बनी तो 20 दिन में सभी को नौकरी का कानून : तेजस्वी यादव

**एजेंसी । पटना**



तेजस्वी यादव ने गुरुवार को एक बड़े चुनावी वादे की घोषणा की, जो राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के लिए बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि अगर अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों में महागठबंधन सत्ता में आता है, तो बिहार के हर घर से एक ऐसे व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी, जिसके पास सरकारी नौकरी नहीं है। तेजस्वी ने ऐलान किया कि हमारी सरकार आने पर हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हर घर में एक व्यक्ति सरकारी नौकरी वाला हो। सरकार बनने के 20 दिन के अंदर हम इसके लिए एक नया कानून बनाएँगे और 20 महीनों में एक भी घर ऐसा नहीं रहेगा जहाँ सरकारी नौकरी न हो। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले उनकी ओर से की जाने वाली कई घोषणाओं में से यह पहली घोषणा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी प्राथमिकता बिहार के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है, न कि उन्हें नीतीश कुमार सरकार की तरह बेरोजगारी भत्ता देना। इससे पहले तेजस्वी यादव ने यह भी कहा था कि हर बिहारी बदलाव लाने वाला मुख्यमंत्री होगा। उन्होंने कहा था कि बिहार की जनता बदलाव चाहती है। वे इस बार महागठबंधन की सरकार चाहते हैं। महागठबंधन सरकार बनाएगा...जब तेजस्वी मुख्यमंत्री बनेंगे, तो बिहार में कोई भी घर ऐसा नहीं होगा जहां बेरोज़गार युवा न हों। जब तेजस्वी आएंगे, तो वे सभी को रोज़गार देंगे। बिहार से बेरोज़गारी जड़ से मिटा दी जाएगी। आज से एक उत्सव शुरू हो रहा है... तेजस्वी के साथ, इस बार हर बिहारी मुख्यमंत्री होगा, वे मुख्यमंत्री होंगे - बदलाव लाने वाले। यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार के लोग गिड़गिड़ाने वाला मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि शेर की तरह दहाड़ने वाला मुख्यमंत्री चाहते हैं। उन्होंने कहा कि 14 नवंबर इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा।

**लाइसेंस निलंबित** | कातिल कफ सिरप से लाइसेंस हमेशा के लिए रद्द

# 22 बच्चों की मौत से फार्मा कंपनी पर गिरी गाज

● **कोल्ड्रिफ सिरप कंपनी के मालिक को चेन्नई की अदालत में पेश किया जाएगा**

**एजेंसी । मध्य प्रदेश**



मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप से जुड़ी 20 बच्चों की मौत के बाद, तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा सुब्रमण्यम ने गुरुवार को बताया कि कंपनी का लाइसेंस अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है और आगे की जांच के बाद दो दिनों में इसे स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा। सुब्रमण्यम ने एएनआई को बताया कि इस विशेष दवा कंपनी का लाइसेंस कुछ दिनों में स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा। इसे अभी अस्थायी रूप से निलंबित किया गया है। आगे की जाँच और निरीक्षण के बाद, दवा कंपनी का लाइसेंस स्थायी रूप से रद्द कर दिया जाएगा। छिंदवाड़ा एसपी के अनुसार, रंगनाथन को आज चेन्नई की अदालत में पेश किया जाएगा और ट्रांजिट रिमांड हासिल करने के बाद छिंदवाड़ा लाया जाएगा। इस बीच, मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला ने बुधवार को बताया कि कोल्ड्रिफ कफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में 20 बच्चों की मौत हो गई है; पाँच का इलाज चल रहा है। इन 20 बच्चों में से 17 छिंदवाड़ा जिले के, दो बैतूल जिले के और एक पांढुर्ना जिले का है। शुक्ला ने संवाददाताओं से कहा कि छिंदवाड़ा, बैतूल और पांढुर्ना जिलों में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना में 20 बच्चों की जान चली गई है। राज्य सरकार काफी सख्त है। छिंदवाड़ा से पुलिस की टीमें कोल्ड्रिफ निर्माण कंपनी के मालिक को गिरफ्तार करने के लिए चेन्नई और कांचीपुरम पहुँच गई हैं और मामले में सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## 22 बच्चों की मौत पर डब्ल्यूएचओ का सवाल किन देशों को भेजी थी दवाएं

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारतीय अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या देश में कम से कम 22 बच्चों की मौत से जुड़ा कफ सिरप अन्य देशों को निर्यात किया गया था। यह कदम कफ सिरप कोल्ड्रिफ की सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उठाया गया है, जिसमें विषाक्त पदार्थ - डायथिलीन ग्लाइकॉल (डीईजी) और एथिलीन ग्लाइकॉल (ईजी) पाए गए हैं। भारतीय अधिकारियों से आधिकारिक प्रतिक्रिया मिलने के बाद, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) वैश्विक चिकित्सा उत्पाद अलर्ट जारी करने पर निर्णय लेगा। यह एजेंसी घटिया या दूषित दवाओं के बारे में देशों को चेतावनी देने के लिए ऐसे अलर्ट जारी करती है। बच्चों को ज़हर पिलाने वाला फार्मा कंपनी का मालिक, पत्नी के साथ भागने की फिराक में था अधिकारियों के अनुसार, मध्य प्रदेश में इस सिरप के सेवन से 22 बच्चों की मौत हो गई है, जबकि पाँच अन्य की हालत गंभीर है और गुर्दे में संक्रमण है। राजस्थान के विभिन्न जिलों से कम से कम तीन और मौतें हुई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बुधवार को इस बात पर स्पष्टीकरण मांगा कि क्या भारत में बच्चों की मौत से जुड़ा कफ सिरप नियमित प्रक्रिया के तहत अन्य देशों को निर्यात किया गया था। इसके जवाब में, भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) ने बुधवार को सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के औषधि नियंत्रकों को निर्देश दिया कि वे कच्चे माल और तैयार दवा उत्पादों को बाज़ार में जारी करने से पहले उनकी गुणवत्ता जाँच को मज़बूत करें।

### आधुनिक संसाधन और शोध सुविधाओं का आकर्षण

# विदेशी शिक्षा व करियर अवसरों की तलाश में भारत छोड़ते प्रतिभाशाली




**कृष्णमोहन सिंह**

**नई दिल्ली।** ब्रेन ड्रेन (प्रतिभा का बाहर जाना ) भारत की एक प्रमुख चुनौती बन गई है, जहां कुशल युवा—विशेष रूप से आईटी, इंजीनियरिंग व विज्ञान क्षेत्रों से—बेहतर अवसरों के लिए अमेरिका, कनाडा, यूके, ऑस्ट्रेलिया , जर्मनी आदि देशों की ओर रुख कर रहे हैं। 2025 तक, भारत की कार्यशील जनसंख्या 83.2 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जो वैश्विक स्तर पर सबसे युवा देश बनाता है।

लेकिन ब्रेन ड्रेन इस संभावना को कमजोर कर रहा है। नीचे, हालिया आंकड़ों (2024-2025) पर आधारित विश्लेषण दिया गया है, जो आईएमएफ, यूएन, स्टेटिस्टा और अन्य स्रोतों से लिया गया। विश्लेषण ट्रेंड्स, कारणों और प्रभावों पर केंद्रित है।

## मुख्य आंकड़े : एक नजर

नीचे प्रमुख संकेतकों की तालिका दी गई है, जो 2010-2025 के डेटा पर आधारित है:

| संकेतक | मूल्य (2024/2025) | ट्रेंड (2010-2024) | स्रोत |
|---|---|---|---|
| ह्यूमन फ्लाइट एंड ब्रेन ड्रेन इंडेक्स (0-10, उच्च=बुरा) | 4.8 (2024) | 2007 में 7.1 से गिरकर 4.8; औसत 5.89 | |
| नेट माइग्रेशन (नकारात्मक=आउटफ्लो) | -6,30,830 (2024); 2022 पीक: -13,53,478 | ज्यादातर नकारात्मक; 2022 के बाद कमी | |
| विदेश पढ़ने वाले छात्र | 18 लाख+ (2025); 2 वर्ष पहले 13 लाख | वृद्धि; खर्च $70 अरब तक (2025) | |
| रिमिटेंस | $118.7 अरब (2023-24); जीडीपी का 3% | 2010-11 के $55 अरब से दोगुना | |
| यूएस में भारतीय S&E वर्कर्स | 29% (विदेशी-जन्मे कुल का) | प्रमुख स्रोत; ब्रेन ड्रेन का संकेत | |
| पीएचडी ग्रेजुएट्स | 24,000 प्रति वर्ष | आईपीआर रॉयल्टी घाटा: $14.3 अरब (2024) | |

### ट्रेंड विश्लेषण

- **इंडेक्स में सुधार, लेकिन चिंता बरकरार:** ह्यूमन फ्लाइट इंडेक्स 2007 के 7.1 से घटकर 2024 में 4.8 हो गया, जो वैश्विक औसत (4.98) से थोड़ा ऊपर है। यह सुधार आंशिक रूप से रिमिटेंस वृद्धि और कुछ रिटर्न माइग्रेशन (ब्रेन गेन) से है। लेकिन 10-50% उच्च-कुशल व्यक्तियों (जैसे वैज्ञानिक) का पलायन जारी है।
- **नेट माइग्रेशन: आउटफ्लो का सैलाब:** 2010-2024 में नेट माइग्रेशन ज्यादातर नकारात्मक रहा। 2022 में रिकॉर्ड -13.53 लाख का आउटफ्लो हुआ, जो कोविड के बाद रिकवरी और विदेशी नौकरियों की मांग से जुड़ा। 2023-24 में कमी (-9.79 लाख से -6.31 लाख) आई, लेकिन 2024 में भी 6 लाख+ लोग चले गए। वोलैटिलिटी उच्च: 2015 में 188% वृद्धि, 2016 में सकारात्मक टर्न (+81,248)। कुल मिलाकर, 1960 से 2025 तक ब्रेन ड्रेन ने लाखों कुशल श्रमिक खोए।
- **छात्र पलायन: आर्थिक बोझ:** 2025 में 18 लाख छात्र विदेश हैं, जिनका खर्च $70 अरब तक पहुंचेगा—रिमिटेंस से तेज। वीजा में कमी (कनाडा 32%, यूएस 34%, यूके 26% गिरावट 2023-24 में) के बावजूद वृद्धि जारी। यह ब्रेन ड्रेन का प्रमुख चैनल है, क्योंकि 40-50% आईआईटी/आईआईएम ग्रेजुएट्स विदेश जाते हैं।
- **ग्राफिकल ट्रेंड (नेट माइग्रेशन 2010-2024):** एक लाइन चार्ट से स्पष्ट है कि आउटफ्लो 2015 के बाद तेज हुआ, 2022 में चरम पर पहुंचा, और फिर स्थिर हुआ। लाल लाइन (शून्य) के नीचे रहना ब्रेन ड्रेन की निरंतरता दर्शाता है। (डेटा स्रोत: Facto Data)।

### कारण और प्रभाव

- **कारण :** भ्रष्टाचार, रेड टेप, जातिवाद, आरक्षण बहसें, संसाधन कमी (उच्च शिक्षा में केवल 4% पहुंच), और इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी। विदेश में 5-10 गुना वेतन और बेहतर शिक्षा आकर्षित करती है। एआई बूम ने इसे तेज किया, लेकिन बबल ब्रस्ट (आईएमएफ चेतावनी) से रिटर्न बढ़ सकता है।

### प्रभाव

- **आर्थिक:** वार्षिक $100 अरब नुकसान; आईपीआर रॉयल्टी में $12.8 अरब घाटा (2024)। रेमिटेंस फायदा देती है, लेकिन जीडीपी में स्थिर 3%।
- **सामाजिक:** असमानता बढ़ती है; गरीब मेधावी छात्र विदेश जाते हैं, ग्रामीण भारत पिछड़ता है।
- **सकारात्मक:** ब्रेन सर्कुलेशन—कुछ रिटर्न से स्टार्टअप बूम (आईटी कंपनियां)।
- **एआई संदर्भ:** ब्रेन ड्रेन से भारत का एआई रिसर्च कमजोर; गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, पीएचडी एआई विशेषज्ञों की संख्या नगण्य। बबल ब्रस्ट से 10 मिलियन नौकरियां प्रभावित, ब्रेन ड्रेन और बढ़ेगा।

ब्रेन ड्रेन भारत की शक्ति को कमजोर कर रहा है, लेकिन इंडेक्स में सुधार और रिमिटेंस वृद्धि आशा जगाती है। 2025 में, ब्रेन गेन के लिए: इंडिया एआई मिशन को मजबूत करें, रिटर्न माइग्रेंट्स के लिए टैक्स छूट दें, और कौशल विकास पर कम से कम जर्मनी व चीन की तरह निवेश किया जाए। बिना सुधार के, यह एआई बबल ब्रस्ट जैसी चुनौतियों में और गहरा संकट पैदा करेगा इसलिए अभी से रोकथाम जरूरी है।

# क्या चावल , रोटी खाने से लोग मोटे और मधुमेह रोगी हो रहे?

## आईसीएमआर 18,000 लोगों पर सर्वे करके क्या बता रहा?

- सफेद चावल को साबुत गेहूं या मिलेट्स से बदलने से भी डायबिटीज या पेट की चर्बी में कोई खास कमी नहीं आती

**2030 तक भारत में डायबिटीज के मामले 30% तक बढ़ सकते हैं**



**आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** भारतीय काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) की हालिया "इंडिया डायबिटीज सर्वे" रिपोर्ट ने भारतीयों की खानपान की आदतों पर चिंताजनक खुलासा किया है। भारतीय थाली में चावल, रोटी व मिठाई जैसे कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों का बोलबाला है, जो डायबिटीज, प्री डायबिटीज व मोटापे के बढ़ते मामलों की प्रमुख वजह बन रहे हैं। आईसीएमआर के अनुसार, भारतीयों की रोजाना कैलोरी का 62% हिस्सा कम गुणवत्ता वाले कार्बोहाइड्रेट्स जैसे सफेद चावल, मैदा व चीनी से आता है, जबकि प्रोटीन की मात्रा केवल 12% है। यह असंतुलित आहार स्वास्थ्य संकट को बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट में 18,000 से ज्यादा वयस्कों के भोजन पैटर्न का विश्लेषण किया गया, जिसमें पाया गया कि अधिक कार्बोहाइड्रेट का सेवन टाइप-2 डायबिटीज का खतरा 30%, प्रीडायबिटीज का 20% और मोटापे का 22% तक बढ़ा देता है।

हैरानी की बात यह है कि सफेद चावल को साबुत गेहूं या मिलेट्स से बदलने से भी डायबिटीज या पेट की चर्बी में कोई खास कमी नहीं आती। शोधकर्ताओं का कहना है कि असल समाधान कुल कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम करने में है, न कि केवल अनाज बदलने में। यदि कार्बोहाइड्रेट की कैलोरी का सिर्फ 5% हिस्सा प्रोटीन स्रोतों जैसे दाल, सोया, पनीर, अंडे या मछली से बदला जाए, तो डायबिटीज और मोटापे का जोखिम काफी कम हो सकता है। आईसीएमआर सुझाव देता है कि रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट्स का सेवन घटाकर और प्रोटीन व हेल्दी फैट्स (जैसे नट्स, बीज, ओलिव ऑयल) को डाइट में शामिल करके स्वास्थ्य बेहतर किया जा सकता है। डेयरी और पौधों आधारित प्रोटीन को प्राथमिकता देना, चीनी का सेवन कम करना और मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (कार्ब्स, प्रोटीन, फैट) का संतुलन बनाए रखना जरूरी है। ऐसी डाइट ब्लड शुगर को नियंत्रित करने और मोटापे के जोखिम को कम करने में मददगार है। भारतीयों को अपनी परंपरागत खानपान की आदतों पर पुनर्विचार कर स्वास्थ्यवर्धक विकल्प अपनाने की आवश्यकता है।

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में आहार पैटर्न में अंतर पाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में चावल व गेहूं का सेवन अधिक है, जबकि शहरी क्षेत्रों में रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट्स (जैसे मैदा और प्रोसेस्ड फूड) और एडेड शुगर का उपयोग ज्यादा है। पूर्वी और दक्षिणी भारत में चावल आधारित आहार प्रमुख है, जबकि उत्तरी और पश्चिमी भारत में गेहूं (रोटी) का प्रभुत्व है।

1. **प्रोटीन व माइक्रोन्यूट्रिएंट्स की कमी :** भारतीय आहार में प्रोटीन (दाल, मछली, अंडा, डेयरी) और माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (विटामिन्स, मिनरल्स) की भारी कमी देखी गई। केवल 12% कैलोरी प्रोटीन से आती है, जो डायबिटीज और मोटापे के जोखिम को बढ़ाती है। फल और सजियों का सेवन भी अपर्याप्त है, जिससे फाइबर और आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है।
2. **उम्र और लिंग आधारित जोखिम:** 30-50 वर्ष की आयु वर्ग में उच्च कार्बोहाइड्रेट आहार के कारण प्रीडायबिटीज का खतरा अधिक देखा गया।महिलाओं में विशेष रूप से पेट की चर्बी का खतरा पुरुषों की तुलना में अधिक पाया गया, खासकर शहरी क्षेत्रों में।
3. **जीवनशैली का प्रभाव:** शारीरिक निष्क्रियता और उच्च कार्बोहाइड्रेट आहार का संयोजन मेटाबोलिक सिंड्रोम (हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज) के जोखिम को बढ़ाता है। शहरीकरण और प्रोसेस्ड फूड की बढ़ती खपत ने अस्वास्थ्यकर आहार पैटर्न को बढ़ावा दिया है।

**सुझाव : -** *डाइट में विविधता लाने के लिए साबुत अनाज, दालें, नट्स, और हरी सब्जियों को शामिल करने की सलाह दी गई।*

- पारंपरिक खानपान की गलत धारणाओं (जैसे "चावल या रोटी ही पूरा भोजन") को बदलने की आवश्यकता पर जोर।
- कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थों (जैसे ज्वार, बाजरा) को अपनाने की सिफारिश, लेकिन कुल कार्बोहाइड्रेट की मात्रा कम करना सबसे महत्वपूर्ण।
- यदि आहार में सुधार नहीं किया गया, तो 2030 तक भारत में डायबिटीज के मामले 30% तक बढ़ सकते हैं।मोटापा और मेटाबॉलिक विकारों से संबंधित स्वास्थ्य लागत में भी वृद्धि होगी। ये निष्कर्ष भारतीय आहार में सुधार और स्वास्थ्य जागरूकता की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करते हैं।

## अमेरिकी मानवाधिकार संगठन ने बांग्लादेश सरकार पर निशाना साधा

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**

अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने बांग्लादेश की मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर विरोधियों को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। संगठन ने पूर्व अवामी लीग सरकार के "कथित" समर्थकों को गिरफ्तार करने के लिए हाल ही में संशोधित आतंकवाद विरोधी कानून का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए सरकार की कड़ी आलोचना की है। एचआरडब्ल्यू ने बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार टीम से आग्रह किया कि वह मनमाने ढंग से हिरासत में लिए गए लोगों की तुरंत रिहाई की मांग करे और अधिकारियों को अधिकारों की रक्षा करने तथा गैरकानूनी राजनीतिक हिंसा का इस्तेमाल करने वालों पर मुकदमा चलाने के लिए प्रोत्साहित करे।

## जैश-ए-मोहम्मद ने बनाई महिला ब्रिगेड, मसूद अजहर की बहन सादिया को मिली कमान

**एजेंसी । नई दिल्ली**



पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने अपनी रणनीति में बड़ा बदलाव करते हुए पहली बार एक महिला आतंकी ब्रिगेड की स्थापना की है। इस ब्रिगेड का नाम 'जमात-उल-मोमिनात' रखा गया है। यह महिला ब्रिगेड कुख्यात आतंकी मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर के नेतृत्व में काम करेगी। सादिया का पति यूसुफ अजहर ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सुरक्षा बलों की सटीक कार्रवाई में मारा गया था। यह ऑपरेशन 7 मई को मरकज सुभानअल्लाह बहावलपुर में हुआ था। सुरक्षा विश्लेषकों का मानना है कि यह कदम पाकिस्तान के आतंकी ढांचे में एक खतरनाक प्रवृत्ति की शुरुआत है। अब तक आईएसआईएस, बोको हराम, हमास और लिट्टे जैसे संगठन महिलाओं को आत्मघाती हमलों और लड़ाकू मिशनों में शामिल करते रहे हैं, लेकिन दक्षिण एशियाई आतंकी संगठन जैसे जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन इससे परहेज करते आए थे। इस नई महिला ब्रिगेड के गठन की घोषणा खुद जैश प्रमुख और संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित वैश्विक आतंकी मौलाना मसूद अजहर के नाम से जारी एक पत्र के माध्यम से की गई।

# राम विवाह पंचमी की शुभ तिथि पर रामलला मंदिर में होगा ध्वजारोहण

**संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी 25 नवंबर को अयोध्या में ध्वजारोहण (21 फीट का )करेंगे। इसके साथ ही राम मंदिर निर्माण पूरा होने की घोषणा की जाएगी। राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय कैबिनेट सचिव नृपेंद्र मिश्र का कहना है कि 25 नवंबर अयोध्या के लिए एक ऐतिहासिक दिन होगा, क्योंकि इस दिन पीएम नरेंद्र मोदी अयोध्या पहुंचकर राम मंदिर के शिखर पर 21 फीट का ध्वजारोहण करेंगे और राम मंदिर निर्माण पूर्ण होने की घोषणा भी की जाएगी। ध्वज का



राम मंदिर निर्माण पूरा होने की घोषणा के साथ मोदी 25 नवंबर को करेंगे ध्वजारोहण

स्वरूप कैसा होगा, रंग कैसा और प्रतीक चिन्ह कौन सा होगा, इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय बंसल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पांच अगस्त 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का भूमि पूजन किया था। 22 जनवरी 2024 को रामलला भव्य महल में विराजमान हुए थे। प्रधानमंत्री मुख्य यजमान थे। प्रधानमंत्री के हाथों विराजमान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद 25 नवंबर को प्रधानमंत्री ध्वजारोहण करेंगे। राम विवाह पंचमी की शुभ तिथि पर ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण के साथ मंदिर निर्माण पूरा होने का विश्व को संदेश दिया जाएगा। 21 नवंबर से 25 नवंबर तक पांच दिवसीय अनुष्ठान चलेगा। वैदिक आचार्यों की मौजूदगी में अयोध्या और काशी के विद्वान अनुष्ठान कराएंगे।

## 'सीजफायर से डरते हैं पुतिन', जेलेंस्की ने बताई रूस की रणनीति

**यूक्रेन ।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हाल ही में अपने एक्स हैंडल पर यूक्रेन और रूस के युद्ध को लेकर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है कि आखिर क्यों रूस सीजफायर नहीं करना चाहता। साथ ही उन्होंने यूक्रेन की ओर से की जा रही जवाबी हमलों का भी जिक्र किया है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन शांतिवीरों से डरते हैं। उनका मानना है कि अगर एक बार युद्ध रुक गया तो फिर से युद्ध शुरू करना उनके लिए आसान नहीं होगा। यह सिर्फ सैनिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और वैश्विक दबाव की वजह से भी मुश्किल होगा।




- *सलमान खान के 'बीइंग स्ट्रॉन्ग' ट्रेडमार्क को लेकर विवाद पर नया मोड़*
- *जेराई फिटनेस को मिला 'बीइंग स्ट्रॉन्ग' ब्रांड के तहत उत्पादन का अधिकार*
- *ट्रेडमार्क लाइसेंस समझौते पर व्यवसायिक मतभेद गहराए*
- *विवाद के बावजूद बातचीत से सुलह की उम्मीद*




बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान ने आखिरकार जिम उपकरण निर्माता जेराई फिटनेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी कानूनी लड़ाई खत्म कर दी है। उनके फिटनेस ब्रांड बीइंग स्ट्रॉन्ग से जुड़े 7.24 करोड़ रुपये के भुगतान विवाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने के बाद अभिनेता ने कथित तौर पर अपनी दिवालिया याचिका वापस ले ली है। सलमान खान के वकील ने एनसीएलएटी के समक्ष कहा कि सहमति की शर्तों के अनुसार डिमांड ड्राफ्ट उन्हें सौंप दिया गया है और उन्होंने अपील वापस लेने की अनुमति देने का आग्रह किया। चेयरपर्सन न्यायमूर्ति अशोक भूषण और सदस्य (तकनीकी) अरुण बरोका की दो सदस्यीय पीठ ने सलमान खान और जेराई फिटनेस के बीच हस्ताक्षरित सहमति की शर्तों को रिकॉर्ड में लिया और बॉलीवुड अभिनेता को अपनी अपील वापस लेने की अनुमति दे दी।

अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपने आदेश में कहा, ''अपीलकर्ता (सलमान खान) को अपील वापस लेने की अनुमति है। अपील वापस ली गई मानते हुए खारिज की जाती है।'' यह विवाद जेराई फिटनेस के सहयोग से सलमान खान द्वारा स्थापित फिटनेस उपकरण ब्रांड 'बीइंग स्ट्रॉन्ग' से संबंधित था। इससे पहले, मई में राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ ने जेराई फिटनेस के खिलाफ उनकी दिवाला याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद सलमान खान ने अपीलीय न्यायाधिकरण एनसीएलएटी का रुख किया था। याचिका खारिज करते हुए, एनसीएलटी ने कहा था कि दावा विवादित प्रकृति का है और 'वसूली कार्यवाही के दायरे में' है।

# झारखंड पुलिस व एसबीआई के बीच सैलरी पैकेज एमओयू का हुआ विस्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पुलिस मुख्यालय सभागार में पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में एसबीआई के वरीय अधिकारियों के द्वारा राज्य पुलिस कर्मियों के हित में एसबीआई के साथ हुए सैलरी पैकेज एमओयू से संबंधित नई सुविधाओं के संबंध में व्यापक रूप से चर्चा करते हुए जानकारी साझा किया गया। बैठक में बताया गया कि अब इस एमओयू के अंतर्गत 10 लाख का ग्रुप टर्म लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) भी जोड़ा गया जिसमें यदि किसी पुलिसकर्मी की मृत्यु आकस्मिक दुर्घटना के अतिरिक्त किसी अन्य कारण से होती है, तो भी उनके परिजनों को 10 लाख का बीमा लाभ प्रदान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पहले से ही इस पैकेज में 1 करोड़ का दुर्घटना बीमा, 1.60 लाख का जीवन बीमा कवरेज, 1 करोड़ का पूर्ण विकलांगता कवरेज, 80 लाख का आशिक विकलांगता कवरेज शामिल है, इसके साथ ही पुलिसकर्मियों के परिवारों को भी कई प्रकार के लाभ उपलब्ध कराए जा रहे हैं।बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023 में हुए हुए पहले एमओयू के बाद से अब तक 32 पुलिसकर्मियों के परिजनों को आकस्मिक बीमा लाभ प्रदान किया गया है. जबकि एमओयू से पहले की घटनाओं में 9 परिवारों को यह लाभ मिला है। इस प्रकार, पिछले दो वर्षों में कुल 43 परिवारों को

● **पुलिस वेतन पैकेज खाता के अंतर्गत सहायता प्रदान की गई है।**

पुलिस महानिदेशकने इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एसबीआई बैंक ने पुलिसकर्मियों और उनके परिवारों के हित में अत्यत सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक श्री विकाश कुमार पांडे को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर झारखंड पुलिस की ओर से प्रभात कुमार, एस कार्तिक, सुरेन्द्र कुमार झा, चौथे मनोज रतन एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# विधि-व्यवस्था व अपराध रोकथाम के लिए डीजीपी के साथ चैंबर ने की बैठक

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराध नियंत्रण को लेकर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा के नेतृत्व में गुरुवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी अनुराग गुप्ता से पुलिस मुख्यालय में विस्तृत चर्चा की। वार्ता के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि 13 अक्टूबर को डीजीपी की अध्यक्षता में विधि-व्यवस्था एवं अपराध की रोकथाम के लिए ऑनलाइन बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी जिलों के वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक तथा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष एवं सचिव शामिल होंगे।

डीजीपी कार्यालय द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को यह कहा गया है कि वे बैठक से पूर्व अपने-अपने जिले में स्थानीय जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ बैठक कर व्यापार जगत से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को संकलित करें। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य प्रदेश की कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाना तथा व्यापारिक गतिविधियों के लिए एक सुरक्षित एवं अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करना है। इस संबंध में झारखण्ड चैंबर द्वारा सभी जिलों के चैंबर ऑफ कॉमर्स को पत्राचार कर जानकारी दी गई है।

बैठक के दौरान राज्य में साइबर क्राइम की बढ़ती घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि साइबर अपराध की घटनाओं में बैंकों की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। चैंबर के आग्रह पर डीजीपी ने जल्द ही साइबर अपराध की रोकथाम एवं बैंकिंग सुरक्षा पर एक विशेष सेशन आयोजित करने के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि आईटी एक्ट की धारा 46 के अंतर्गत पीड़ितों के लिए मुआवजे का प्रावधान है। बैठक के दौरान राजधानी रांची की ट्रैफिक व्यवस्था पर भी चर्चा की गई और इसे सुधारने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

### झारखंड में मिशन वात्सल्य ठप : भाजपा

# पोस्टरबाजी में व्यस्त सरकार ने 12 महीनों से वेतन का नहीं किया भुगतान: अजय साह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मिशन वात्सल्य योजना को लेकर प्रदेश भाजपा ने हेमंत सरकार पर कड़ा प्रहार किया है।



भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि मिशन वात्सल्य भारत सरकार की केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसका उद्देश्य बच्चों के संरक्षण, कल्याण और अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। इस मिशन का लक्ष्य प्रत्येक बच्चे को स्वस्थ, सुरक्षित और खुशहाल बचपन देना तथा सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के अनुरूप उनकी क्षमता का विकास करना है। यह योजना किशोर न्याय (देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 और पॉक्सो अधिनियम, 2012 के तहत लागू की जाती है। लेकिन अफ़सोस की बात यह है कि झारखंड में यह मिशन पिछले 12 महीनों से पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। अजय साह ने कहा कि राज्य सरकार मिशन वात्सल्य से जुड़े सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बंधुआ मजदूरों जैसा व्यवहार कर रही है। जिनके कंधों पर राज्यभर के बच्चों को न्याय और सुरक्षा देने की जिम्मेदारी है, वे स्वयं अपने आर्थिक न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। राज्य के सभी सीडब्ल्यूसी चेयरमैन व सदस्य, जेजेबी सदस्य, कंप्यूटर ऑपरेटर, सोशल वर्कर, आउटरीच वर्कर, अकाउंटेंट और शेल्टर होम स्टाफ को पिछले 12 महीनों से वेतन नहीं मिला है। अधिकांश कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और कई कर्ज के बोझ तले दब चुके हैं। स्थिति इतनी गंभीर है कि कुछ कर्मचारियों के पास इलाज के लिए भी पैसे नहीं बचे हैं। उदाहरण देते हुए अजय ने बताया कि अकाउंटेंट संतोष कश्यप मानसिक तनाव के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। अजय साह ने आगे कहा कि केंद्र सरकार मिशन वात्सल्य के लिए अपनी राशि समय पर भेजती है, लेकिन राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि "राज्य सरकार के पास बाल अधिकारों के नाम पर पोस्टरबाजी और प्रचार के लिए तो पैसे हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर काम करने वाले कर्मचारियों को वेतन देने के लिए नहीं।" भाजपा ने राज्य सरकार से मांग की है कि बाल अधिकारों पर दिखावा और प्रचार-प्रसार के बजाए पदाधिकारियों और कर्मचारियों का लंबित वेतन तत्काल भुगतान किया जाए।

### के राजू ने जिला अध्यक्षों के साथ की बैठक, कहा

# जनता और संगठन के प्रति अपनी सभी जिम्मेवारियों को पूरा करना आपका दायित्व

नवीन मेल संवाददाता



**बैठक में प्रमुख**

प्रदेश सह प्रभारी श्रीबेला प्रसाद, मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू, जलेश्वर महतो, बंधु तिर्की, शहजादा अनवर, राजेश ठाकुर, रमा खलको, अशोक चौधरी, जयशंकर पाठक, रविंद्र सिंह, संजय लाल पासवान, राजीव रंजन प्रसाद, राकेश सिन्हा, शमशेर आलम ज्योति मथारू, सतीश पॉल मुंजनी, केदार पासवान सहित सभी जिला अध्यक्ष एवं जिला पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

**रांची ।** प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों की पहली बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में संपन्न हुई, इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी के राजू भी उपस्थित हुए। इससे पहले प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू द्वारा प्रदेश प्रभारी सिरी बेला प्रसाद और केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में नवनिर्मित लंबोदर पाठक स्मृति सभागार का उद्घाटन किया। उद्घाटन हिंदू धर्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष और लंबोदर पाठक के पुत्र जयशंकर पाठक ने किया। उद्घाटन के बाद इसी नवनिर्मित सभागार नवनियुक्त जिला अध्यक्षों की बैठक संपन्न हुई।

जिस वक्त सभागार में कांग्रेस झारखंड प्रभारी के राजू जिला अध्यक्षों को संबोधित कर रहे थे। उसी वक्त बाहर नाराज कार्यकर्ता हंगामा कर रहे थे। जिला अध्यक्षों को संबोधित करते हुए के राजू ने कहा कि आपका मनोनयन संगठन के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखकर किया गया है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के भरोसे को कायम रखना और जनता और संगठन के प्रति अपनी जिम्मेवारियों को पूरा करना आपका प्राथमिक दायित्व है। किसी भी संगठन का जड़ उसके कार्यकर्ता होते हैं कार्यकर्ताओं की एकजुटताता से ही जनता के बीच सकारात्मक संदेश पहुंचाया जा सकता है। के राजू ने सभी नव नियुक्त जिलाध्यक्षों को अगले 04 महीने का टास्क देते हुए कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को हर जिले में जोर शोर से चलाना है। उन्होने कहा कि पार्टी में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत पूरे देश में संगठन में आमूल चूल परिवर्तन की लहर चल रही है। झारखंड में अभियान पूरी गति में है, अधिकांश प्रखंड और पंचायत में समिति का गठन हो चुका है। लगभग 10-15% प्रखंड, पंचायत में समिति का गठन बाकी है जिसे जल्द पूरा करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की तर्ज पर जिला स्तर पर पॉलीटिकल अफेयर्स कमेटी का गठन किया जाएगा। नव नियुक्त जिला अध्यक्षों, मंडल, प्रखंड अध्यक्षों का आठ दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा जिसमें जिलावर संगठन के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसकी शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी।

बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्षों को विशेष निर्देश दिए गए जिसमें प्रमुख रूप से वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को पंचायत स्तर तक चलाने, म्युनिसिपल अध्यक्ष एवं कमिटी का गठन, बीएलए की नियुक्ति करने, नवंबर माह में ग्राम पंचायत एवं म्युनिसिपल कांग्रेस कमेटी की प्रखंड स्तरीय बैठक करने, एसआइआर के तहत होने वाले गहन पुनरीक्षण पर गंभीरता बरतने, कांग्रेस की भू संपदा की सूची बनाने, प्रत्येक सप्ताह संगठन का प्रगति प्रतिवेदन बनाने का निर्देश जिला अध्यक्षों को दिया गया है।

## पृष्ठ एक के शेष

**बालू घाटों के आवंटन पर से रोक...**

लेकिन सरकार नियमावली लागू करने में लगातार टालमटोल कर रही है। हाईकोर्ट ने जुलाई, 2024 में एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद झारखंड सरकार को दो माह के अंदर राज्य में पेसा नियमावली अधिसूचित करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि संविधान के 73वें संशोधन के उद्देश्यों के अनुरूप तथा पेसा कानून के प्रावधान के अनुसार पेसा नियमावली बना कर लागू किया जाए। इस आदेश का अनुपालन अब तक न होने पर आदिवासी बुद्धिजीवी मंच ने अवमानना याचिका दायर की है।

**कनहर व हाथू नदी से हर रात गुजरते हैं बालू...**

अंचल कार्यालय के सामने से होकर गुजरते हैं, फिर भी किसी को इसकी भनक तक नहीं लगती। सूत्रों के अनुसार रोजाना करीब 50 ट्रैक्टर बालू ढुलाई में लगे रहते हैं। एक ट्रैक्टर औसतन चार से पांच ट्रिप करता है और एक ट्रिप में चार से पांच हजार रुपये तक की कमाई होती है। तेज रफ्तार और अधिक ट्रिप की होड़ में कई हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन न तो कोई जांच हुई और न ही कार्रवाई। इस अवैध कारोबार पर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने भी कई बार सवाल उठाए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

**ब्रिटेन भारत को हल्की मल्टीरोल...**

इसके अलावा, भारत के आईसीएमआर और ब्रिटेन के एनआईएचआर के बीच हेल्थ रिसर्च पर 'लेटर ऑफ इंटेंट' पर हस्ताक्षर शामिल हैं। ब्रिटेन के अपने समकक्ष कीर स्टार्मर से मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "प्रधानमंत्री स्टार्मर और मैंने आने वाले समय में हमारे देशों के बीच व्यापारिक संबंधों और आर्थिक संबंधों पर चर्चा की। भारत-यूके सीईटीए युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर पैदा करेगा, व्यापार का विस्तार करेगा और हमारे उद्योगों और उपभोक्ताओं दोनों को लाभान्वित करेगा।"

उन्होंने लिखा, "हमारी बातचीत में प्रमुखता से शामिल हुए अन्य मुद्दों में टेक्नोलॉजी, डिफेंस, एआई और रिन्यूएबल एनर्जी शामिल थे। अलग-अलग ब्रिटिश यूनिवर्सिटीज के वाइस-चांसलर से मिलकर भी हमें बहुत खुशी हुई। हम ब्रिटेन के साथ शैक्षिक और सांस्कृतिक संबंधों को और आगे बढ़ाते रहेंगे।

**डायन-बिसाही के अंधविश्वास में...**

फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूरे इलाके में मातम और भय का माहौल है। यह घटना झारखंड के ग्रामीण अंचलों में फैले अंधविश्वास की गहरी जड़ें उजागर करती है। शिक्षा और सामाजिक चेतना की कमी के कारण आज भी निर्दोष लोग डायन-बिसाही जैसे आरोपों का शिकार बन रहे हैं। सरकार, प्रशासन और समाज — तीनों को मिलकर ऐसी कुप्रथाओं के खिलाफ ठोस जन-जागरूकता अभियान चलाने की सख्त जरूरत है।

**बिहार चुनाव से पहले अवैध शराब...**

पुलिस ने मौके से करीब 1000 किलो जावा महुआ को भी नष्ट किया। सूत्रों के अनुसार, बिहार में चुनाव नजदीक होने के कारण सीमावर्ती इलाकों में शराब की अवैध आपूर्ति तेज़ हो गई थी। इसी सूचना पर पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। बताया गया कि जबड़ा और कोसमाही के जंगलों में लंबे समय से अवैध रूप से महुआ शराब बनाई जा रही थी, जिसे बिहार भेजा जा रहा था। हालांकि छापेमारी के दौरान अवैध शराब कारोबारी जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस के मुताबिक, मतदान से पूर्व इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रखी जाएगी ताकि बिहार में चुनाव के दौरान शराब के अवैध प्रयोग पर पूर्ण रोक लग सके। अभियान में थाना प्रभारी प्रभात कुमार के साथ पुअनि भोला साह और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता बिंदु भूषण दुबे का निधन



**रांची।** बीजेपी के वरिष्ठ नेता एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य बिंदु भूषण दुबे का लंबी बीमारी के बाद दिल्ली में निधन हो गया। उनका इलाज दिल्ली के अपोलो अस्पताल में चल रहा था। वे 53 के थे। उनके निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, बाबूलाल मरांड़ी, रघुवर दास, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री संगठन संजय जोशी, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, रघुनाथ पांडे, विधायक सीपी सिंह, आशा लकड़ा, संजय विजयवर्गीय सहित अनेक लोगों ने दुख व्यक्त किया। उनके निधन से चान्हो और मांडर क्षेत्र में भी शोक व्याप्त है।

## भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ मनाई गई

● **केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ भी रहे मौजूद**

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय वायु सेना की 93वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने वायु सेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल एपी सिंह द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह में भाग लिया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेना प्रमुख, नौसेना प्रमुख, पूर्व वायु सेना प्रमुख, पूर्व सैनिक और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## नामांकन शुल्क 1.25 लाख करने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**रांची।** बार कौंसिल चुनाव में नामांकन शुल्क 1.25 लाख रुपए किए जाने के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने याचिका दायर कर नामांकन शुल्क में बढ़ोतरी को अनुचित बताते हुए तत्काल प्रभाव से इस पर रोक लगाने का आग्रह किया है। याचिका में कहा गया है कि पिछले चुनाव में नामांकन शुल्क दस हजार रुपये निर्धारित थी। लेकिन, बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने नामांकन शुल्क 1.25 लाख रुपए कर दिया है। इससे आम अधिवक्ता चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने से वंचित हो जाएंगे और इससे केवल पूंजीवादी संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। शुल्क बढ़ोतरी से आम अधिवक्ताओं के राजनीतिक अधिकार का हनन होगा। 31 जनवरी तक चुनाव संपन्न कराने हैं बीसीआई के प्रिंसिपल सेक्रेटरी श्रीमंतो सेन ने 25 सितंबर को सभी स्टेट बार कौंसिल को पत्र भेजा है।



## गड़करी से मिले पद्मश्री अशोक भगत

**नई दिल्ली।** पद्मश्री अशोक भगत केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्री नीतिन गड़करी से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान उन्हें अपनी पुस्तक "परंपरा और प्रयोग" भेंट किया।

# भाजपा शासन में परीक्षाओं का बेड़ा गर्क, हेमंत सरकार ने पारदर्शिता लौटाई : विनोद पांडेय

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि झारखंड के युवाओं के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात उ न लोगों ने किया जिन्होंने 18 साल तक राज्य पर शासन किया लेकिन एक भी नियमित भर्ती प्रक्रिया पूरी नहीं की।

उन्होंने कहा कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा रद्द करने का फैसला पारदर्शिता और तकनीकी शुचिता सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है। यही एक जिम्मेदार सरकार की पहचान है।

विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रतियोगी परीक्षाओं का बेड़ा गर्क किया गया, जबकि हेमंत सरकार ने उसे पारदर्शी बनाया है। भाजपा के नेता युवाओं के नाम पर केवल सस्ती राजनीति कर रहे हैं। मरांडी के मुख्यमंत्री रहते झारखंड लोक सेवा आयोग की स्थिति बेहद खराब थी और रघुवर शासन में जेएसएससी परीक्षा में पेपर लीक के मामले दबा दिए गए थे।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार युवाओं के भविष्य को प्राथमिकता दे रही है और किसी भी परीक्षा को शुचिता के साथ पूरा कराना उसका लक्ष्य है। भाजपा से सवाल करते हुए पांडेय ने कहा कि जब वे सत्ता में थे तब रोजगार सृजन के कौन से कार्यक्रम शुरू किए गए थे। मिशन वात्सल्य योजना पर भाजपा के आरोपों को पांडेय ने राजनीतिक नौटंकी बताया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार जानबूझ कर झारखंड को फंड नहीं दे रही है ताकि राज्य सरकार को बदनाम किया जा सके। राज्य सरकार बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और बाल गृहों, सीडब्ल्यूसी व जेजेबी के सुदृढ़ीकरण पर काम कर रही है। पांडेय ने कहा कि भाजपा झूठे आंकड़ों की राजनीति करती है जबकि हेमंत सरकार हर बच्चे और परिवार की सुरक्षा के लिए संवेदनशीलता से काम कर रही है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार।**

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा संख्या 06/2025-26/EE/RWD/LATEHAR एवं PR 362371 Rural Development (25-26):D में प्रकाशित निविदा में निम्न संशोधन किये जाते हैं।

1. वेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.10.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि – 29.10.2025
3. निविदा खोलने की तिथि – 31.10.2025

शेष सभी शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR 363746 (REO) 25-26 (D)

## गिल ने रोहित-विराट की तारीफ की बोले-
## हमें दोनों की जरूरत है, 19 अक्टूबर से ऑस्ट्रेलिया से वनडे सीरीज



**एजेंसी । नई दिल्ली**

शुभमन गिल अब रोहित शर्मा की जगह वनडे टीम के रेगुलर कप्तान बन गए है। उन्हें पहले ही टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे से गिल पहली बार भारतीय वनडे टीम की कमान संभालते हुए नजर आएंगे। इस दौरे पर रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर प्लेयर्स उनकी कप्तानी में खेलेंगे। गिल ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस दोनों खिलाड़ियों की तारीफ की। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट कल से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। गिल ने कहा कि रोहित भाई का धैर्य और उन्होंने टीम में जो दोस्ती कायम की है। मैं उसे आगे बढ़ाना चाहता हूं। उनकी तरह माहौल शांत रखना चाहता हूं। हमें उनकी जरूरत है उन्होंने आगे कहे, इन दोनों ने (विराट-रोहित) भारत के लिए कई मैच जीते हैं। बहुत कम लोगों के पास इतना कौशल और अनुभव होता है। हमें उनकी जरूरत है। रोहित और विराट पिछले एक दशक से ज्यादा समय से टीम इंडिया की अहम कड़ी बने हुए हैं और उन्होंने अपने दम पर कई बार टीम को मुश्किल परिस्थितियों से निकाला है। तीन वनडे की सीरीज खेली जाएगी टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 खेलेगी। 19 अक्टूबर को पहला वनडे पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड में और तीसरा 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा। इसके बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज होगी। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे।

## 12 नवंबर को होगा मुंबई क्रिकेट संघ के चुनाव

**मुंबई (आईएएनएस)।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने गुरुवार को चुनाव तारीखों की घोषणा की। घोषणा के मुताबिक 12 नवंबर को पदाधिकारियों, शीर्ष परिषद के सदस्यों और टी20 मुंबई लीग गवर्निंग काउंसिल के सदस्यों के चुनाव आयोजित किए जाएंगे। एमसीए के एक अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, "चुनाव पहले 23 अक्टूबर को होने थे, लेकिन त्योहारों के मौसम के कारण, यह निर्णय लिया गया कि हम चुनाव 12 नवंबर को कराएंगे ताकि किसी के उत्सव में खलल न पड़े। शीर्ष परिषद ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्य सचिव और पूर्व राज्य चुनाव आयुक्त जे. एस. सहारिया को लगातार दूसरे वर्ष चुनावों की निगरानी के लिए चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। पिछले साल जुलाई में, संघ ने निवर्तमान सचिव अजिंक्य नाइक को अध्यक्ष नियुक्त किया था। वह इस पद पर आसीन होने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के व्यक्ति थे। उन्होंने दिवंगत अमोल काले का स्थान लिया था। नाइक ने मुंबई भाजपा प्रमुख और बीसीसीआई कोषाध्यक्ष रहे आशीष शेलार द्वारा समर्थित उम्मीदवार संजय नाइक को 107 मतों से हराया था।

## अश्विन ने हर्षित राणा के चयन पर उठाए सवाल, बोले-
# बल्लेबाजी पर है संदेह पर 'एक्स-फैक्टर' जरूर



**राणा आईपीएल में टीम इंडिया के कोच गंभीर के साथ एक टीम में रहे हैं :** राणा, टीम इंडिया के मौजूदा कोच गौतम गंभीर के साथ IPL 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम में रहे थे। गंभीर, टीम इंडिया के कोच बनने से पहले केकेआर के मेंटोर थे।

**एजेंसी । नई दिल्ली**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर रविचंद्रन अश्विन ने तेज गेंदबाज हर्षित राणा के सभी फॉर्मेट में चयन पर सवाल उठाए हैं। अश्विन ने कहा कि उन्हें राणा की नंबर-8 पर बल्लेबाजी करने की क्षमता पर शक है, हालांकि उन्होंने माना कि राणा में एक खास 'एक्स-फैक्टर' जरूर है। अश्विन ने यह बात अपने यूट्यूब चैनल पर कही। हाल ही ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया है। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 3 वनडे और 5 टी-20 खेलेगी। 19 अक्टूबर को पहला वनडे पर्थ में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा मैच 23 अक्टूबर को एडिलेड में और तीसरा 25 अक्टूबर को सिडनी में खेला जाएगा। इसके बाद 5 मैचों की टी-20 सीरीज होगी। टी-20 टीम की कप्तानी सूर्यकुमार यादव करेंगे। हर्षित राणा को वनडे और टी-20 दोनों टीम में जगह दी गई है।

अश्विन ने सवाल उठाने के साथ उन्हें एक्स फैक्टर भी बताया अश्विन ने अपने वीडियो में कहा,'मैं यह समझना चाहता हूं कि हर्षित राणा का चयन क्यों किया गया। काश मैं चयन समिति की बैठक में शामिल होकर इसका कारण जान पाता। मेरे हिसाब से ऑस्ट्रेलिया में हमें ऐसे तेज गेंदबाज की जरूरत है जो बल्लेबाजी भी कर सके। शायद चयनकर्ताओं को लगता है कि राणा नंबर-8 पर बल्लेबाजी कर सकते हैं, लेकिन मुझे उनकी बल्लेबाजी क्षमता पर संदेह है। अश्विन ने यह भी कहा कि हर्षित राणा का चयन शायद 2024 के आईपीएल फाइनल में उनकी शानदार गेंदबाजी की वजह से हुआ है। उन्होंने कहा,'दो साल पहले IPL फाइनल में राणा ने एक जबरदस्त गेंद फेंकी थी, जो बल्ले के किनारे से निकल गई थी। शायद उसी एक गेंद ने सबका ध्यान खींचा और अब उन्हें लगातार मौके मिल रहे हैं। अश्विन ने कहा कि हर्षित राणा में कुछ खास जरूर है। उन्होंने कहा, 'लोग अक्सर अपनी धारणाओं के आधार पर राय बनाते हैं, लेकिन असली सच्चाई मैदान पर सामने आती है। हर्षित को दूर से देखने पर कुछ और लगता है, लेकिन जब आप उनकी तेज गेंदों का सामना करते हैं, तब पता चलता है कि उनमें वाकई 'एक्स-फैक्टर' है। अश्विन ने आगे कहा,'उनके चयन के हकदार होने या न होने पर बहस हो सकती है, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उनमें खासियत है। अगर मुझसे पूछा जाए कि क्या वह अभी चयन के हकदार हैं, तो यह बड़ा सवाल है।

अश्विन का यह बयान हर्षित राणा के चयन पर चल रही चर्चा को और तेज कर सकता है, क्योंकि उन्होंने एक ओर उनकी प्रतिभा की सराहना की, तो दूसरी ओर चयन पर सवाल भी उठाए।

राणा ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था हर्षित राणा ने पिछले साल नवंबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान टेस्ट डेब्यू किया था। इसके बाद से उन्होंने सभी फॉर्मेट में 10 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 27.47 की औसत से 19 विकेट लिए हैं। हालांकि, उनके नाम अब तक कोई चार या पांच विकेट का प्रदर्शन नहीं है। वहीं, 2024 का IPL सीजन राणा के लिए शानदार रहा। कोलकाता नाइट राइडर्स (KKR) की ओर से खेलते हुए उन्होंने 11 पारियों में 20.15 की औसत से 19 विकेट झटके। उनकी इकोनॉमी रेट 9.08 रही और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 3/18 का था। वह टूर्नामेंट में चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और अपनी टीम के लिए दूसरे सबसे सफल गेंदबाज थे, जिसने उस सीजन का खिताब जीता था।

**वनडे के लिए टीम इंडिया**

*शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल। टी-20 के लिए टीम इंडिया सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल (उपकप्तान), तिलक वर्मा, नीतीश कुमार रेड्डी, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह और वॉशिंगटन सुंदर।*

## विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता मीराबाई चानू से मिले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू
### कहा- हर भारतीय को है गर्व



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को मीराबाई चानू और उनके कोच विजय शर्मा से मुलाकात की। किरण रिजिजू ने इस अवसर पर मीराबाई की निरंतरता और साहस की सराहना करते हुए कहा कि उनका प्रदर्शन हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "नई दिल्ली में मेरे निवास पर सदैव प्रेरणादायी मीराबाई चानू और उनके कोच विजय शर्मा से मुलाकात हुई। उन्होंने मीराबाई चानू को वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 के 48 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीतने पर बधाई दी। किरेन रिजिजू ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 में 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीतने पर उन्हें बधाई दी। उनकी निरंतरता और साहस पर हर भारतीय को गर्व है। मीराबाई चानू ने विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप 2025 के पहले दिन महिलाओं के 48 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। उन्होंने कुल 199 किग्रा भार उठाया, जिसमें स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा शामिल हैं, जिससे उन्हें विश्व चैंपियनशिप में तीसरा पोडियम स्थान मिला। इस प्रयास ने प्रतियोगिता में पदक के लिए भारत के तीन साल के इंतजार को समाप्त कर दिया।

इस भारतीय एथलीट ने 87 किग्रा में दो असफल प्रयास किए।

## वापसी : मिचेल स्टार्क की 11 साल बाद धमाकेदार टी20 लीग में होगी वापसी



**नई दिल्ली ।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क करीब 11 साल बाद बिग बैश लीग यानी में वापसी करने जा रहे हैं। उन्होंने आगामी सीजन के लिए सिडनी सिक्सर्स से जुड़ने की पुष्टि की है। यह टूर्नामेंट 14 दिसंबर से 25 जनवरी 2026 तक खेला जाएगा। एशेज सीरीज के बाद स्टार्क अपनी फिटनेस के अनुसार टीम के लिए उपलब्ध रहेंगे। बता दें, एशेज सीरीज 8 जनवरी तक खेली जाएगी। स्टार्क को इस बार भी सिडनी सिक्सर्स ने सप्लीमेंटरी प्लेयर के रूप में साइन किया है। पिछले दो सीजन की तरह, वे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुबंधित खिलाड़ी के रूप में सीमित उपलब्धता में टीम का हिस्सा होंगे। हालांकि, T20I से हाल ही में संन्यास के कारण उनके टूर्नामेंट के दूसरे राउंड में खेलने की संभावना ज्यादा है। BBL के नियमों के अनुसार, हर टीम को दो सप्लीमेंटरी स्लॉट मिलते हैं, जिनमें वे ऐसे राष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल कर सकते हैं।

## भारत के खिलाफ होने वाले टी20 सीरीज में ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल कर सकते हैं वापसी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेली जाएगी।



पहले दो मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल का चयन नहीं हुआ है, लेकिन बाकी तीन मैचों में यह स्टार खिलाड़ी वापसी कर सकता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी-20 मैच 29 अक्टूबर को कैनबरा में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने दो टी-20 मैचों के लिए टीम की घोषणा कर दी है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भरोसा जताया है कि वे बाकी मैचों में वापसी करेंगे। अपनी कलाई की फ्रैक्चर सर्जरी के बाद उन्होंने रिकवरी अपडेट देते हुए कहा कि वह 29 अक्टूबर से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली टी20 सीरीज के आखिरी तीन मैचों में वापसी का लक्ष्य बना रहे हैं।

पिछले हफ्ते हुई सर्जरी के बाद वह रिकवरी की राह पर हैं और उम्मीद जता रहे हैं कि इससे उनकी वापसी में तेजी आएगी। मैक्सवेल ने मेलबर्न में पत्रकारों से कहा, "सर्जरी के बाद मुझे भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के आखिरी मैचों में खेलने की उम्मीद है।

## खिलाड़ियों ने कमर से नीचे लगाया तिरंगा: भारतीय वाटर पोलो टीम एशियन एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में विवाद, मंत्रालय ने मांगी रिपोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**

अहमदाबाद में चल रही एशियन एक्वाटिक्स चैंपियनशिप के दौरान भारत की मेंस वॉटर पोलो टीम विवादों में घिर गई है। मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों के स्वीमिंग ट्रंक (तैराकी की आधिकारिक ड्रेस) पर भारत का तिरंगा लगा हुआ था। इसे लेकर राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने के आरोप लगे हैं। नियमों के अनुसार, ध्वज को स्विमिंग कैप पर लगाया जाना चाहिए था। मंत्रालय और आईओए ने रिपोर्ट मांगी खेल मंत्रालय और भारतीय ओलिंपिक संघ ने स्विमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया से रिपोर्ट मांगी है। अधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों को तिरंगा ट्रंक पर नहीं, बल्कि कैप पर लगा। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के चार्टर के अनुसार, खिलाड़ियों या टीमों के लिए राष्ट्रीय झंडा लगाना अनिवार्य नहीं है। यह पूरी तरह खिलाड़ियों और उनके देश की पसंद पर निर्भर करता है।



### वर्ल्ड एक्वाटिक्स का नियम क्या कहता है?

एसएफआई ने अपना बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने वर्ल्ड एक्वाटिक्स के नियमों के अनुसार ही कार्य किया। इन नियमों के मुताबिक, आप अपने देश के झंडे को स्विमिंग किट पर कही भी लगा सकते हो। वहीं भारतीय संविधान के अनुसार, टूर्नामेंट में देश का झंडा और कोड स्विम कैप पर 32 वर्ग सेंटीमीटर तक के आकार में लगाया जा सकता है।



# भारत ने डिजिटल टेक्नोलॉजी का किया लोकतंत्रीकरण हर नागरिक की पहुंच हुई संभव : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**मुंबई (आईएएनएस)**



**प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भागीदार देश के रूप में यूनाइटेड किंगडम की भागीदारी का भी स्वागत किया**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण करने में सफल रहा है और इससे देश के हर कोने में, हर नागरिक के लिए टेक्नोलॉजी की पहुंच आसान हुई है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2025 में बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अब दुनिया के सबसे तकनीकी रूप से समावेशी समाजों में से एक है। प्रधानमंत्री ने कहा, "पिछले एक दशक में भारत ने टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। आज के भारत ने दिखाया है कि टेक्नोलॉजी केवल सुविधा का साधन नहीं है, बल्कि समानता सुनिश्चित करने का भी एक साधन है। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल समावेशन ने विभिन्न सामाजिक और आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों को सशक्त बनाया है। भारतीय रिजर्व बैंक के डिजिटल करेंसी इनिशिएटिव का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि केंद्रीय बैंक की डिजिटल करेंसी से वित्तीय लेनदेन बेहतर होंगे और भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर और फिनटेक इनोवेशन को अपनाने से भारत में शासन और वित्तीय समावेशन में व्यापक बदलाव आया है। मुंबई को "ऊर्जा, उद्यम और अनंत संभावनाओं का शहर" बताते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत की फिनटेक सफलता इसकी इनोवेशन और समावेशिता की भावना में निहित है। प्रधानमंत्री ने कहा, "हमने छोटे गांवों से लेकर बड़े महानगरों तक, हर नागरिक के लिए तकनीक उपलब्ध कराई है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि डिजिटल क्रांति में कोई भी पीछे न छूटे। प्रधानमंत्री मोदी ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2025 में भागीदार देश के रूप में यूनाइटेड किंगडम की भागीदारी का भी स्वागत किया। इस अवसर पर ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर की उपस्थिति में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच यह साझेदारी वैश्विक वित्तीय परिदृश्य को बेहतर बनाएगी। इससे पहले, भारत-ब्रिटेन सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि भारत अपने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को निजी भागीदारी के लिए खोल रहा है। उन्होंने ब्रिटिश निवेशकों को भारत की विकास यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण देते हुए कहा, "इसने भारत-ब्रिटेन सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के नए अवसर पैदा किए हैं। हम चाहते हैं कि वित्त और फिनटेक के लिए ब्रिटेन भारत की पहली पसंद बने।

## सीजन की शुरुआत से पहले शेयर बाजार हरे निशान में बंद



**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 398.44 अंक या 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,172.10 और निफ्टी 135.65 अंक या 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ 25,181.80 पर था। बाजार को ऊपर खींचने का काम मेटल और आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी मेटल 2.17 प्रतिशत और निफ्टी आईटी इंडेक्स 1.12 प्रतिशत की मजबूत बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी फार्मा (1.05 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (0.74 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (0.45 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (0.61 प्रतिशत) और निफ्टी इन्फ्रा (0.67 प्रतिशत) की मजबूती के साथ बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में खरीदारी हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 563.10 अंक या 0.97 प्रतिशत की मजबूती के साथ 58,429.85 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 109.65 अंक या 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,000.25 पर था। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की ओर से शाम को सितंबर तिमाही के नतीजे जारी किए जाएंगे। इसके साथ ही दूसरी तिमाही के नतीजों के सीजन की शुरुआत हो जाएगी। रतन टाटा की पहली पुण्यतिथि के चलते टीसीएस इस बार नतीजों के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करेगी। सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, बीईएल, सन फार्मा, टीसीएस, इटरनल (जोमैटो), एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट और इन्फोसिस टॉप गेनर्स थे।

## कच्छ के रेगिस्तान से सौराष्ट्र के तट तक गुजरात भारत के ऊर्जा परिदृश्य को दे रहा आकार : करण

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**



अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के प्रबंध निदेशक करण अदाणी ने गुरुवार को कहा कि भारत क्लीनर और सस्टेनेबल भविष्य की ओर बढ़ रहा है और गुजरात देश के ऊर्जा परिवर्तन में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। 'वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस' को संबोधित करते हुए करण अदाणी ने कहा कि कच्छ के रेगिस्तान से सौराष्ट्र के तट तक राज्य कल के ऊर्जा परिदृश्य को आकार दे रहा है। करण अदाणी ने कहा, "अदाणी समूह में, अदाणी ग्रीन एनर्जी के माध्यम से हमें इस परिवर्तन का हिस्सा बनने पर गर्व है। हम गुजरात के खावड़ा में 30,000 मेगावाट की क्षमता वाली दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा सुविधा का निर्माण कर रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि अदाणी समूह सोलर, विंड, कॉपर, ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन पीवीसी में मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम का निर्माण कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत का हरित परिवर्तन वास्तव में 'आत्मनिर्भर' और फ्यूचर रेडी हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के दूरदर्शी नेतृत्व में, गुजरात भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन गया है।

## भारत-यूके में व्यापार समझौता, दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच साझा विकास और समृद्धि रोडमैप : पीएम मोदी

**मुंबई (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत-यूके के बीच व्यापार समझौता दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच साझा विकास और समृद्धि रोडमैप है। यह मार्केट एक्सेस के साथ दोनों देशों के एमएसएमई को मजबूती देगा और लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा। देश की आर्थिक राजधानी में भारत-यूके सीईओ फोरम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, "आज हमारा द्विपक्षीय व्यापार लगभग 56 अरब डॉलर का है। हमने 2050 तक इसे दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। मुझे विश्वास है कि हम इस लक्ष्य को निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर लेंगे। भारत राजनीतिक स्थिरता और व्यापक मांग प्रदान करता है।

इन्फ्रास्ट्रक्चर और वित्त से लेकर फार्मास्यूटिकल्स तक, यहां हर क्षेत्र में बड़े अवसर मौजूद हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण सेक्टर्स में भारत की बढ़ती क्षमता का जिक्र करते हुए कहा, "हमारी अर्थव्यवस्था सुधारों की राह पर है और स्थिरता एवं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।

## टीसीएस का मुनाफा दूसरी तिमाही में 5 प्रतिशत कम होकर 12,131 करोड़ रुपए रहा

**मुंबई (आईएएनएस)**

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 26 की दूसरी तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 5 प्रतिशत कम होकर 12,131 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछली तिमाही में 12,819 करोड़ रुपए था। हालांकि, सालाना आधार पर कंपनी के मुनाफे में बढ़त देखी गई है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 11,955 करोड़ रुपए था। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि जुलाई-सितंबर तिमाही में ऑपरेशंस से आय 65,799 करोड़ रुपए रही है, जो कि पिछली तिमाही (अप्रैल-जून) की ऑपरेशंस से आय 63,437 करोड़ रुपए से 3.7 प्रतिशत अधिक है। कंपनी का कुल खर्च जुलाई-सितंबर अवधि में तिमाही आधार पर 1,345 करोड़ रुपए बढ़कर 49,463 करोड़ रुपए हो गया है।

## सोने व चांदी में तूफानी तेजी, एक दिन में करीब 7,000 रुपए तक बढ़े दाम

**मुंबई (आईएएनएस)**

सोने और चांदी में तूफानी तेजी का दौर जारी है। गुरुवार को 24 कैरेट के



10 ग्राम सोने का दाम 500 रुपए से अधिक और चांदी की कीमत में करीब 7,000 रुपए प्रति किलो का इजाफा हुआ है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के मुताबिक, 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर 1,22,629 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि इससे पहले बुधवार को 1,22,098 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 24 कैरेट सोने में 24 घंटों में 531 रुपए प्रति 10 ग्राम की तेजी आई है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 1,12,328 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,11,842 रुपए प्रति 10 ग्राम पर थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 91,972 रुपए हो गया है, जो कि पहले 91,574 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी तेजी देखी गई है और यह ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई है। चांदी का दाम 6,850 रुपए बढ़कर 1,59,550 रुपए प्रति किलो था। आईबीजेए की ओर से सोने और चांदी की कीमतों को दिन में दो बार सुबह और शाम अपडेट किया जाता है।